# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com जबलपुर, बुधवार 5 मार्च 2025


पीएम मोदी ने वनतारा वाइल्डलाइफ का किया उद्घाटन



## पीएम ने कांच की दीवार के पीछे चहलकदमी करते शेरों के साथ बिताए कुछ पल

# भारत का 'छावा'

(भाजपा ने पीएम मोदी को लेकर एक्स पर किया यह पोस्ट)



आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी

## फाइनल में टीम इंडिया



### ऑस्ट्रेलिया को चार विकेट से हराया विराट की फिफ्टी, राहुल का तूफान

एजेंसी ⏭ दुबई

आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के फाइनल में भारत ने एंट्री कर ली। पहला सेमीफाइनल मुकाबला भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच दुबई में खेला गया। मैच में ऑस्ट्रेलिया के कप्तान स्टीव स्मिथ ने टॉस जीता और पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। इसके बाद कंगारू टीम ने 265 रनों का टारगेट दिया। जवाब में भारतीय टीम ने 6 विकेट गंवाकर टारगेट पूरा किया। भारतीय टीम की शुरुआत बेहद खराब रही थी। इसके बाद विराट कोहली ने श्रेयस अय्यर के साथ मिलकर 111 गेंदों पर 91 रनों की पार्टनरशिप कर टीम को संभाला।

### काली पट्टी बांधकर उतरी टीम इंडिया

पद्माकर शिवालकर के सम्मान में टीम इंडिया बांह पर काली पट्टी बांधकर उतरी। बाएं हाथ के स्पिनर शिवालकर देश के सर्वश्रेष्ठ स्पिनरों में से एक थे, जिन्हें कभी राष्ट्रीय टीम के लिए खेलने का मौका नहीं मिला। उनका सोमवार को यहां उम्र संबंधी समस्याओं के कारण निधन हो गया।





inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366


संघ प्रमुख डॉ. भागवत ने शारदा विहार आवासीय विद्यालय में पूर्णकालिक कार्यकर्ता अभ्यास वर्ग का किया शुभारंभ

# बदलावों को सनातन के आलोक में दिशा मिले, भारत ही विश्व को 'राह' दिखाएगा

डॉ. भागवत ने कहा कि हमारे समाज में कई विचारधाराएं हैं और हमें उन लोगों को भी साथ लेकर चलना है जो हमारे विचारों से सहमत नहीं हैं



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने मंगलवार को विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान (वीबीएबीएसएस) के पूर्णकालिक कार्यकर्ताओं के पंचदिवसीय प्रशिक्षण शिविर का औपचारिक उद्घाटन किया। यह शिविर भोपाल स्थित सरस्वती विद्या मंदिर आवासीय विद्यालय, शारदा विहार में आयोजित किया गया है। उन्होंने कहा कि विश्व में हो रहे सामाजिक, सांस्कृतिक और वैचारिक बदलावों को भारत की सनातन परंपरा के आलोक में दिशा देने की आवश्यकता है। आज जब वैश्विक परिदृश्य में कई विकृतियां उभर रही हैं, तब भारत ही वह ध्रुव तारा है जो सही दिशा प्रदान कर सकता है। इसके लिए समाज और राष्ट्र के सर्वांगीण विकास हेतु भारतीय परंपराओं पर आधारित शिक्षा, संस्कृति और नीति निर्माण को बढ़ावा देना आवश्यक है। आज विश्व भारत की ओर आशा भरी दृष्टि से देख रहा है।

हमें केवल आर्थिक प्रगति तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि मानवता, करुणा और सत्य जैसे मूलभूत सिद्धांतों पर आधारित समाज का निर्माण करना चाहिए



हमें ऐसी शिक्षा प्रणाली विकसित करनी होगी जो व्यक्ति के चरित्र निर्माण में सहायक हो

### विद्या भारती राष्ट्रीय पुनर्निर्माण का एक अभिन्न अंग

डॉ. भागवत ने कहा कि विद्या भारती केवल शिक्षा प्रदान करने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह राष्ट्रीय पुनर्निर्माण का एक अभिन्न अंग है। उन्होंने कहा कि संघ केवल शाखा संचालन तक सीमित नहीं रहा, बल्कि समाज परिवर्तन की दिशा में कार्य कर रहा है। विद्या भारती के कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण हमारा मुख्य लक्ष्य है, जिससे वे शिक्षा के माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन ला सकें। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के सभी बिंदुओं को सम्मानित करते हुए, संगठन के लक्ष्यों में कुछ नई बातों को जोड़ने का भी प्रावधान किया गया है।

### विमर्श का स्वरूप बदलना आवश्यक

डॉ. भागवत ने कहा कि विमर्श का स्वरूप बदलना भी एक महत्वपूर्ण कार्य है। हमें सकारात्मक सोच और रचनात्मक विचारों के माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए काम करना चाहिए। विद्या भारती द्वारा किए जा रहे कार्यों का वैश्विक स्तर पर प्रभाव देखा जा रहा है। हमें केवल आर्थिक प्रगति तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि मानवता, करुणा और सत्य जैसे मूलभूत सिद्धांतों पर आधारित समाज का निर्माण करना चाहिए।

### टेक्नोलॉजी की मानवीय नीति आवश्यक

डॉ. भागवत ने कहा कि आज के समय में तकनीक समाज के हर क्षेत्र में अपना प्रभाव डाल रही है। हमें टेक्नोलॉजी के लिए एक मानवीय नीति बनानी होगी। उन्होंने कहा कि आधुनिक विज्ञान और तकनीक में जो कुछ गलत है, उसे छोड़ना पड़ेगा और जो अच्छा है, उसे स्वीकार कर आगे बढ़ना होगा। उन्होंने भारत की सांस्कृतिक विशेषता पर जोर देते हुए कहा कि हमें विविधता में एकता बनाए रखनी होगी। भारत की संस्कृति ने हमेशा सभी को जोड़ने का कार्य किया है, और इसे बनाए रखना हमारा कर्तव्य है। प्रत्येक व्यक्ति को यह समझना चाहिए कि वह समाज का अभिन्न अंग है और समाज भी उसका एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। हमारी शक्ति और संसाधन केवल अपने लिए नहीं, बल्कि समस्त समाज की उन्नति के लिए समर्पित होने चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारे समाज में कई विचारधाराएँ हैं और हमें उन लोगों को भी साथ लेकर चलना है जो हमारे विचारों से सहमत नहीं हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी का भी मत भिन्न हो सकता है, लेकिन कार्य की दिशा सही होनी चाहिए।

पांच बड़े कारोबारियों के ठिकानों पर आयकर छापा



# विवाह के 'स्टीकर' लगी गाड़ियों से पहुंचे थे अफसर, दरवाजे बंद किए तो सीढ़ी लगाकर अंदर घुसे

50 गाड़ियों में सवार होकर दो दर्जन से ज्यादा अधिकारियों ने धावा बोला

सतना के अलावा जबलपुर दिल्ली और रायपुर में चल रहा छापा

बड़े पैमाने पर कारोबार में हेरफेर करने वाले दस्तावेज जब्त किए गए



मनोज रजक ⏭ सतना

आयकर विभाग ने मंगलवार को तड़के सतना शहर के पांच बड़े कारोबारियों के ठिकानों पर छापामार कार्रवाई की। 50 गाड़ियों में सवार होकर दो दर्जन से ज्यादा अधिकारी व्यापारियों के घर और दफ्तर पहुंचे। अधिकारी कहीं पर मुख्य दरवाजे से घर के भीतर पहुंचे तो कुछ जगहों पर सीढ़ी लगाकर बालकनी से घर के अंदर पहुंचकर छापामार कार्रवाई की।

गाड़ियों में शादी और ट्रेवल्स एजेंसी के स्टीकर लगे हुए थे। कुछ गाड़ियां भोपाल के नंबरों की और कुछ गाड़ियां जबलपुर के नंबरों की थीं। यह कार्रवाई सतना के अलावा जबलपुर, दिल्ली और छत्तीसगढ़ के रायपुर में भी चल रही है। टीम को बड़े पैमाने पर कारोबार में हेरफेर करने वाले दस्तावेज मिले हैं। जिनकी गहन जांच की जा रही है।

### कहां और किसके घर पर कार्रवाई

*अधिकारियों की टीम तड़के 5 बजे सिविल लाइन स्थित इनकम टैक्स ऑफिस पहुंची थी। इसके बाद 6 बजे एक साथ पांच ठिकानों पर दबिश दी गई। अधिकारियों ने सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के गोशाला चौक मुख्य मार्ग पर स्थित सीताराम अग्रवाल उर्फ रामू दलाल के घर और दफ्तर पर छापा मारा। सिविल लाइन थाना क्षेत्र स्थित मास्टर प्लान में अजय मल्होत्रा के घर पर छापामार कार्रवाई की गई। कोलगवा थाना क्षेत्र के आदर्श नगर कॉलोनी में स्थित संतोष गुप्ता, सीताराम पेट्रोल टंकी के पीछे सुनील सेनानी और बिड़ला रोड स्थित सुरेश कुमार रामकुमार के घर पर कार्रवाई प्रारंभ की गई जो दिए रात तक चलती रही। सीताराम अग्रवाल उर्फ रामू दलाल होटल और प्रॉपर्टी के पुराने कारोबारी हैं। इनका पुश्तैनी हुंडी का कारोबार भी है।*

### ऐसा था कार्रवाई का नजारा

पांचों जगहों पर जब इनकम टैक्स की कार्रवाई प्रारंभ हुई तो पहले तो कारोबारियों के घर और दफ्तर के सामने बड़ी-बड़ी गाड़ियां जाकर खड़ी हो गईं। अधिकारी गाड़ियों से उतरकर भीतर चले गए। उसके बाद एक दो दो गाड़ियां जहां-तहां आती जाती रही। सीताराम अग्रवाल के यहां दोपहर के वक्त महिला पुलिस को बुलाया गया था। वर्दी धारी सुरक्षा जवानों ने कारोबारियों के ठिकारों के मुख्य दरवाजों को बंद कर दिया था।

## खबर संक्षेप

### दो हिस्सों में बंट गई नंदन कानन एक्सप्रेस



**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के चंदौली में बड़ा ट्रेन हादसा हुआ है। लेकिन अच्छी बात यह रही कि किसी के घायल होने की खबर नहीं आई है। आनंद विहार से पुरी जा रही नंदन कानन एक्सप्रेस ट्रेन जा रही थी और रास्ते में हादसे का शिकार हो गई। ट्रेन की स्लीपर एस 4 बोगी का कपलिंग अचानक टूट गया, जिसके बाद ट्रेन दो हिस्सों में टूट गई। ट्रेन डीडीयू जंक्शन से लगभग 6 किमी आगे बढ़ी थी तभी घटना हुई। बाद में ट्रेन के दोनों हिस्सों को जोड़ा गया।

### समय रैना भाग गया और मजाक बना रहा



**नई दिल्ली।** 'इंडियाज गॉट लेटेंट' शो से जुड़े वल्गर कॉमेडी विवाद में सुप्रीम कोर्ट ने यूट्यूबर रणवीर इलाहबादिया और आशीष चंचलानी की याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए समय रैना का जिक्र किया। कोर्ट ने कहा कि विवाद से जुड़े चार लोगों में से एक कनाडा भाग गया। कोर्ट ने कहा कि ये यंग जेनेरेशन खुद को बहुत ओवर स्मार्ट समझती है। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने ने कहा, 'हां, खुद विदेश भाग गया और कार्यवाही का मजाक बना रहा है।

इस नाविक परिवार के पास 130 नौकाएं थी

# 45 दिन में कमाए 23 लाख...सीएम योगी ने सुनाई महाकुंभ के नाविक की 'सक्सेस' स्टोरी

महाकुंभ में करोड़ों लोग आए और छेड़खानी लूट, हत्या जैसी कोई अप्रिय घटना नहीं हुई

एजेंसी ⏭ लखनऊ

उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को विधानसभा में प्रयागराज में आयोजित हुए महाकुंभ को लेकर अपनी सरकार की उपलब्धियां गिनाईं।

उन्होंने कहा कि महाकुंभ में करोड़ों लोग आए और छेड़खानी, लूट, हत्या जैसी कोई अप्रिय घटना नहीं हुई। इस दौरान उन्होंने एक नाविक की सफलता की कहानी भी शेयर की। उन्होंने बताया कि एक नाविक परिवार जिसके पास 130 नौकाएं थीं। 45 दिन में उन्होंने 23



लाख रुपए की कमाई की। प्रतिदिन की आप कमाई देखें उनकी 50 से लेकर 52 हजार की इनकम थी। एक नाव से उनकी प्रतिदिन के हिसाब से 50 हजार से लेकर 52 हजार तक की इनकम थी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा क्‍ि हम सबका साथ, सबका विकास की बात करते हैं। 45 दिनों के आयोजन ने भारत की विरासत और विकास की एक अनुपम छाप न केवल भारत बल्कि पूरी दुनिया में छोड़ी है।

इस कार्यक्रम के सफल आयोजन की गूंज दुनिया में लंबे समय तक सुनाई देगी। ये हमारे सनातन धर्म के लिए गौरव की बात है। ये सिर्फ आध्यात्मिक उपलब्धि नहीं है बल्कि इस आयोजन से हमारी अर्थव्यवस्था को साढ़े तीन लाख करोड़ का लाभ होने की उम्मीद है।

### पेट फोनः दूर से भी पालतू जानवरों से हो सकेगी बात



**नई दिल्ली।** एमडब्ल्यूसी 2025 के इवेंट में कई अनोखी टेक्नोलॉजी और प्रोडक्ट्स इंट्रोड्यूस हो रहे हैं। ऐसा ही एक प्रोडक्ट यू क्लॉउड ने पेश किया है। ब्रांड ने पेट्स के लिए फोन लॉन्च किया है। ये दुनिया का पहला पेटफोन है। जो पेट्स के लिए बनाया गया है। इस फोन से पेट और उसके मालिक के बीच बातचीत हो सकती है। फोन में एआई पावर्ड लाइव कॉल्स, जीपीएस की सुविधा है।

## मोहन कैबिनेट की बैठक में दर्जन भर मुद्दों को मंजूरी

अब छोटे बच्चों की पढ़ाई लिखाई 6 वर्ष के बजाए 3 वर्ष से ही शुरू होगी

# सक्षम आंगनवाड़ी एवं पोषण 2.0 योजना में अब पोषण भी-पढ़ाई भी

इसके लिए केंद्र सरकार आंगनवाड़ी केंद्रों से दो पाठ्यक्रम संचालित करेगी

इसमें पहला आधारशिला व दूसरा नवचेतना होगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मप्र में नई शिक्षा नीति के तहत अब छोटे बच्चों की पढ़ाई-लिखाई 6 वर्ष के बजाए 3 वर्ष से ही शुरू होगी। इसके लिए केंद्र सरकार ने आंगनवाड़ी केंद्रों से दो पाठ्यक्रम संचालित करेगी। इसमें पहला पाठ्यक्रम 'आधारशिला' व दूसरे पाठ्यक्रम 'नवचेतना' को लागू करने का निर्णय लिया गया है। इसके लिए मप्र कैबिनेट ने केन्द्र प्रवर्तित सक्षम आंगनवाड़ी एवं पोषण 2.0 योजना के तहत पोषण भी-पढ़ाई भी प्रशिक्षण कार्यक्रम को मंजूरी दी है।



### पुरातन संस्कृति के अनुसार आंगनवाड़ियों में बच्चों को दी जाएगी शिक्षा

*मप्र कैबिनेट ने इसके लिए भारत सरकार के मापदंडों अनुसार 30 करोड़ 56 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। इसका उद्देश्य बाल्यावस्था के प्रथम एक हजार दिवस में प्रारंभिक उद्दीपन, 3 से 6 वर्ष के आयु वर्ग के लिए ईसीसीई (देखभाल व शिक्षा) को बढ़ावा देना, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को ईसीसीई एवं शैक्षिणक दृष्टिकोण की बुनियादी समझ विकसित करना, खेल आधारित उच्च गुणवत्ता प्रदान करना है। इसका लक्ष्य, कार्यकर्ताओं का क्षमता संवर्धन एवं परियोजना में एक बाल विकास परियोजना अधिकारी 3 पर्यवेक्षकों को मास्टर ट्रेनर बनाना है।*




## मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का अधिकारियों को निर्देश

# शिकायतों पर तुरंत होगी कार्रवाई, 31 मार्च तक रिपोर्ट पेश करें

### राजनीतिक दलों के साथ नियमित बैठक की जाए, मुद्दों को हल भी करें

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के आरोपों के बाद चुनाव आयोग ने अपनी पूरी मशीनरी को सक्रिय कर दिया है। चुनाव आयोग ने मंगलवार को राज्यों में अपनी चुनाव मशीनरी को सियासी दलों के साथ नियमित बैठक करने और प्रक्रिया के मुताबिक सभी मुद्दों को हल करने का निर्देश दिया है। आयोग ने राज्य चुनाव अधिकारियों के एक सम्मेलन में यह निर्देश दिया है। सम्मेलन के पहले दिन मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने राज्य चुनाव अधिकारियों को 31 मार्च तक मुद्दावार कार्रवाई रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया है। उन्होंने अधिकारियों से पारदर्शी तरीके से काम करने और सभी वैधानिक दायित्वों को मौजूदा कानूनी ढांचे के अनुसार पूरी लगन से पूरा करने की अपील की। उन्होंने अधिकारियों को राजनीतिक दलों के प्रति सुलभ और उत्तरदायी होने का निर्देश दिया।

*आयोग ने कहा- मतदाताओं के प्रति विनम्र व्यवहार करें*

*राजनीतिक दलों के प्रति सुलभ और उत्तरदायी भी बनें*

*अधिकारी अपनी जिम्मेदारी के प्रति सजग रहें*

» चुनाव आयोग ने राज्यों में अपनी चुनाव मशीनरी को सियासी दलों के साथ नियमित बैठक करने और प्रक्रिया के मुताबिक सभी मुद्दों को हल करने का निर्देश दिया है

**केंद्रीय और राज्य अधिकारी अपनी भूमिका का सही निर्वहन करें**



मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि सभी दलों की बैठक नियमित रूप से आयोजित की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि सभी मुख्य निर्वाचन अधिकारियों, जिला निर्वाचन अधिकारियों और रिटर्निंग अधिकारियों और निर्वाचक पंजीकरण अधिकारियों को अपनी भूमिकाओं और जिम्मेदारियों के प्रति पूरी तरह सजग रहना होगा।

### टीएमसी के आरोपों को नकारा


टीएमसी ने आरोप लगाया है कि कई राज्यों के मतदाताओं के पास मतदाता पहचान पत्र एक ही नंबर के हैं। आयोग ने कहा कि कुछ मतदाताओं के मतदाता फोटो पहचान पत्र के नंबर एक समान हो सकते हैं। मगर जनसांख्यिकी, विधानसभा क्षेत्र और मतदान केंद्र अलग-अलग होंगे। रविवार को चुनाव आयोग ने कहा था कि इस समस्या को ठीक करेगा। वह अपने तकनीकी प्लेटफॉर्म को भी अपडेट करेगा। आयोग ने कहा कि डुप्लीकेट नंबर का मतलब यह जरूरी नहीं है कि मतदाता नकली हों।

### टीएमसी ने आयोग का स्पष्टीकरण किया खारिज

टीएमसी ने चुनाव आयोग के स्पष्टीकरण को खारिज कर दिया है। पार्टी का कहना है कि दो वोटर आईडी कार्ड के नंबर एक नहीं हो सकते हैं। पार्टी का आरोप है कि मतदाता पहचान पत्र जारी करने में घोटाला हुआ है। टीएमसी ने अपने दावे के समर्थन में निर्वाचन पंजीकरण अधिकारियों को दी जाने वाली आयोग की पुस्तिका के कुछ अंशों को साझा किया और कहा कि पुस्तिका के मुताबिक वोटर आईडी कार्ड के नंबर एक समान नहीं हो सकते हैं।मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने 18 साल से अधिक उम्र के सभी लोगों को बतौर मतदाता पंजीकृत करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि बूथ स्तर के अधिकारियों को मतदाताओं के साथ विनम्र व्यवहार करना चाहिए। उनके इसका प्रशिक्षण भी दिया जाए।

## खबर संक्षेप

### पिता ने गुटखा को नहीं दिए 10 रु. तो सिर काटा



**मयूरभंज।** ओडिशा के मयूरभंज जिले में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है. यहां एक 40 वर्षीय व्यक्ति ने अपने 70 साल के पिता की सिर्फ 10 रुपए नहीं देने पर बेरहमी से हत्या कर दी। आरोपी ने अपने पिता बैधार सिंह की तेज हथियार से हत्या कर दी और फिर कटा हुआ सिर लेकर सीधे पुलिस स्टेशन पहुंच गया।

### खाटूश्यामजी मेले की दुकान में लगी आग



**सीकर।** खाटू मेला 2025 के दौरान मंगलवार को खाटूश्यामजी के मुख्य बाजार में एक दुकान में अचानक आग लग गई, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। आग से अन्य दुकानों को भी नुकसान पहुंचने का खतरा उत्पन्न हो गया।स्थानीय लोग और दुकानदार मौके पर पहुंचे और दमकल विभाग को सूचित किया।

### दिल्ली में बांस पौधरोपण एलजी ने की शुरुआत



**नई दिल्ली।** दिल्ली में उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने बांस पौधरोपण का उद्घाटन किया। न्होंने कहा कि यह कदम पिछले दो सालों में किए गए कठिन प्रयासों का परिणाम है, जिसमें जमीन को खाली किया गया। 2000 बांस के पौधे लगाए गए। डेढ़ महीने में लगभग 54,000 पेड़ लगाए जाने का लक्ष्य है।

### भाजपा नेता अवधेश ने पंखे से लटककर दी जान



**नई दिल्ली।** उत्तर पूर्वी जिले के भाजपा उपाध्यक्ष व पूर्व जोन चेयरमैन ठाकुर अवधेश कुमार ने यमुना विहार स्थित पार्टी के जिला कार्यालय में फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। बताया जा रहा घटना के वक्त कोई कार्यालय में नहीं था। भजनपुरा थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जीटीबी अस्पताल भेजा। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है।

## पीएम मोदी ने पोस्ट-बजट बेबिनार को किया संबोधित, बोले

# उद्यम क्षेत्रों की संख्या बढ़कर हो गई 6 करोड़ के पार, रोजगार के अवसर भी बढ़ रहे 'अपार'

**लोन वितरण के लिए नए तरीके अपनाने की जरूरत पर जोर दिया**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र पर बजट के बाद वेबिनार को संबोधित किया। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि देश में एमएसएमई की संख्या आज बढ़कर 6 करोड़ से भी ज्यादा हो गई है। इसी के साथ करोड़ों लोगों को रोजगार के अवसर मिले हैं। रोजगार में अपार संभावनाएं बढ़ती जा रही हैं।

पीएम मोदी ने पोस्ट-बजट वेबिनार के मंच से सभा को वर्चुअली संबोधित करते हुए कहा कि 2020 में हमने एमएसएमई की परिभाषा में संशोधन किया। यह 14 साल बाद किया गया। इससे यह डर दूर हो गया कि बढ़ते कारोबार से सरकारी लाभ खत्म हो जाएंगे। एमएसएमई को निरंतर आगे बढ़ते रहने का आत्मविश्वास मिले, इसके लिए इस बजट में एमएसएमई की परिभाषा का विस्तार किया गया है। उन्होंने लोन वितरण के लिए नए तरीके अपनाने की जरूरत पर जोर दिया।



**कम लागत और समय पर लोन मिलना सुनिश्चित होगा**

उन्होंने कहा कि नए तरीकों के साथ एमएसएमई को कम लागत और समय पर लोन मिलना सुनिश्चित हो सकेगा। उन्होंने उद्योगों को एमएसएमई को सहयोग देने के क्रम में मेंटरशिप कार्यक्रम शुरू करने को कहा। बजट में एमएसएमई के लिए क्रेडिट गारंटी कवर को 5 करोड़ से बढ़ाकर 10 करोड़ कर दिया गया था।

### 14 सेक्टर्स को पीएलआई योजना का लाभ

उन्होंने कहा कि आज 14 सेक्टर्स को पीएलआई योजना का लाभ मिल रहा है। इस योजना के तहत 7.5 करोड़ यूनिट को मंजूरी दी गई है। इससे देश में 1.5 लाख करोड़ रुपएसे ज्यादा का निवेश आया है और 13 लाख करोड़ से ज्यादा का उत्पादन हुआ है। इसी के साथ 5 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा का निर्यात हुआ है।

**'आत्मनिर्भर' से सुधार**

### भारत वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए विकास का इंजन

*उन्होंने कहा कि हमने आत्मनिर्भर भारत के विजन को आगे बढ़ाया और सुधारों की अपनी गति को और तेज किया। हमारे प्रयासों से अर्थव्यवस्था पर कोविड का प्रभाव कम हुआ। इससे भारत को तेज गति से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बनाने में मदद मिली। उन्होंने कहा की जब कोविड-19 महामारी के दौरान वैश्विक अर्थव्यवस्था धीमी हो गई तो भारत ने वैश्विक विकास को गति दी। यह आसानी से नहीं हुआ। हमने अपने सुधारों की गति को तेज किया और आत्मनिर्भर भारत के विजन की दिशा में काम किया। हमारे प्रयासों से कोविड-19 का हमारी अर्थव्यवस्था पर न्यूनतम प्रभाव पड़ा। आज भी भारत वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए विकास का इंजन है।*

### भारत की मैन्युफैक्चरिंग में रिसर्च और डेवलपमेंट को और गति देनी होगी

मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को लेकर पीएम मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि आज दुनिया का हर देश, भारत के साथ अपनी इकोनॉमिक भागीदारी को मजबूत करना चाहता है। उन्होंने मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर से इस पार्टनरशिप का ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाने के लिए आगे आने का आग्रह किया। उन्होंने भारत की मैन्युफैक्चरिंग यात्रा में रिसर्च और डेवलपमेंट (आरएंडडी) के अहम योगदान को भी रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि इसे आगे बढ़ाने और गति देने की जरूरत है। उन्होंने सुझाव दिया कि आरएंडडी से हम इनोवेटिव प्रोडक्ट्स पर फोकस कर सकते हैं और साथ ही प्रोडक्ट्स में वैल्यू एडिशन कर सकते हैं।



## सुप्रीम कोर्ट की अहम टिप्पणी

# महिला की याचिका खारिज की, कानूनी प्रक्रिया का 'गलत इस्तेमाल' बताया



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने एक रिटायर्ड सेना अधिकारी को राहत देते हुए उनके खिलाफ रेप का केस निरस्त कर दिया है। कोर्ट ने सुनवाई के दौरान पाया कि इसी तरह का आरोप लगाते हुए 8 दूसरे लोगों पर भी लगाते हुए एफआईआर दर्ज करवा रखी है। कोर्ट ने महिला को नोटिस भेज कर अपना पक्ष रखने का मौका दिया था, लेकिन उसने ऐसा नहीं किया।कई किताबें लिख चुके सेना के सेवानिवृत्त कैप्टन राकेश वालिया पर 39 साल की महिला ने 2021 में दिल्ली के महरौली थाने में बलात्कार की शिकायत दर्ज करवाई थी। महिला ने आरोप लगाया था कि उसे नशीली चीज खिला कर उसके साथ रेप किया गया। याचिकाकर्ता ने इसे पैसे की उगाही का हथकंडा बताते हुए दिल्ली हाई कोर्ट से मामला रद्द करने की मांग की थी, लेकिन हाई कोर्ट ने उन्हें राहत नहीं दी थी।

### एफआईआर करवाई तो जांच में सहयोग क्यों नहीं किया?

सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान दिल्ली पुलिस की तरफ से बताया गया कि महिला ने एफआईआर तो दर्ज करवा दी, लेकिन कभी भी जांच में सहयोग नहीं किया। सुनवाई के दौरान यह तथ्य भी सामने आया कि इस महिला ने अलग-अलग थानों में 8 लोगों के खिलाफ इसी तरह की एफआईआर दर्ज करवा रखी है। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस सुधांशु धुलिया और जस्टिस के विनोद चंद्रन की बेंच ने सभी बातों पर गौर करने के बाद कहा कि यह न्यायिक प्रक्रिया का दुरुपयोग है। याचिकाकर्ता को हाई कोर्ट से ही राहत मिल जानी चाहिए थी। इस टिप्पणी के बाद जजों ने रिटायर्ड आर्मी ऑफिसर के खिलाफ दर्ज एफआईआर निरस्त कर दी।

### » सुशील को दिल्ली हाई कोर्ट ने दी जमानत



दिल्ली हाई कोर्ट ने पहलवान सुशील कुमार को बड़ी राहत दी है। कोर्ट ने राजधानी के छत्रसाल स्टेडियम में पूर्व जूनियर राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियन सागर धनखड़ की हत्या से जुड़े मामले में सुशील को जमानत दे दी है? पहलवान सुशील और अन्य पर संपत्ति विवाद में धनखड़ और उनके दोस्तों पर जानलेवा हमला करने का आरोप है। अभियोजन पक्ष ने 200 गवाहों का हवाला दिया है, जबकि अब तक केवल 31 की ही गवाही हुई है।

## होली पर गांव जाने वालों की बेतहाशा भीड़ उमड़ी

# 10 दिन पहले ही उत्तर प्रदेश, बिहार व दिल्ली रूट पर मारामारी शुरू हो गई, 250 से ज्यादा वेटिंग

*साप्ताहिक गाड़ियों में भी कोई जगह नहीं बची*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश के अलग अलग हिस्सों से होली पर गांव जाने वालों की बेतहाशा भीड़ उमड़ रही है। उत्तर प्रदेश, बिहार, राजस्थान और दिल्ली की तरफ जाने वाली ट्रेन अभी से फुल हो गई हैं। अब ट्रेनों में कंफर्म टिकट नहीं मिल रहा। 14 मार्च को होली है।

ऐसे में यूपी-बिहार, राजस्थान, दिल्ली, ओडिशा, पश्चिम बंगाल से जाने वाले यात्रियों का सफर मुश्किल भरा होने वाला है। यूपी-बिहार और दिल्ली जाने वाले सभी ट्रेनों में वेटिंग अभी से 200 से 250 तक जा पहुंच गई है। 1 मार्च के बाद यूपी-बिहार जाने वाली लगभग सभी ट्रेनें वेटिंग में आ चुकी हैं, जबकि राजस्थान की ट्रेनों में भी सीटें नहीं हैं। बीकानेर, जयपुर, उदयपुर समेत अलग-अलग ट्रेनें पैक्ड हो चुकी हैं। मध्यप्रदेश के इंदौर, भोपाल, जबलपुर और छत्तीसगढ़ के रायपुर, बिलासपुर शहरों की तरफ जाने वाले ट्रेनों में भी वेटिंग आ गई है।

**सरकार आगामी दिनों में और स्पेशल ट्रेन चलाएगी**



*गुजरात, पश्चिम बंगाल, एमपी, महाराष्ट्र, दिल्ली और राजस्थान से यूपी-बिहार जाने वाली रेगुलर और साप्ताहिक ट्रेनों में भी जगह नहीं है। होली के लिए इन ट्रेनों में कंफर्म टिकट नहीं मिल रहा है। यात्रियों को अब कंफर्म टिकट के लिए अतिरिक्त विशेष ट्रेनों का इंतजार है। आगामी सप्ताह में सभी ट्रेनों के रिग्रेट होने की संभावना है। कई साप्ताहिक ट्रेनें भी पैक हो चुकी हैं। हालांकि, रेलवे अधिकारियों का कहना है कि फिलहाल ये सभी रेगुलर ट्रेनें हैं, जबकि आने वाले एक सप्ताह के भीतर और भी होली स्पेशल ट्रेन चलाएंगे।*

### » रेलवे ने परिचालन में विस्तार करने का दिया भरोसा

रेलवे की ओर से होली के समय नई दिल्ली से बिहार आने के लिए कुल छह जोड़ी ट्रेनों की सौगात मिली है। इन ट्रेनों में जल्दी बुकिंग करने से सीट मिलने की संभावना ज्यादा है। रेलवे ने यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर राजेंद्र नगर, दानापुर, गया, मुजफ्फरपुर एवं सहरसा से नई दिल्ली और आनंद विहार के लिए चलाई जा रही स्पेशल ट्रेन के परिचालन अवधि में विस्तार करने का निर्णय लिया गया है। इन सभी ट्रेनों की टाइमिंग पूर्व जैसी ही रहेगी।

# दिल्ली की हार पर 'झुंझलाहट' का छोड़ गए निशान, किसानों की बैठक छोड़ चले गए मान

### किसान संगठनों के साथ बैठक में दिखा चिरपरिचित बेबाक अंदाज

एजेंसी ▶▶ लुधियाना

दिल्ली विधानसभा चुनाव में हार के बाद पंजाब की आप सरकार में है। सरकार के तेवर बदले दिखाई दे रहे हैं, लेकिन मुख्यमंत्री भगवंत मान अपने चिरपरिचित बेबाक अंदाज में नजर नहीं आ रहे हैं बल्कि उनकी झुंझलाहट कई सवाल खड़े कर रही है।

जानकार मान रहे दिल्ली हार के बाद सीएम मान अंदरूनी तौर पर निशाने पर हैं। सोमवार को किसान संगठनों के साथ चल रही बैठक से सीएम के उठकर जाने के प्रकरण ने सूबे की सियासत को गरमा दिया है। मंगलवार को किसान नेताओं की धरपकड़ ने आग में घी डालने का काम किया है।पंजाब सरकार के खिलाफ कई जगह अर्थी फूंक प्रदर्शन किए गए। उगराहां यूनियन के महासचिव दरबारा सिंह ने इसे तानाशाही करार दिया है।



### आप का पंजाब पर ही फोकस

दिल्ली हार के बाद आप नेतृत्व चौकन्ना हो गया है और किसी भी हालत में पंजाब पर अपनी मजबूत पकड़ बनाए रखना चाहता है। यदि पंजाब में पकड़ ढीली पड़ी तो पार्टी के वजूद पर खतरा आ सकता है।

### उपचुनाव में संजीव के नामांकन पर उठे सवाल

सियासी जानकार मानते हैं कि दिल्ली की दखलंदाजी, पंजाबियों को भा नहीं रही है। इस पर अंकुश लगने से पंजाबियों का भरोसा बढ़ सकेगा। लुधियाना उपचुनाव में राज्यसभा सदस्य संजीव अरोड़ा को चुनाव मैदान में उतारने पर सवाल उठ रहे हैं। सियासी जानकारों का मानना है कि यदि उपचुनाव में जीत के बाद दिल्ली के किसी नेता को राज्यसभा में भेजा जाता है तो आप के प्रति आक्रोश पनप सकता है।

## अगले महीने से होगी कार्रवाई

# टैक्स चोरी की तो बचेंगे नहीं, ईमेल व सोशल मीडिया से होगी धरपकड़

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बजट में इनकम टैक्स छूट की सीमा को बढ़ाकर 12 लाख कर दिया गया है। सरकार की ओर से यह राहत ईमानदार टैक्सपेयर्स को दी गई है। हालांकि, टैक्स चोरी करने वाले टैक्सपेयर्स पर सरकार की टेढ़ी नजर है। सरकार की तैयारी 1 अप्रैल से लागू हो रहे नए फाइनेंशियल ईयर में टैक्स चोरी करने वाले टैक्सपेयर्स पर सख्ती बढ़ाने की है। इसके लिए नए आयकर कानून में भी आयकर विभाग को सोशल मीडिया अकाउंट, ईमेल, बैंक अकाउंट, ऑनलाइन निवेश अकाउंट, ट्रेडिंग अकाउंट और अन्य चीजों को खंगालने का अधिकार दिया गया है।

### इनकम टैक्स एक्ट 1961 के तहत अधिकार

वर्तमान में इनकम टैक्स अधिकारी को आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 132 के तहत टैक्सपेयर्स की निजी जानकारी जांच करने का अधिकार है।




सरकार ने इस अधिकार को न्यू इनकम टैक्स रिजीम में भी कोई बदलाव नहीं किया है। टैक्स चोरी का शक होने पर आयकर अधिकारी टैक्सपेयर्स की निजी जानकारी जांच पाएंगे। अगर किसी लॉकर की चाबियां उपलब्ध न हों और संदेह हो तो वे किसी भी दरवाजे, बक्से या लॉकर का ताला तोड़ सकते हैं।

## बिहार विधानसभा में सत्तापक्ष और विपक्ष में जमकर नोकझोंक, तू-तू मैं-मैं भी दिखी

# पहले यहां क्या था.... तुम्हारे पिता को हमने ही बनाया था

### सीएम नीतीश ने विपक्षी नेता तेजस्वी को सुनाई खरी-खरी

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार विधानसभा में नेताओं के बीच जमकर नोकझोंक हुई। सदन में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के बीच तीखी बहस भी देखने को मिली। नीतीश ने कहा कि पहले बिहार में क्या था? बिहार में 6सरकारी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल थे। उसे हमने बढ़ाया।

तुम्हारे (तेजस्वी यादव) पिता को मैंने ही बनाया है। तुम्हारी जाति के लोग भी मुझसे पूछ रहे थे कि मैं ऐसा क्यों कर रहा हूं, लेकिन मैंने फिर भी उनका समर्थन किया। नीतीश ने कहा कि ये लोग (राजद) उस समय (लालू राज) गड़बड़ कर रहे थे। ये लोग पिछड़ा-अति पिछड़ा को बंद करके केवल पिछड़ा करना चाहते थे, जिसका हमने विरोध किया। हमने कहा कि यह सब फालतू बात है। इस वजह 1994 में हम अलग हो गए।



### पहले कोई घर से नहीं निकल पाता था

सीएम नीतीश ने यह भी कहा कि बिहार में पहले शाम के बाद कोई घर से नहीं निकलता था। अब रात के 11 बजे तक चाहे लड़का हो या लड़की या महिला ही क्यों न हो सब बाहर निकलते हैं। हमने हर क्षेत्र में काम किया है।

### तेजस्वी के ये बोल — सरकार खटारा, सिस्टम नकारा, सीएम थका हारा...

राज्यपाल के अभिभाषण पर सरकार की तरफ से पेश किए गए धन्यवाद प्रस्ताव पर सदन में चर्चा के दौरान नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने अकहा कि राज्यपाल का भाषण कन्फ्यूज्ड था। राज्यपाल वह पढ़ते हैं जो सरकार लिख कर देती है। हमारी सरकार की उपलब्धियों को राज्यपाल के अभिभाषण में मौजूदा सरकार ने जोड़ दिया और अपनी उपलब्धी बता दी। नीतीश पर तंज कसते हुए कहा उन्हीं के स्टाइल में कहा कि 2005 से पहले कुछ था जी, संसार की उत्पत्ति तो 2005 के बाद ही हुई? तेजस्वी ने नीतीश कटाक्ष करते हुए कहा- सरकार खटारा। सिस्टम नकारा, सीएम थका हारा और आम आदमी फिर रहा मारा मारा। तेजस्वी ने कहा कि केंद्रीय बजट में 16 सांसदों वाले चंद्रबाबू नायडू 2 लाख करोड़ ले गए।



**खट्टर का ऐलान**

### नीतीश की अगुवाई में फिर बनेगी एनडीए की सरकार



केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने इस साल होने जा रहे बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर पार्टी का रुख साफ किया.खट्टर ने कहा कि हम लोग नीतीश कुमार के नेतृत्व में फिर से बिहार में एनडीए की सरकार बनाएंगे। इससे पहले दिलीप जायसवाल को बिहार भाजपा का अध्यक्ष चुना गया। पटना के बापू सभागार में प्रभारी केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने इसका ऐलान किया।उन्होंने इस दौरान 'बिहार है तैयार फिर से एनडीए सरकार' का नया नारा दिया। इस कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा समेत पार्टी के सभी वरिष्ठ नेता, विधायक और मंत्री शामिल हुए।

जबलपुर
बुधवार, 5 मार्च 2025
■ फाल्गुन मास शुक्ल पक्ष -6
■ वर्ष : 19, अंक : 300
■ पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00*

मौसम
अधि. 33
न्यून. 14

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



### हमारा जनजातीय समाज कभी नहीं डरा

मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने कहा कि जब कभी देश का खराब समय आया, जब भी देश के सामने कोई चुनौती आई, तो बाकी लोग भले ही दब गए होंगे, डर गए होंगे, लेकिन हमारा जनजातीय समाज नहीं डरा और चुनौतियों का छाती ठोंक कर मुकाबला किया। भगवान बिरसामुंडा, मामा टंट्याभील ने अंग्रेजों को धूल चटाई। हमने टंट्या मामा के नाम पर विश्वविद्यालय बनाया। रानी दुर्गावती ने जीवन में जो युद्ध लड़ा, वो जीता। गोंडवाना की इस रानी ने 51 युद्ध लड़े और अच्छे-अच्छों को पानी पिलाया। 52वें युद्ध में जब उन्होंने देखा कि युद्ध हार जाऊंगी तो किसी के शरीर छूने से पहले ही अपने प्राण त्याग दिए।

मुख्यमंत्री निवास में आयोजित हुआ जनजातीय देव लोक महोत्सव कार्यक्रम



मुख्यमंत्री डॉ. यादव का ऐलान

# जनजातीय समाज के 'प्रमुख उत्सव' अब राज्य सरकार बड़े स्तर पर मनाएगी

*हर जनजातीय कलाकार के बैंक खाते में 5-5 हजार रुपए डालने की घोषणा*

3 करोड़ 47 लाख की राशि से ग्राम सभाएं अपने-अपने देवस्थानों का विकास कर पाएंगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भगोरिया सहित जनजातीय समाज के प्रमुख उत्सव अब सरकार भी बड़े स्तर पर पर मनाएगी। हमारे जनजातीय समाज में गोंडी भाषा, कोरकू भाषा, भीली भाषा, भिलाला भाषा सहित कई भाषाएं हैं। इन भाषाओं की आवाज आत्मा से आती है। हमें भले ही इन भाषाओं के शब्द नहीं आते, लेकिन इनमें से प्रेम का रस टपकता है। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंगलवार को मुख्यमंत्री निवास पर आयोजित जनजातीय देव लोक महोत्सव के अवसर पर जनजातीय समाज के लिए घोषणा करते हुए कही।



### सभी खेतों में पानी पहुंचाएंगे बिजली की व्यवस्था करेंगे

डॉ. यादव ने कहा कि हमारी सरकार ने ढाई लाख वन अधिकार पत्र वितरित किए हैं। सभी खेतों में पानी पहुंचाएंगे। बिजली की व्यवस्था करेंगे। आने वाले 3 साल में सभी किसानों को सोलर पंप दिए जाएंगे। किसान खुद की बनाई बिजली से ही खेती और बागवानी कर पाएंगे। जनजातीय किसान अतिरिक्त बिजली सरकार को बेच सकेंगे। गेहूं उत्पादक किसानों को अब 2600 रुपए प्रति क्विंटल के भाव से उपार्जन का लाभ देंगे। धान उत्पादन किसानों को प्रति हेक्टेयर 4000 रुपए की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। सरकार दूध उत्पादन पर 5 रुपए प्रति लीटर बोनस भी प्रदान करेगी।

## खबर संक्षेप

### इंदौर जा रही बस में पथराव, यात्री की मौत



**रीवा।** रीवा से इंदौर आ रही बस पर सोमवार देर रात पथराव हुआ। बस की खिड़कियों के शीशे फूट गए। यह पथराव इंदौर के एक यात्री के लिए जानलेवा साबित हुआ। वह फिजियोथैरेपिस्ट था और रीवा में पदस्थ था। युवक अपने घर इंदौर आ रहा था, लेकिन घटना का शिकार हो गया। इस हादसे में अन्य यात्रियों को भी पथराव के कारण चोटें आई हैं। पथराव करने वाले युवक बाइक पर सवार होकर आए थे, माना जा रहा है कि बस ऑपरेटरों के आपसी विवाद के चलते यह पथराव हुआ। पत्थर बस चला रहे ड्राइवर पर किए गए थे।

### गूगल मैप में फिर दिया धोखा, नाले में गिरी कार



**नई दिल्ली।** एक बार फिर गूगल मैप की वजह से बड़ा हादसा हो गया है। ग्रेटर नोएडा में गूगल मैप के सहारे जा रहे स्टेशन मास्टर की कार 30 फीट गहरे नाले में जा गिरी। हादसे में स्टेशन मास्टर की मौत हो गई। वे शादी समारोह जा रहे थे। दिल्ली के मंडावली के रहने वाले स्टेशन मास्टर भारत भाटी की आईकार्ड से पहचान हुई।

### प्रेमी जोड़े ने दी जान जहर की शीशियां मिली



**जबलपुर।** सिहोरा थाना क्षेत्र के गांव दिनारी खमरिया में प्रेमी जोड़े ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली। दोनों के शव गांव के बाहर एक मैदान पर मिले, पास में ही जहर की तीन डिब्बी भी मौके से मिली है। कुछ दिनों बाद युवती का विवाह होना था। संभवतः इसी बात से दुखी होकर दोनों ने जहर खा लिया। मृतक अभिषेक पटेल का युवती से प्रेम प्रसंग चल रहा था।

**बिगड़े बोल :** क्रूर व वहशी बादशाह औरंगजेब को लेकर दिए गए बयान पर बवाल

# सपा नेता आजमी- वह हिंदुस्तान का राजा था कांग्रेस सांसद बोले-वह अत्याचारी नहीं था

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

समाजवादी पार्टी की महाराष्ट्र इकाई के अध्यक्ष अबू आजमी के मुगल शासक औरंगजेब को लेकर दिए गए बयान पर बवाल थमता नहीं दिखाई दे रहा है। वहीं, आजमी को महाराष्ट्र विधानसभा से निलंबित करने की भी मांग हो रही है। शिवसेना प्रमुख और राज्य के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने तो उन्हें देशद्रोही तक कह दिया है और कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

बयान पर विवाद होने के बाद अबू आजमी ने सफाई दी। विवाद के बाद अबू आजमी ने सफाई दी कि औरंगज़ेब रहमतुल्लाह अलेह के बारे में मैंने वही कहा है जो इतिहासकारों और लेखकों ने कहा है। मेरी इस बात से कोई आहत हुआ है तो मैं अपने शब्द, अपना स्टेटमेंट वापस लेता हूं। सहारनपुर से कांग्रेस के सांसद इमरान मसूद ने कहा है कि औरंगज़ेब हिंदुस्तान का बादशाह था और वह अत्याचारी शासक नहीं था।

◆ नौपाड़ा थाने में सपा नेता के खिलाफ एफआईआर दर्ज

◆ बवाल हुआ तो अबू आजमी ने अपना बयान वापस लिया

*नौपाड़ा थाने से केस मरीन ड्राइव थाने में भेज दिया है। वहां धारा 299, 302, 356(1), 356(2) बीएनएस के तहत सीआर नंबर 59/25 के तहत एफआईआर दर्ज की गई*



आजमी को महाराष्ट्र विधानसभा से निलंबित करने की भी मांग

शिवसेना प्रमुख व उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा- देशद्रोही

**क्या कहा था अबू आजमी ने?**

### औरंगजेब ने कई मंदिर बनवाए

अबू आजमी ने कहा था कि (फिल्म छावा में) गलत इतिहास दिखाया जा रहा है। औरंगजेब ने कई मंदिर बनवाए, मुझे नहीं लगता कि औरंगजेब एक क्रूर प्रशासक था। इस सवाल के जवाब में कि क्या छत्रपति संभाजी महाराज के खिलाफ औरंगजेब ने जो किया, वह कार्रवाई क्रूर था या नहीं, आजमी ने कहा कि यह सत्ता की लड़ाई थी और हिंदू और मुसलमान के बीच का संघर्ष नहीं था।

### औरंगजेब की कब्र को तोड़ देना चाहिए: राणा




भाजपा नेता नवनीत राणा ने भी अबू आजमी पर तीखा हमला किया। नवनीत ने कहा कि जिस राज्य में आप पांच साल के लिए विधानसभा में बैठने के लिए चुने गए हैं, उस पर छत्रपति शिवाजी महाराज और छत्रपति संभाजी महाराज का शासन था।

### महाराष्ट्र विधानसभा के बाहर विरोध प्रदर्शन

महाराष्ट्र विधानसभा के बाहर एनडीए नेताओं द्वारा अबू आजमी के खिलाफ प्रदर्शन किया। शिवसेना और सत्तारूढ़ भाजपा गठबंधन के विधायकों ने विधानसभा की सीढ़ियों पर प्रदर्शन किया। विधायकों ने अबू के खिलाफ देशद्रोह का मामला दर्ज करने और विधान भवन में उनके प्रवेश पर रोक लगाने की मांग की। अबू आजमी के बयान का असर ठाणे में भी देखा जा रहा है। मराठा क्रांति मोर्चा और सम्पूर्ण मराठा समाज द्वारा अबू आजमी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया गया। आजमी का पुतला जलाने की भी कोशिश की गई।

अमेरिका ने हथियारों की मदद देने पर लगाई रोक

# भड़का यूक्रेन-सरेंडर के लिए मजबूर कर रहे ट्रंप



छिले सप्ताह व्हाइट हाउस में यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की से हुए विवाद के बाद यह कीव के लिए बहुत बड़ा झटका

**किसकी कितनी मदद?**

| देश | मदद |
|---|---|
| अमेरिका | 47% |
| जर्मनी | 8% |
| नेथ | 4% |
| स्वीडन | 3% |
| फ्रांस | 3% |
| इटली | 1% |
| डेनमार्क | 4% |
| पोलैंड | 2% |

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन ने यूक्रेन को दी जाने वाली सभी सैन्य सहायता रोक दी है, जिससे कीव को बड़ा झटका लगा है। यूक्रेनी अधिकारियों ने इस फैसले की कड़ी निंदा की है और इसे रूस के खिलाफ यूक्रेन की रक्षा को कमजोर करने वाला कदम बताया है।

यूक्रेन ने कहा कि यह निर्णय एक सहयोगी की ओर से विश्वासघात मिलने के बराबर है और इससे रूस को और अधिक नागरिकों पर बमबारी करने और उन्हें मारने में मदद मिलेगी।

व्हाइट हाउस का बचाव

### राष्ट्रपति ट्रंप का ध्यान शांति पर

व्हाइट हाउस के एक अधिकारी ने बताया कि राष्ट्रपति ट्रंप स्पष्ट कर चुके हैं कि उनका ध्यान शांति पर है। हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि हमारी सहायता किसी स्थायी समाधान का हिस्सा बने, न कि युद्ध को लंबा करने का कारण बने। इस रोक का असर सैकड़ों 'लियन डॉलर मूल्य के सैन्य हथियारों और गोला-बारूद पर पड़ेगा(

**यूक्रेन का जवाब**

### हम बिना मजबूत सुरक्षा गारंटी के रूस के सामने नहीं झुकेंगे

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने इस फैसले पर संयमित प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यूक्रेन युद्ध को जितनी जल्दी हो सके समाप्त करना चाहता है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि हम बिना मजबूत सुरक्षा गारंटी के रूस के सामने झुक जाएंगे। उन्होंने याद दिलाया कि 2014 में सुरक्षा गारंटी की कमी के कारण ही रूस ने क्रीमिया पर कब्जा कर लिया था।

मैहर में स्कूली बच्चों के साथ हादसा

## टायर फटने से वैन पलटी 10 छात्र घायल, 4 गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैहर




गंभीर घायलों को रीवा संजय गांधी अस्पताल भेजा गया

ताला थाना क्षेत्र में मंगलवार को सुबह सड़क हादसे में 10 छात्र घायल हो गए। बताया जा रहा है कि हादसा पोड़ीखुर्द गांव के पास हुआ, जब स्कूल वैन का टायर फटने से वाहन बेकाबू होकर पलट गया। एसपी चिल्ड्रन एकेडमी की वैन बच्चों को स्कूल ले जा रही थी। रास्ते में अचानक वैन का टायर फट गया और वाहन सड़क किनारे पलट गया। हादसे में चार छात्र और चालक गंभीर रूप से घायल हो गए।

मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने भेजा

## सिंघार को 20 करोड़ रु. का मानहानि का नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



सिंघार बोले- डरेंगे नहीं, नोटिस का जवाब दिया जाएगा

खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने मध्य प्रदेश विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार को 20 करोड़ रुपए की अवमानना का नोटिस भेजा है। यह नोटिस उमंग सिंघार द्वारा उनका नाम सौरभ शर्मा से जोड़कर करोड़ों रुपए की अवैध संपत्ति अर्जित करने के बयान को लेकर भेजा गया है। पूरा मामला यह है कि परिवहन विभाग के पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा की काली कमाई का पदार्फाश होने के बाद विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने मंत्री गोविंद सिंह राजपूत और पूर्व मंत्री भूपेंद्र सिंह पर गंभीर आरोप लगाए थे।

एक साल पहले हो गया था वीजा एक्सपायर

## भोपाल से अफगान नागरिक दो महीने से चल रहा लापता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



अवैध रूप से रहने को लेकर मामला दर्ज किया गया

पढ़ाई के लिए भोपाल आया अफगानिस्तान का एक नागरिक 2 महीनों से लापता है। वह कोलार स्थित सागर ग्रीन हिल्स अमरनाथ कॉलोनी में रह रहा था। पुलिस ने वीजा खत्म होने के बाद अवैध रूप से रहने को लेकर मामला दर्ज किया है। यूनिवर्सिटी से मिली जानकारी के अनुसार सैयद राशिद सादत (24) साल 2024 तक यूनिवर्सिटी का छात्र था। उसने एमए जर्नलिज्म कम्पलीट कर लिया था।

रीवा के स्कूल में घुसा तेंदुआ

## वन विभाग कर्मी पर किया हमला, कमरे में बंद किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रीवा



मुकुंदपुर टाइगर सफारी से रेस्क्यू टीम को बुलाया गया

गुलाब नगर में एक शिकारी तेंदुआ मंगलवार को एक निजी स्कूल में घुस गया। तेंदुए ने वन विभाग के एक कर्मचारी पर भी हमला करने की कोशिश की। उसे मामूली चोट आई है। तेंदुए को एक कमरे में बंद कर दिया गया है। उसे पकड़ने के लिए मौके पर बल बुलाया गया है। बताया गया कि तेंदुए ने एक गो वंश का भी शिकार गया है।

रेंजर अंबुज नयन पांडेय ने बताया कि फिलहाल पुलिस और वन विभाग के अधिकारियों ने मोर्चा संभाल लिया है। तेंदुए का रेस्क्यू करने का प्रयास किया जा रहा है। तेंदुआ वयस्क है। डॉक्टर की टीम बुलाई गई है। संचालक दीपनारायण पटेल ने बताया कि तेंदुआ सबसे पहले संचालक के बेटे को दिखा। इस समय स्कूल में परीक्षाओं का सत्र चल रहा है।

तत्काल मुकुंदपुर टाइगर सफारी से रेस्क्यू टीम को बुलाया गया है। टीम के साथ रेस्क्यू करने वाले चिकित्सक भी मौजूद हैं। जो वन्य प्राणी को ट्रेंकुलाइज करने की प्रक्रिया करेंगे।

सरपंच संतोष देशमुख मर्डर में करीबी पर लगे थे आरोप

## महाराष्ट्र के मंत्री धनंजय मुंडे का इस्तीफा, सीएम ने किया स्वीकार



■ फडणवीस ने अजित पवार और प्रफुल्ल पटेल को पत्र लिखकर कहा था कि धनंजय को इस्तीफा देना होगा

एजेंसी ▶▶ मुंबई

महाराष्ट्र सरकार में मंत्री और अजित पवार की नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) नेता धनंजय मुंडे ने पद से इस्तीफा दे दिया। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने इसकी जानकारी दी। धनंजय मुंडे के पीए प्रशांत जोशी ने मुख्यमंत्री फडणवीस के सरकारी आवास पहुंचकर उन्हें मुंडे का इस्तीफा सौंपा था। फडणवीस ने कहा कि मुंडे ने मुझे अपना इस्तीफा भेजा है, मैंने इसे स्वीकार कर लिया है और इसे राज्यपाल को भेज दिया है। दरअसल सरपंच संतोष देशमुख हत्याकांड में महाराष्ट्र की महायुति सरकार में मंत्री रहे धनंजय मुंडे विवादों में घिर गए थे।

**सुप्रीम कोर्ट :** आईपीसी की धारा 298 के तहत धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने जैसा अपराध नहीं बनता

# किसी को मियां-टियां या पाकिस्तानी कहना गलत, पर गुनाह नहीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने आरोपी हरि नंदन सिंह के खिलाफ मामला बंद करते हुए यह फैसला सुनाया। सिंह पर आरोप था कि उसने एक सरकारी कर्मचारी को उस समय पाकिस्तानी कहा था, जब वह अपना आधिकारिक कर्तव्य निभा रहे थे। मियां-टियां या पाकिस्तानी कहना भले सुनने में ठीक नहीं लगता हो, लेकिन ऐसे मामले में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 298 के तहत धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने जैसा अपराध नहीं बनता। सुप्रीम कोर्ट अपने एक फैसले में यह टिप्पणी की है।

शीर्ष अदालत ने इस प्रावधान के तहत एक आरोपी को दोषमुक्त करते हुए कहा कि यह टिप्पणी, हालांकि अनुचित थी, लेकिन आपराधिक मुकदमा चलाने के लिए जरूरी कानूनी बाध्यता को पूरा नहीं करती।



*आरोपी हरि नंदन सिंह ने एक सरकारी कर्मचारी को उस समय पाकिस्तानी कहा था, जब वह अपना आधिकारिक कर्तव्य निभा रहे थे*

**आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज हुई थी**

शिकायतकर्ता, जो एक उर्दू अनुवादक और सूचना का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम के तहत कार्यवाहक क्लर्क है, ने अपीलीय प्राधिकारी के आदेश के बाद आरोपी सिंह को व्यक्तिगत रूप से कुछ जानकारी दी थी। सिंह ने शुरू में दस्तावेज स्वीकार करने में अनिच्छा दिखाई, लेकिन अंततः उन्होंने दस्तावेज स्वीकार कर लिए, लेकिन कथित तौर पर उन्होंने शिकायतकर्ता के धर्म का हवाला देते हुए उसे अपशब्द कहे। यह भी आरोप लगाया गया कि सिंह ने शिकायतकर्ता को डराने और लोक सेवक के रूप में अपने कर्तव्यों का पालन करने से रोकने के इरादे से उसके खिलाफ आपराधिक बल का प्रयोग किया। इसके परिणामस्वरूप सिंह के खिलाफ आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज की गई, जिनमें धारा 298 (धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाना), 504 (शांति भंग करने के लिए जानबूझकर अपमान करना), 506 (आपराधिक धमकी), 353 (लोक सेवक को कर्तव्य से रोकने के लिए हमला या आपराधिक बल का प्रयोग) और 323 (स्वेच्छा से चोट पहुंचाना) शामिल हैं।

### धारा 504 भी लागू नहीं होती

शीर्ष अदालत ने आगे कहा कि भारतीय दंड संहिता की धारा 504 भी लागू नहीं होती, क्योंकि सिंह की ओर से ऐसा कोई कार्य नहीं किया गया, जिससे शांति भंग हो सकती हो। धारा 298 के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने माना कि सिंह की टिप्पणी अनुचित थी, लेकिन आईपीसी के तहत धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के लिए कानूनी तौर पर पर्याप्त नहीं थी। नतीजतन, सिंह को सभी आरोपों से बरी कर दिया गया।

# यूरोपीय देशों ने की रक्षा क्षेत्र को मजबूत करने की तैयारी ईयू प्रमुख ने रखा 841 अरब डॉलर की योजना का प्रस्ताव

ईयू अध्यक्ष डेर लेयेन ने कहा कि ईयू का पहला काम बजटीय खर्च पर लगाए वित्तीय प्रतिबंधों में ढील देना है, ताकि सदस्य देश अपने रक्षा खर्च को बिना किसी दंडात्मक नियमों को लागू किए काफी बढ़ा सकें

## अमेरिका का यूक्रेन को सैन्य मदद देने से इनकार का असर



**1** यूरोपीय संघ के 27 देशों को मिलेगा 'रिआर्म यूरोप' पैकेज

**2** रक्षा खर्च के जीडीपी को 1.5 फीसदी तक बढ़ाने का प्रस्ताव

एजेंसी ▶▶ ब्रसेल्स (बेल्जियम)

यूरोपीय संघ (ईयू) की प्रमुख ने मंगलवार को 800 अरब यूरो (841 अरब अमेरिकी डॉलर) की योजना का प्रस्ताव रखा।

इस योजना का मकसद ईयू के सदस्य देशों की रक्षा प्रणाली को मजबूत करना है, ताकि अमेरिका की ओर से मदद पर संभावित रोक के असर को कम किया जा सके और रूस के खिलाफ लड़ाई में यूक्रेन को सैन्य मदद जारी रखी जा सके। यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने कहा कि 'रिआर्म यूरोप' पैकेज यूरोपी संघ के उन 27 नेताओं को दिया जाएगा, जो वॉशिंगटन से दूरी के एक सप्ताह बाद ब्रसेल्स में एक आपात बैठक में मिलेंगे। ट्रंप ने महाद्वीप और यूक्रेन की रक्षा के लिए उनके गठबंधन पर सवाल उठाया था।

### रक्षा उपकरणों में सुधार की जरूरत


डेर लेयेन ने कहा कि अगर सदस्य देश अपने रक्षा खर्च को जीडीपी के औसतन 1.5 फीसदी तक बढ़ाते हैं, तो यह चार वर्षों में करीब 650 अरब यूरो (683 अरब अमेरिकी डॉलर) तक हो सकता है। उन्होंने कहा कि मिसाइल, तोपखानों, गोला-बारूद और ड्रोन विरोध प्रणाली व साइबर हमलों जैसे सैन्य उपकरणों में सुधार की जरूरत है। यह योजना ईयू के कई सदस्य देशों को अपने सैन्य खर्च को काफी बढ़ाने के लिए मजबूर करेंगी, जो अभी सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के दो फीसदी से कम है। नाटो महासचिव मार्क रुटे ने सदस्य देशों से कहा कि जितनी जल्दी हो सके, उन्हें तीन फीसदी पर पहुंचना चाहिए।

### वित्तीय प्रतिबंधों में ढील देगा यूरोपीय संघ

*ईयू देशों ने पिछले कुछ दशकों में रक्षा पर खर्च कम किया है, क्योंकि उन्होंने अमेरिकी परमाणु सुरक्षा पर निर्भर रहते हुए अपनी कमजोर अर्थव्यवस्था पर फोकस किया। यह स्थिति अब उनके लिए रक्षा खर्च को तेजी से बढ़ाने में चुनौतियां पैदा कर रही है। डेर लेयेन ने कहा कि ईयू का पहला काम बजटीय खर्च पर लगाए वित्तीय प्रतिबंधों में ढील देना है, ताकि सदस्य देश अपने रक्षा खर्च को बिना किसी दंडात्मक नियमों को लागू किए काफी बढ़ा सकें।*

### यूक्रेन को मदद देने पर बाइडेन पर हमला

**वॉशिंगटन।** रूस के खिलाफ युद्ध के दौरान यूक्रेन की आर्थिक मदद करने पर अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडेन पर हमला बोला। ट्रंप ने कहा कि बाइडेन ने बहुत ही मूर्खतापूर्ण तरीके से एक देश को लड़ने के लिए 350 बिलियन डॉलर दे दिए। इसके बदले हमें कुछ नहीं मिला। हम 350 बिलियन डॉलर से अपनी पूरी अमेरिकी नौसेना का पुनर्निर्माण कर सकते थे।



### राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा- उन्होंने बहुत मूर्खतापूर्ण ढंग से काम किया

#### यूरोप वाले हमसे होशियार निकले

ट्रंप ने कहा कि मुझे लगता है कि जेलेंस्की को हमारी ज्यादा सराहना करनी चाहिए क्योंकि यह देश हर मुश्किल समय में उनके साथ खड़ा रहा है। हमने यूक्रेन को यूरोप से काफी ज्यादा दिया है। जबकि यूरोप को हमसे कहीं ज्यादा देना चाहिए था। यूरोप वाले बाइडेन से कहीं ज्यादा होशियार निकले, क्योंकि जो बाइडेन को कुछ भी पता नहीं था। यूरोप को हमारे बराबर आना चाहिए था। अगर हमने एक डॉलर दिया, तो यूरोप को भी देना चाहिए था। मगर हमने 350 बिलियन डॉलर दिए। इन सबसे बढ़कर यूरोप ने जो दिया उसे अपना पैसा वापस मिल गया क्योंकि वे इसे ऋण के रूप में दे रहे हैं। यह एक सुरक्षित ऋण है। मैं चाहता हूं कि उन सभी युवाओं की हत्या बंद हो। मैं इसे रुकते हुए देखना चाहता हूं। पैसा एक बात है, लेकिन मौत और वे हर सप्ताह हजारों सैनिकों को खो रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### जर्मनी में भीड़ में घुसी कार, दो की मौत



**बर्लिन।** जर्मनी के मैनहेम शहर में कार सवार शख्स अपना वाहन लेकर कार्निवल परेड में घुस गया। पुलिस ने बताया कि पश्चिमी जर्मनी में सोमवार को हुई इस घटना में दो लोगों की मौत हो गई और अन्य घायल हो गए। एक संदिग्ध हमलावर को हिरासत में लिया गया है। पुलिस ने स्थानीय लोगों से अपने घरों के अंदर और घटनास्थल से दूर रहने की अपील की है। हमले या हादसे के बारे में पुलिस ने विस्तृत ब्यौरा नहीं दिया।

### नीलम शिंदे से मिला परिवार यूएस पहुंचे पिता



**मुंबई।** अमेरिका में सड़क हादसे में जीवन-मरण से जूझ रही नीलम शिंदे के पिता तानाजी शिंदे महाराष्ट्र के सतारा जिले से बेटी नीलम को देखने कैलीफोर्निया स्थित अस्पताल पहुंच गए हैं। नीलम के मामा संजय कदम ने बताया कि नीलम के पिता ने विगत दो मार्च को मुंबई से अमेरिका के लिए उड़ान भरी थी। वह वहां लैंड करते ही कैलीफोर्निया स्थित यूसी डेविस मेडिकल सेंटर में देखने गए हैं। उनका बेटा गौरव भी साथ है।

## सर्बिया की संसद में नेताओं ने जमकर मचाया हंगामा

# विपक्षी सदस्यों ने स्मोक ग्रेनेड, आंसू गैस के गोले फेंके, दो सांसद घायल

यह विरोध सरकार की नीतियों और प्रदर्शनकारी छात्रों के समर्थन में किया गया। पूरा मामला चार महीने पहले रेलवे स्टेशन की छत गिरने से 15 लोगों की मौत से जुड़ा हुआ है, जिसके खिलाफ विपक्ष और जनता ने सर्बियाई सरकार के खिलाफ प्रदर्शन शुरू कर दिया था

एजेंसी ▶▶ बेलग्रेड

सर्बियाई संसद में मंगलवार, 4 मार्च को जमकर बवाल हो गया। विपक्षी सांसदों ने संसद के अंदर धुआंधार ग्रेनेड और आंसू गैस फेंके। बता दें, यह विरोध सरकार की नीतियों और प्रदर्शनकारी छात्रों के समर्थन में किया गया। पूरा मामला चार महीने पहले रेलवे स्टेशन की छत गिरने से 15 लोगों की मौत से जुड़ा हुआ है, जिसके खिलाफ विपक्ष और जनता ने सर्बियाई सरकार के खिलाफ प्रदर्शन शुरू कर दिया था।

विधान सभा सत्र में, सर्बियाई प्रगतिशील पार्टी (एसएनएस) के नेतृत्व वाले सत्तारूढ़ गठबंधन द्वारा एजेंडे को मंजूरी दिए जाने के बाद, कुछ विपक्षी राजनेता अपनी सीटों से उठकर संसदीय अध्यक्ष की ओर दौड़े और सुरक्षा गार्डों के साथ हाथापाई की। अन्य लोगों ने धुआं छोड़ने वाले ग्रेनेड और आंसू गैस फेंके। लाइव टीवी पर इमारत के अंदर काला और गुलाबी धुआं दिखाई दिया। वहीं, इस घटना के एक अन्य वीडियो में सदन में फैला काला धुआं दिखाई दे रहा है।

1 इमारत के अंदर काला और गुलाबी धुआं दिखाई दिया

2 विपक्षी राजनेताओं ने सुरक्षा गार्डों के साथ हाथापाई की




### विपक्ष ने सत्र को अवैध बताया

संसद को मंगलवार को विश्वविद्यालयों के लिए धनराशि बढ़ाने संबंधी कानून पारित करना था, जो दिसंबर से संकायों में अवरोध उत्पन्न कर रहे छात्रों की मुख्य मांगों में से एक है। संसद को पीएम मिलोस वुसेविक के इस्तीफे पर भी विचार करना था। लेकिन सत्तारूढ़ गठबंधन द्वारा एजेंडे में रखे गए अन्य मुद्दों ने विपक्ष को नाराज कर दिया। लेकिन विपक्षी दलों ने सत्र को अवैध बताया और कहा कि पहले पीएम मिलोस वुसेविक और उनकी सरकार के इस्तीफे की पुष्टि होनी चाहिए।

### एक सांसद की हालत गंभीर



घायल नेता को अस्पताल में ले जाते स्वास्थकर्मी

बताया जा रहा है कि संसद में मचे बवाल की वजह से कम से कम तीन सांसद घायल हो गए। हालांकि, स्पीकर एना ब्रनाबिक ने कहा कि दो सांसद घायल हुए हैं, जिनमें से एक, एसएनएस पार्टी की जैस्मिना ओब्राडोविक को स्ट्रोक आया है। उसकी हालत गंभीर है। उन्होंने सत्र में कहा कि संसद काम करना और सर्बिया की रक्षा करना जारी रखेगी।

## इजराइल की संसद में घुसी भीड़

# सुरक्षा बलों ने रोकने के लिए किया बल प्रयोग



एजेंसी ▶▶ यरुशलम

इजराइल के नेसेट में हिंसा भड़क उठी, जब सुरक्षा गार्डों ने 7 अक्टूबर के हमले के पीड़ितों के शोक संतप्त परिवारों को पीएम बेंजामिन नेतन्याहू के भाषण के दौरान आगंतुकों की गैलरी में प्रवेश करने से रोक दिया। वीडियो में बंधकों के रिश्तेदारों को धक्का देते, मारते और घसीटते हुए दिखाया गया है, जिनमें से कुछ को चिकित्सा की आवश्यकता है। परिवार हमास हमले में सुरक्षा विफलताओं की जांच के लिए राज्य आयोग की मांग कर रहे थे।

### पीड़ित परिवारों के साथ धक्का-मुक्की

जब अक्टूबर काउंसिल के 40 सदस्य जो पूर्व बंधक और पीड़ित परिवारों का प्रतिनिधित्व करते हैं, गैलरी की ओर बढ़ने की कोशिश कर रहे थे, तो उन्हें धक्का-मुक्की और हिंसा का सामना करना पड़ा। एक वीडियो में एक सुरक्षा गार्ड को एक व्यक्ति को फर्श पर गिराते हुए और उसके गले पर अपनी कलाई से दबाव डालते हुए दिखाया गया। इस घटना में तीन लोगों को मेडिकल इलाज की आवश्यकता महसूस करने लगे। घटना के दौरान एक सदस्य ने सुरक्षा बलों से कहा कि आप शोक संतप्त माता-पिता को पीट रहे हैं।

### हमारे साथ अच्छा व्यवहार नहीं किया

मंगलवार सुबह मीडिया से बात करते हुए यायरा गुटमैन, जिनकी बेटी तामार नोवा महोत्सव में मारी गई थी ने कहा कि जब परिवारों को सुरक्षा बलों ने रोका, तो वे उन्हें समझाने की कोशिश कर रहे थे कि उनके पास अनुमति है। हम सफल नहीं हुए। फिर बाकी माता-पिता आए और एक ने कहा कि आओ, चलो अंदर जाएं, और हां, हम ने धक्का दिया। जब हम ने केनेस्सेट के सुरक्षा बलों को धक्का दिया, तो हमें शारीरिक हमला मिलने लगा।

## भारतीय राजस्व सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों ने राष्ट्रपति मुर्मू से की मुलाकात

# तकनीकी सिर्फ एक उपकरण, मानवीय मूल्यों और सहानुभूति का विकल्प नहीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय राजस्व सेवा के 78वें बैच के अधिकारी प्रशिक्षुओं ने मंगलवार को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। इस दौरान राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि भारतीय राजस्व सेवा के अधिकारियों का काम शासन और कल्याण के लिए सबसे महत्वपूर्ण कार्यों में से एक है। उन्होंने जीवंत अर्थव्यवस्था के लिए टैक्स के महत्व का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि अधिकारियों की नीतियों और कार्यों का उद्देश्य सभी का विकास होना चाहिए।

### डिजिटल कनेक्टिविटी अंतर को दूर कर रही

*राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि डिजिटल कनेक्टिविटी अंतर को दूर कर रही है और आर्थिक अवसर पहले से कहीं अधिक सुलभ हैं। उन्होंने कहा कि तकनीक सिर्फ एक उपकरण है और यह मानवीय मूल्यों का विकल्प नहीं है। डेटा-संचालित प्रणालियां दक्षता बढ़ा सकती हैं, लेकिन वे कभी भी सहानुभूति और अखंडता की जगह नहीं ले सकतीं।*



### ईमानदार करदाताओं को असुविधा न हो

राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि बदलते समय, बढ़ती अपेक्षाओं और सरकारी पहलों ने अधिक दक्षता, पारदर्शिता और सुविधा के एक नए युग का शुभारंभ किया है। डिजिटल तकनीक इस बदलाव के मूल में है। उन्हें यह जानकर प्रसन्नता हुई कि आयकर विभाग उल्लेखनीय सटीकता के साथ विसंगतियों का पता लगाने के लिए उन्नत डेटा विश्लेषणों का उपयोग करता है और यह सुनिश्चित करता है।

## यूएन मानवाधिकार प्रमुख को दो टूक

# बागची बोले- भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र, यहां पर जीवंत समाज

एजेंसी ▶▶ जेनेवा

भारत ने संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार उच्चायुक्त वोल्कर टर्क के उन बयानों को बेबुनियाद और अतार्किक करार दिया है, जिसमें उन्होंने मणिपुर और कश्मीर का जिक्र किया गया था। जेनेवा में संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत अरिंदम बागची ने सोमवार को कहा कि ये टिप्पणियां वास्तविकताओं से कोसों दूर हैं। मानवाधिकार परिषद के 58वें सत्र में टर्क ने अपने वैश्विक अपडेट में भारत का नाम लेते हुए मणिपुर और कश्मीर की स्थिति का उल्लेख किया था।

### टर्क की टिप्पणियां विरोधाभासी



राजदूत बागची ने जोर देकर कहा कि टर्क की टिप्पणियां जम्मू-कश्मीर की बेहतर होती शांति और समावेशी प्रगति के दौर में विरोधाभासी हैं। कहा भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। यह एक स्वस्थ, जीवंत और बहुलवादी समाज है। हमारे नागरिक समाज की मजबूती और खुलेपन को बेहतर तरीके से समझने की जरूरत है।

## गंगोत्री हाईवे के पास हिम-स्खलन



**उत्तरकाशी।** उत्तरकाशी जिले के भैरोघाटी-धराली के बीच गंगोत्री हाईवे पर किमी 15 चांग थांग में हिमस्खलन आया है। यह धराली और हर्षिल से करीब आठ से दस किमी आगे जांगला पुल के समीप है। बीआरओ कमांडर विवेक श्रीवास्तव ने बताया कि गंगोत्री हाईवे पर धराली से आगे किमी 15 पर हिमस्खलन हुआ है। हालांकि कोई नुकसान नहीं है। सुखी टॉप पर एक जेई बर्फ हटाने के काम की निगरानी कर रहे हैं। दो जेसीबी बेट सोनगाद से सुखी टॉप तक काम कर रहे हैं। हिमस्खलन से निपटने के लिए डबरानी में एक एक्स 205 इक्वेटर भेजा गया है। इसके अलावा जनपद के दस ग्रामीण मोटर मार्ग बाधित हैं। बीआरओ-72 द्वारा सुक्की टॉप से झाला तक दो जेसीबी और एक जेसीबी पीडब्लूडी भटवाड़ी द्वारा तैनात हैं। वर्तमान में बर्फबारी जारी है। साथ-साथ मार्ग से बर्फ हटाने का काम चल रहा है।

## विवाद के बीच बोले मोहम्मद यूनुस

# बांग्लादेश-भारत के रिश्ते मजबूत अब बस गलतफहमी दूर करनी है

एजेंसी ▶▶ ढाका



बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस ने भारत के साथ संबंधों को मजबूत बताते हुए, दोनों देशों के बीच बढ़ती गलतफहमियों को दूर करने की कोशिशों का संकेत दिया। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश और भारत के रिश्ते मजबूत हैं और इन पर कोई असर नहीं पड़ा है, हालांकि कुछ विवाद जरूर पैदा हुए हैं, जिनका कारण उन्होंने गलत जानकारी और प्रचार बताया।

### पीएम मोदी से की है बात

यूनुस ने कहा कि बांग्लादेश और भारत के बीच गलतफहमियों को दूर करने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं और दोनों देशों के बीच सहयोग को फिर से मजबूत किया जाएगा। उन्होंने बताया कि बांग्लादेश और भारत के बीच लगातार संवाद हो रहा है। भारत के प्रतिनिधि यहां आ रहे हैं और हमारे अधिकारी वहां जा रहे हैं। मैंने व्यक्तिगत रूप से पीएम नरेंद्र मोदी से भी पहली सप्ताह में बात की थी।

## आंतरिक सुरक्षा के लिए उन्नत प्रौद्योगिकियों पर एक सेमिनार में बोले रक्षा मंत्री

# हाइब्रिड युद्ध, साइबर और अंतरिक्ष आधारित चुनौतियों के खतरे हमारे सामने

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को नई दिल्ली में आंतरिक सुरक्षा के लिए उन्नत प्रौद्योगिकियों पर एक सेमिनार में कहा कि हमें आतंकवाद, अलगाववादी आंदोलन, वामपंथी उग्रवाद, सांप्रदायिक तनाव, सीमा पार से घुसपैठ और संगठित अपराध देखने को मिल रहे हैं। इसी तरह बाहरी सुरक्षा में अलग-अलग चुनौतियां हैं। पहले ये चुनौतियां सिर्फ पारंपरिक थीं, लेकिन अब हाइब्रिड युद्ध, साइबर और अंतरिक्ष आधारित चुनौतियों के खतरे हमारे सामने आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि आंतरिक और बाहरी सुरक्षा दोनों अलग-अलग चीजें नहीं हैं, इसलिए इन्हें अलग-अलग करके नहीं देखा जा सकता। यह एक ही सिक्के के दो सिद्धांत हैं। रक्षा मंत्री ने विश्वास जताया कि आंतरिक सुरक्षा और आपदा राहत कार्यों के लिए उन्नत प्रौद्योगिकियां' जैसे महत्वपूर्ण विषय के साथ दो दिवसीय सम्मेलन के सार्थक परिणाम हमारे सामने आएंगे।

*आंतरिक और बाहरी सुरक्षा एक सिक्के के दो सिद्धांत अब हम आपदाओं को लेकर भी सजग, ध्यान दे रहे*

### आजादी के बाद भारत आर्थिक रूप से समृद्ध नहीं था

राजनाथ सिंह ने कहा कि उत्तर पूर्व में उग्रवाद से प्रभावित क्षेत्रों के अलग मुद्दे हैं, वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित क्षेत्रों के अलग मुद्दे हैं, आतंकवाद के अलग मुद्दे हैं। इसलिए जब हम विशिष्ट क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करेंगे, जब हम उन पर विचार करेंगे, मंथन करेंगे, तो शायद हम और बेहतर समाधान के साथ सामने आएंगे। आजादी के बाद भारत आर्थिक रूप से उतना समृद्ध नहीं था, इसलिए हमारा अधिकांश ध्यान अपनी मूलभूत जरूरतों पर टिका रहता था। हम आपदाओं पर और उसके प्रभाव पर उतना ध्यान नहीं देते थे। हम एक तरह से आपदाओं के और उनसे होने वाले जान-माल के नुकसान को हमने अपनी नियति मान ली थी, लेकिन अब स्थिति ऐसी नहीं है, हम उन्हें लेकर भी सजग हैं।

### कई सारी एजेंसियां कर रही काम

*रक्षा मंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय रक्षा और सुरक्षा को लेकर कई सारी एजेंसियां अलग-अलग हिस्सों में काम कर रही हैं। अलग-अलग दायित्व होने के बावजूद सबका साथ और आदर्श वाक्य एक ही है। उनका आदर्श वाक्य है, देश की सुरक्षा। उनका आदर्श वाक्य है, देश में शांति और उनका आदर्श वाक्य है, देश की प्रगति। इसलिए इस सम्मेलन का आयोजन न केवल प्रासंगिक है, बल्कि समय की आवश्यकता के अनुसार भी है।*

## लाइनमैन दिवस पर 110 विद्युत फील्ड कर्मियों का हुआ सम्मान

### वरिष्ठ लाइनमैनों को सलाह - लाईन पर कार्य करते समय लिखित परमिट अवश्य लें




**जबलपुर।** पूर्व क्षेत्र कंपनी ने तरंग ऑडिटोरियम में लाइनमैन दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अभियंता जबलपुर क्षेत्रांतर्गत 110 लाइनमैनों को सम्मानित किया गया, जिसमें 50 सेवारत लाइन कर्मी, 40 सेवानिवृत लाइनकर्मी एवं दुर्घटना में मृत हुए 10 कार्मिकों के परिजनों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत में संजय अरोरा, अधीक्षण अभियंता (शहर) द्वारा मुख्य अतिथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया। कार्यक्रम में एल. के. नामदेव, कार्यपालन अभियंता (पूर्व संभाग) एवं विकास सिंह कार्यपालन अभियंता (उत्तर संभाग) ने लाइनमैनों के दायित्व एवं सुरक्षा के दृष्टिगत एक प्रजेन्टेशन प्रस्तुत किया, जिसमें विद्युत दुर्घटना रोकने के उपाय, लाइनमैनों के दायित्व एवं विद्युत संबंधी कार्य करने के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों के विषय में जानकारी साझा की गई। कार्यक्रम के अगले चरण में मुख्य अभियंता (जबलपुर क्षेत्र) द्वारा प्रबंध संचालक का सन्देश पढ़कर एवं श्री वर्मा ने लाईनमैनों को सुरक्षा शपथ भी दिलवाई।

कार्यक्रम के आयोजक के. एल. वर्मा, मुख्य अभियंता जबलपुर क्षेत्र ने अपने उदबोधन में लाईनमैनों को एक वृक्ष की जड़ के रूप में बताया तथा सभी कर्मियों को बताया हमारी पहचान कंपनी से हैं इसलिए सदा कंपनी के गौरव को बनाए रखना हैं । मुख्य महाप्रबंधक (कार्य / आर.डी.एस.एस.) संजय भागवतकर ने अपने उद्धवोधन में लाईनमैनों द्वारा मौसम की विपरीत परिस्थितियों जैसे - कड़कड़ाती ठंड, भीषण बारिश एवं प्रतिकूल परिस्थितियों में भी किये जाने वाले कार्यों की सराहना की एवं बताया की शासन की सभी योजनाएं लाईनमैनों द्वारा ही जनसामान्य तक पहुँचती हैं । सभी कार्मिकों को मेहनत व लगन से कार्य करने की प्रेरणा दी एवं महिला लाईन कार्मिकों के कार्य की भी सराहना की ।

कंपनी के एक सेवानिवृत्त लाइनमैन कुंजी लाल सैनी (उम्र 85 वर्ष) ने अपने अनुभव साझा करते हुए लाइनमैनों को सलाह दी कि लाईन पर कार्य करते समय लिखित परमिट अवश्य लें, समारोह उपस्थित सेवानिवृत्त लाइनमैन भैया लाल तिवारी ने मंच से बताया कि इस तरह का सम्मान समारोह देखकर मन गदगद हो गया ।

## कृषि विवि में युवा महोत्सव का आगाज आज

### म.प्र. के 11 महाविद्यालयों के प्रतिभागी होंगे शामिल

जबलपुर।

जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर के कुलपति प्रो. प्रमोद कुमार मिश्रा के मुख्यआतिथ्य में एवं अधिष्ठाता कृषि संकाय डॉ. धीरेन्द्र खरे की अध्यक्षता में दो दिवसीय 23वीं अन्तर महाविद्यालयीन सांस्कृतिक प्रतियोगिता ''युवा महोत्सव'' वर्ष 2024-25 का उद्घाटन आज 5 मार्च बुधवार को सुबह 11.15 बजे सरदार वल्लभ भाई पटेल सभागार, कृषि महाविद्यालय, जबलपुर में होगा। युवा महोत्सव के उद्घाटन कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि अधिष्ठाता कृषि अभियांत्रिकी संकाय डॉ.अतुल श्रीवास्तव,अधिष्ठाता उद्यानिकी संकाय डॉ. एस.के. पांडे, संचालक अनुसंधान सेवाऐं डॉ. जी. के. कौतु, संचालक विस्तार सेवाऐं डॉ. डी.पी. शर्मा, संचालक शिक्षण डॉ. अभिषेक शुक्ला, संचालक प्रक्षेत्र डॉ. अनीता बब्बर, कुलसचिव डॉ. ए.के.,लेखा नियंत्रक डॉ. अजय खरे होंगे।अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय,जबलपुर डॉ. आशुतोष श्रीवास्तव एवं अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. अमित शर्मा द्वारा कार्यक्रम का सफल आयोजन किया जा रहा है। अधिष्ठाता डॉ. श्रीवास्तव द्वारा युवा महोत्सव के बेहतर एवं सफल आयोजन हेतु विभिन्न समितियां तैयार की गई है जो सम्पूर्ण युवा महोत्सव का सफल संचालन करेंगी। इस 2 दिवसीय युवा महोत्सव में विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधयां जैसे ललित कला, भाषण, तात्कालिक भाषण, वाद-विवाद, एकल अभिनय, एकल गायन, देशभक्ति गीत, समूहगायन, प्रश्न मंच, एकांकी, स्किट, मूक अभिनय, समूह लोक नृत्य की प्रतियोगिताएं आयोजित होगी। इस कार्यक्रम हेतु विश्वविद्यालय अंतर्गत संचालित 11 महाविद्यालयों में कृषि अभियांत्रिकी, कृषि महाविद्यालय एवं हार्टिकल्चर महाविद्यालय के लगभग 200 से अधिक प्रतिभागी शामिल होंगे।

## स्वास्थ्य शिविर: ग्रामीणों की जांच कर वितरित की औषधि



**जबलपुर।** स्वर्गीय सेठ मधुसूदन दास मालपानी की स्मृति में शाहपुरा स्थित ग्राम नटवारा में कौशल विकास और जनहित के कार्य हेतु सेठ मन्नू लाल जगन्नाथ दास ट्रस्ट हॉस्पिटल द्वारा स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। इस अवसर पर ग्रामीण महिलाओं एवं उनके परिजनों की जांच की गई और औषधीय का वितरण किया गया। इसके उपरांत महिलाओं को 16 सिलाई मशीन, 50 प्रेशर कुकर, इंडक्शन, एलईडी बल्ब, बच्चों के शूज, ई रिक्शा, सबमर्सिबल पंप की दो युवकों को ट्रेनिंग और दुकान खुलवाने हेतु संपूर्ण सामान की उपलब्धि इसी तरह महिलाओं को ब्यूटी पार्लर की ट्रेनिंग और दो महिलाओं को ब्यूटी पार्लर की संपूर्ण सामग्री उपलब्ध करवाई गई है। मधुसूदन दास जी का यह स्वप्न था की ग्राम नटवारा वारा एक शिक्षित और आदर्श गांव बने उनके रहते कई काम हुए और अब इस धारा को अविरल आगे श्री कृष्णा अर्पिता श्रद्धा मालपानी आगे ले जा रहे हैं इस अवसर पर पिछले कुछ समय में दिव्यांगों को उच्च श्रेणी के पर लगाकर उनको आत्मनिर्भर बनाया गया है गांव में सैकड़ों महिलाओं को सिलाई ट्रेनिंग देकर उन्हें स्टाइपेंड दिया जाता है और तत्पश्चात काम देकर रोजगार दिया जाता है जो की न सिर्फ प्रशंसनी बल्कि अविश्वसनीय सेवा है इन कार्यों की नगर के गणमान्य नागरिकों ने भूरी भूरी प्रशंसा मालपानी परिवार की की है वैसे तो वर्ष भर में कई आयोजन होते हैं जनहित कार्यों के मगर दो बड़े आयोजन कर मालपानी जी की स्मृति में काफी सामग्री गांव वालों को निशुल्क प्रदान की जाती है

आयोजन के अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के बृजकांतजी अतिथि के रूप में उपस्थित थे।



## शिक्षकों की वर्कशॉप का आयोजन

**जबलपुर।** भारत स्काउट्स एंड गाइड्स एवं यूनिसेफ के संयुक्त तत्वाधान में चलाए जा रहे है प्रोजेक्ट क्लैप के अंतर्गत जन्म से 6 वर्ष तक के बच्चों के लिए निर्धारित कार्यक्रम परवरिश के चैंपियन के अंतर्गत जिला संघ जबलपुर द्वारा सहायक राज्य संगठन आयुक्त ललित कुमार मिश्रा, जिला शिक्षा अधिकारी पदेन जिला कमिश्नर स्काउट घनश्याम सोनी, जिला मुख्य आयुक्त डॉ विजयकांत तिवारी के मार्गदर्शन में यश नर्सरी हायर सेकेंडरी स्कूल में शिक्षकों की वर्कशॉप का आयोजन किया गया जिसमे वीडियो और प्रेजेंटेशन के माध्यम से किस प्रकार वह अपने स्कूल के अभिभावकों को किस प्रकार से जागरूक करे कि वह अपने बच्चों का पालन पोषण उनके शारीरिक और मानसिक क्रियाकलाप पर ध्यान दे, जिससे उनका भविष्य उज्जवल हों सके। इस कार्यक्रम समस्त जानकारी डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर राहुल राजपूत द्वारा दी गई, कार्यक्रम को सफल बनाने में जिला सचिव व्ही के झारिया का सहयोग रहा, इस वर्कशॉप में सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल, वेथल मिशन, यश नर्सरी हायर सेकेंडरी स्कूल के शिक्षक उपस्थित रहे।

## रेल मजदूर संघ का अधिवेशन आज से

**जबलपुर।** वेस्ट सेन्ट्रल रेलवे मजदूर संघ का दो दिवसीय द्विवार्षिक अधिवेशन का शुभारम्भ 05-06 मार्च को जबलपुर में सीनियर इंस्टीट्यूट में होगा। एनएफआईआर के अध्यक्ष के मुख्य आथित्य में होगा। अधिवेशन में मुख्यालय कार्यकारिणी, केन्द्रीय कार्यकारिणी बैठक तथा सामान्य सभा, साथ ही भव्य रैली भी ,युवा - महिला सम्मेलन आयोजित होगा। संघ के महामंत्री अशोक शर्मा तथा संघ प्रवक्ता व संयुक्त महामंत्री सतीश कुमार ने बताया कि मुख्य कार्यक्रम में मुख्य वक्ताडॉ. एम.राघवैय्या, महामंत्री एनएफआईआर, नई दिल्ली व मुख्य अतिथि महाप्रबंधक पमरे, श्रीमति शोभना बंधोपाध्याय, अध्यक्षता श्री सी.एम. उपाध्याय, अध्यक्ष, डब्ल्यूसीआरएमएस तथा विशिष्ठ अतिथि एकनाथ मोहकर, अपर महाप्रबंधक, प्रभात, प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी, कमल कुमार तलरेजा, मंडल रेल प्रबंधक, जबलपुर समेत जोनल पदाधिकारी व आला अधिकारी शिरकत करेगे। अधिवेशन का शुभारम्भ एनपीएस /यूपीएस के खिलाफ रैली से होगा ।



## गलियों में गूंजा राधेनाम संकीर्तन

**जबलपुर।** चैतन्य महाप्रभु जन्मोत्सव समारोह के अवसर पर 9 दिवसीय संकीर्तन के पहले दिन घमंडी चौक स्थित सत्यनारायण मंदिर से प्रातः चैतन्य महाप्रभु संकीर्तन मंडल के संरक्षक स्वामी रामचंद्र महाराज के सानिध्य में,संकीर्तनाचार्य पं.मनमोहन दुबे,अशोक-ममता पोद्दार के नेतृत्व में विभिन्न गलियों में राधेनाम संकीर्तन निकाली गई, जिसका समापन सत्यनारायण मंदिर में महाआरती के साथ हुआ। संयोजक देवेंद्र नेमा ने बताया कि संकीर्तन श्रृंखला में आज पं.देवेंद्र त्रिपाठी ज्योतिषाचार्य के कचनार सिटी जैन मंदिर स्थित आवास से यात्रा प्रारंभ होगी।प्रभात फेरी के अवसर पर पं.रजनीश पांडे,आचार्य कमलेश तिवारी,शरद अग्रवाल,पं.देवेंद्र त्रिपाठी,डॉ. सुधीर अग्रवाल,प्रभाकर चतुर्वेदी,राजेंद्र प्रसाद कसेरा, सत्यप्रकाश नामदेव,श्याम मनोहर पटेल,मनोज गुलाबबानी विशाल पंड्या,मोनी विश्वकर्मा,अमित विश्नोई,सुनील नामदेव,आशीष तिवारी,देवेंद्र नेमा आदि उपस्थित रहे।

## सीआईडी सीरियल में नजर आयेंगे जबलपुर के अभिनेता ऋषिकेश पांडे



जबलपुर।

सीआईडी, एक ऐसा धारावाहिक जिसके किरदारों के नाम आज हर किसी की जुबां पर हैं, इस फेमस सीरियल ने एक लंबे अरसे तक लोगों का मनोरंजन किया। अब 6 वर्षों बाद इसकी छोटे पर्दे पर वापसी हुई है। इसी सीरियल में सचिन का कैरेक्टर भी लोगों ने काफी पसंद किया है, जिसे निभाया है हमारे शहर के जाने-माने अभिनेता तिलहरी राजुल पार्क व्यू निवासी ऋषिकेश पांडे ने, जो कि आज से इसमें एंट्री करेंगे। ऋषिकेश कहते हैं कि ये एक ऐसा धारावाहिक है, जिसे सब फैमिली के साथ एंजॉय करते हैं। अपने सचिन के किरदार को लेकर उनका कहना है कि ये लोगों के दिलों के बेहद करीब है, सीरियल में उनकी वापसी से फैन्स काफी खुश हैं। ऋषिकेश बताते हैं कि 6 वर्षों के अंतराल में उन्होंने कई फेमस धारावाहिक किए, लीड रोल भी अदा किए। इनमें पोरस, ये रिश्ता क्या कहलाता है, बेकाबू, तेरी मेरी डोरियां किया। शोज की डिमांड को देखते हुए उन्होंने वेट गेन कर लिया था लेकिन सचिन के कैरेक्टर में खुद को ढालने के लिए उन्हें फिटनेस पर कड़ी मेहनत करनी पड़ी। वे रोज करीब 30 से 35 किमी चले, डाइट पर भी विशेष ध्यान दिया।



## प्रधान डाकघर में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित

**जबलपुर।** इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक द्वारा शैल्बी हॉस्पिटल जबलपुर एवम नीवा बूपा हेल्थ इंश्योरेंस के सहयोग से हेड पोस्ट ऑफिस, सिविल लाइंस, जबलपुर के कर्मचारियों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में शैल्बी हॉस्पिटल जबलपुर के वरिष्ठ सामान्य रोग चिकित्सक डॉ. नीरज बडेरिया एवं डॉ. स्वीटी श्रीवास्तव ने विशेष रूप से पोस्टमैन समेत 200 से अधिक कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया और उन्हें उचित परामर्श एवं मार्गदर्शन प्रदान किया। शिविर में ब्लड प्रेशर, शुगर, हृदय संबंधी जांच समेत अन्य स्वास्थ्य परीक्षण किए गए।

उक्त कैंप में भारतीय डाक विभाग की ओर से आदरणीय प्रवर डाक अधीक्षक आशीष श्रीवास्तव, इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक की ओर से मुख्य प्रबंधक महोदय श्री मिथिलेश सिंह जी, वरिष्ठ प्रबंधक श्री आकाश पटेल, सहायक प्रबंधक श्रीमती श्रद्धा श्रीवास्तव एवं अन्य साथी कर्मचारियों की उपस्थिति दर्ज की गई।

## बदमाश के साथ गुर्गों पर दर्ज हुई एफआईआर

### खमरिया क्षेत्रातंर्गत मैगी प्वाइंट में बर्थडे पार्टी में तमंचे से हर्ष फायरिंग का मामला

हरिभूमि, जबलपुर।

हरिभूमि खबर का असर

खमरिया क्षेत्रातंर्गत डुमना मार्ग पर एक बदमाश के जन्मदिन पर उसके गुर्गों का हर्ष फायरिंग करते हुए सोशल मीडिया में वीडियो वायरल हुआ था। राइफल से दागी जा रही गोलियों के बीच एक गुर्गे ने जन्मदिन मना रहे अपने आका को भी एक तमंचा थमा दिया। इसके बाद बदमाशों ने तमंचे से दनादन दो गोलियां दागी थी जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। जिस पर संज्ञान लेते हुए खमरिया पुलिस ने बदमाश और उसके गुर्गों पर एफआईआर दर्ज कर ली है।

#### एक विधायक का है करीबी-

अवैध हथियार से फायरिंग करने वाले रामरूद्र यादव की गधेरी और उसके आसपास क्षेत्र में दबंगई है। सत्तारूढ़ के एक विधायक से भी उसकी करीबी है। इसके अलावा बरगी क्षेत्रातंर्गत अवैध रेत एवं अन्य खनन में भी उसकी संलिप्तता की चर्चा है।

#### कई थानों में दर्ज है अपराध-

रामरूद्र यादव खनन के काम से जुड़ा है। अवैध खनन में उसका नाम आ चुका है। वह आपराधिक प्रवृत्ति का है। तिलवारा, गढ़ा और चरगवां थाना क्षेत्र में आरोपी बदमाश के विरुद्ध अपराधिक प्रकरण दर्ज है। अवैध पिस्टल से फायरिंग को लेकर उसका नाम एक बार फिर चर्चा में है।

#### इनका कहना है

वायरल वीडियो को संज्ञान में लिया गया है जिसके आधार पर जांच की गई। फुटेज में रामरुद्र यादव जो कि आपराधिक प्रवृत्ति का बदमाश है। सोशल मीडिया में वायरल उक्त वीडियो के आधार पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर रामरूद्र यादव व उसके अन्य साथी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया गया है।

-सरोजनी टोप्पो,
टीआई खमरिया

#### पैरवी करने पहुंचा भाजपा युवा नेता

सूत्रों की मानें तो जब थाने में एफआईआर दर्ज हो रही थी तभी एक भाजयुमो का नेता पैरवी करने पहुंचा था। लेकिन वीडियो वायरल होने के बाद मामला पुलिस के संज्ञान में पहुंच चुका था। युवा नेता की नहीं चली और एफआईआर दर्ज कर ली गई।

#### यह है मामला

गौरतलब हैं कि वायरल वीडियो में तमंचा लेकर हर्ष फायरिंग करने वाला रामरूद्र यादव निवासी खमरिया का अपने साथियों के साथ अपना जन्मदिन मनाने तीन फरवरी को डुमना ककरतला रोड में बने गुड्डू मैगी की दुकान पर जुटा था जहां पर रात को केक काटने के बाद हर्ष फायरिंग की घटना हुई।



## खबर संक्षेप




### भारतीय स्टार्टअप ने फरवरी में 1.65 अरब डॉलर जुटाए

**नई दिल्ली।** भारतीय स्टार्टअप ने फरवरी में 8.32 करोड़ डॉलर के औसत मूल्यांकन पर कुल 1.65 अरब डॉलर (लगभग 14,418 करोड़ रुपये) का वित्तपोषण जुटाया। ट्रैक्सन के आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। आंकड़ों से पता चलता है कि इससे चालू वित्त वर्ष (2024-25) में फरवरी में कुल वित्तपोषण 2,200 चरण में 25.4 अरब डॉलर हो गया है। फरवरी का आंकड़ा जनवरी में कुल वित्तपोषण 1.38 अरब डॉलर से 19.5 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है।

### सुजलॉन एनर्जी को जिंदल रिन्यूएबल्स से मिला ऑर्डर

**नई दिल्ली।** नवीकरणीय ऊर्जा समाधान प्रदाता सुजलॉन ने मंगलवार को कहा कि उसे जिंदल रिन्यूएबल्स से 204.75 मेगावाट



पवन ऊर्जा का ऑर्डर मिला है। नया ऑर्डर जिंदल रिन्यूएबल्स की अनुषंगी कंपनी जिंदल ग्रीन विंड-1 प्राइवेट लिमिटेड से मिला है। कंपनी ने बयान में कहा कि सुजलॉन 65 अत्याधुनिक एस144 पवन टर्बाइन जनरेटर (डब्ल्यूटीजी) की आपूर्ति करेगा, जिसमें हाइब्रिड लैटाइस टावर्स (एचएलटी) होंगे। इनमें से प्रत्येक की क्षमता 3.15 मेगावाट होगी।

### अरामको का मुनाफा 2024 में 12 प्रतिशत घटा

**दुबई।** सऊदी अरब की सार्वजनिक क्षेत्र की दिग्गज तेल कंपनी अरामको का मुनाफा 2024 में 12 प्रतिशत घटकर 106.25 अरब डॉलर रहा। रियाद के तदावुल




शेयर बाजार को दी सूचना में औपचारिक रूप से सऊदी अरब ऑयल कंपनी के रूप में पहचानी जाने वाली तेल कंपनी की आमदनी 2024 में 436 अरब डॉलर थी। अरामको ने 2023 में 121 अरब डॉलर का वार्षिक लाभ दर्ज किया, जो कम ऊर्जा कीमतों के कारण 2022 के मुनाफे से कम है।

### जेएसडब्ल्यू एनर्जी ने पवन ऊर्जा क्षमता जोड़ी

**नई दिल्ली।** जेएसडब्ल्यू एनर्जी ने मंगलवार को मार्च तिमाही में 159 मेगावाट पवन ऊर्जा जोड़ने की घोषणा की। इसके साथ ही कंपनी




की परिचालन बिजली उत्पादन क्षमता 8,400 मेगावाट के पार हो गई। कंपनी ने बयान में कहा कि यह अतिरिक्त क्षमता पवन मौसम से पहले उपलब्ध है और चरम स्थिति के दौरान बढ़ती ऊर्जा मांग को पूरा करने के लिए तैयार है, जो एक स्थायी बिजली आपूर्ति में महत्वपूर्ण योगदान देगा।

### रोजगार का बाजार चार प्रतिशत बढ़ा

**मुंबई।** भारत में कार्यालय रोजगार का बाजार फरवरी के दौरान सालाना आधार पर चार प्रतिशत बढ़ गया जिसका मुख्य कारण कृत्रिम मेधा (एआई) एवं मशीन



लर्निंग (एमएल) और आतिथ्य क्षेत्र में भर्तियां रहीं। नौकरी जॉबस्पीक सूचकांक रिपोर्ट के मुताबिक, घरेलू नौकरी बाजार ने जनवरी और फरवरी दोनों महीनों में सकारात्मक वृद्धि दर्ज करते हुए वर्ष 2025 की शुरुआत सकारात्मक तरीके से की है। नौकरी डॉट कॉम के मुख्य कारोबार अधिकारी पवन गोयल ने कहा, 'पिछले साल फरवरी में आई आठ प्रतिशत की गिरावट को देखते हुए इस साल का आंकड़ा और भी आशाजनक लग रहा है।

# ड्रैगन निगल रहा है विदेशी निवेशकों का पैसा, भारत से शेयर बेच चीन में कर रहे निवेश

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वर्ष 2024 के अक्टूबर से शुरू हुई एफआईआई की बिकवाली, अभी भी नहीं थमी है। बीते 5 महीनों की बात करें तो अब तक विदेशी निवेशकों ने भारतीय बाजार से लगभग 37 बिलियन डॉलर की निकासी की है। वहीं सिर्फ फरवरी 2025 की बात करें तो एफआईआई ने 34,574 करोड़ के शेयर बेच दिए. ऐसे में ये सवाल उठना लाज़मी है कि विदेशी निवेशक भारतीय बाजार से अपना पैसा निकालकर लगा कहां रहे हैं।

इस समय विदेशी निवेशकों के बीच एक जुमला बहुत ज्यादा चल रहा है, 'भारत में बेचो, चीन में खरीदो'। इसी जुमले के चलते एक ओर जहां भारतीय बाजार लगातार गिर रहा है, वहीं चीनी बाजार में तेजी देखने को मिली है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, अक्टूबर 2024 के बाद से जहां भारतीय बाजार का मार्केट कैप भारी मात्रा में कम हुआ है, वहीं चीन का मार्केट कैप लगभग 2 ट्रिलियन डॉलर बढ़ा है।

### भारतीय शेयर बाजार में लगातार गिरावट

भारतीय शेयर बाजार में हाल के महीनों में भारी गिरावट आई है, जिससे विदेशी निवेशकों का विश्वास इंडियन मार्केट को लेकर कम हुआ है। अक्टूबर 2024 से भारतीय शेयर बाजार ने एक ट्रिलियन डॉलर से अधिक की पूंजी खो दी है, जबकि चीन ने इसी अवधि में दो ट्रिलियन डॉलर की वृद्धि दर्ज की है। यह गिरावट और अनिश्चितता निवेशकों को भारतीय बाजार से दूर कर रही है।

## अक्टूबर 2024 से विदेशी निवेशकों की बिकवाली शुरू हुई

### चीन ने की मजबूत वापसी

चीन के स्टॉक मार्केट ने हाल के महीनों में जबरदस्त वापसी की है, जिससे निवेशकों का आकर्षण बढ़ा है। हांगकांग का हैंग सेंग इंडेक्स एक महीने में 16 फीसदी बढ़ गया है, जबकि भारत का निफ्टी 2 फीसदी से अधिक गिर गया है। चीनी कंपनियों की कम वैल्यूएशन और मजबूत आय वृद्धि ने भी निवेशकों को आकर्षित किया है, खासकर अलीबाबा और लेनोवो जैसी कंपनियों के प्रदर्शन ने विदेशी निवेशकों को चीनी बाजार की ओर खींचने में अहम भूमिका निभाई।



### चीन की नई योजनाएं

चीन ने हाल ही में विदेशी निवेश को बढ़ावा देने के लिए एक कार्य योजना शुरू की है, जिसमें टेलीकम्युनिकेशन और बायो टेक्नोलॉजी जैसे सेक्टर में निवेश को आसान बनाने पर जोर दिया गया है। इस योजना के तहत, सरकार ने विदेशी निवेश के लिए बाजार पहुंच का विस्तार करने, वित्तीय प्रतिबंधों को कम करने और एक निष्पक्ष व्यावसायिक वातावाराण को बढ़ावा देने के उपायों की घोषणा की है। यह निवेशकों को चीन में निवेश करने के लिए प्रोत्साहित कर रहा है।

## बजट बाद वेबिनार को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा

# भारत को भरोसेमंद साझेदार के रूप में देख रही दुनिया, इसका लाभ उठाए उद्योग जगत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को भारतीय उद्योग जगत से ऐसे समय में वैश्विक अवसरों का लाभ लेने के लिए 'बड़े कदम' उठाने का आह्वान किया, जब दुनिया भारत को एक भरोसेमंद साझेदार के रूप में देख रही है। उन्होंने कहा कि सरकार विनिर्माण और निर्यात को बढ़ावा देने के लिए दो मिशन शुरू करेगी।

■ सरकार विनिर्माण व निर्यात को बढ़ावा देने दो मिशन शुरू करेगी

नियामकीय, निवेश और कारोबारी सुगमता के सुधारों पर बजट-बाद वेबिनार को संबोधित करते हुए मोदी ने उद्योग जगत से ऐसे नए उत्पादों की पहचान करने को कहा, जिनका विनिर्माण देश में किया जा सके और वैश्विक मांग को पूरा किया जा सके।





### उद्योगों को अपनी भूमिका तलाशनी होगी

मोदी ने उद्योग जगत से कहा, "हमारा देश ये करने में सक्षम है, आप सभी (उद्योग जगत) सक्षम हैं, ये हमारे लिए बहुत बड़ा अवसर है। मैं चाहता हूं कि हमारा उद्योग जगत दुनिया की इन अपेक्षाओं को सिर्फ दर्शक बनकर न देखे। हम दर्शक बनकर नहीं रह सकते, आपको इसमें अपनी भूमिका तलाशनी होगी, आपको अपने लिए अवसर तलाशने होंगे।"

### ऋण वितरण के नए तरीके विकसित करने पर बल

प्रधानमंत्री ने देशभर में छह करोड़ से अधिक सूक्ष्म, लघु और मझोली इकाइयों को समय पर और कम लागत वाले धन तक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए ऋण वितरण के नए तरीके विकसित करने की आवश्यकता पर भी बल दिया। उन्होंने कहा कि पहली बार उद्यम शुरू कर रही पांच लाख महिलाओं, अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) के उद्यमियों को दो करोड़ रुपये तक का कर्ज दिया जाएगा।

### वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए भारत वृद्धि का इंजन

मोदी ने कहा, "आज भारत वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए वृद्धि का इंजन है। भारत ने कठिन समय में भी अपनी जुझारू क्षमता साबित की है... आज हर देश भारत के साथ अपनी आर्थिक साझेदारी को मजबूत करना चाहता है। हमारे विनिर्माण क्षेत्र को इस साझेदारी का लाभ उठाना चाहिए।"

### विनिर्माण व निर्यात के लिए नए रास्ते खुले

प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार की निरंतरता और सुधारों के प्रति भरोसे के कारण उद्योग जगत को नया आत्मविश्वास मिला है। मोदी ने कहा, "मैं विनिर्माण और निर्यात क्षेत्र के हितधारकों को आश्वस्त करना चाहता हूं कि आने वाले वर्षों में भी यह जारी रहेगा। मैं आपसे आग्रह करता हूं कि आप आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ें और बड़े कदम उठाएं। देश के विनिर्माण और निर्यात क्षेत्र के लिए नए रास्ते खुले हैं।"

### एमएसएमई को मार्गदर्शन की जरूरत

प्रधानमंत्री ने कहा कि एमएसएमई को न केवल कर्ज, बल्कि मार्गदर्शन की भी जरूरत है। उन्होंने सुझाव दिया कि उद्योगों को उनके समर्थन के लिए मार्गदर्शन कार्यक्रम शुरू करने चाहिए। मोदी ने कहा कि किसी भी देश की प्रगति के लिए स्थिर नीति और बेहतर कारोबारी माहौल महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि सरकार ने केंद्र और राज्य स्तर पर 40,000 से अधिक अनुपालन समाप्त कर दिए हैं और जन विश्वास 2.0 विधेयक पर काम कर रही है।

# वाहन कलपुर्जा निर्यात 100 अरब होने की उम्मीद: रिपोर्ट



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत के वाहन कलपुर्जा उद्योग को अगले सात-आठ साल में 100 अरब डॉलर के निर्यात की उम्मीद है। एक अध्ययन रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है।

बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप की रिपोर्ट के मुताबिक, वित्त वर्ष 2023-24 में देश का वाहन कलपुर्जा निर्यात 21.2 अरब डॉलर तक पहुंच गया, जो वित्त वर्ष 2018-19 में 2.5 अरब डॉलर के घाटे में था। वाहन कलपुर्जा कंपनियों के संगठन एक्मा के सहयोग से तैयार इस रिपोर्ट में निर्यात के महत्वाकांक्षी लक्ष्य को हासिल करने के लिए एक व्यापक, बहुआयामी रणनीति पेश की गई है। भारतीय वाहन कलपुर्जा विनिर्माता संघ (एक्मा) की अध्यक्ष श्रद्धा सूरी मारवाह ने कहा, ''हमने न केवल सकारात्मक व्यापार संतुलन हासिल किया है, बल्कि व्यापार अधिशेष लगभग 50-150 करोड़ डॉलर तक पहुंच गया है।''

■ वित्त वर्ष 2023-24 में देश का वाहन कलपुर्जा निर्यात 21.2 अरब डॉलर रहा

### भारतीय कंपनियों को निर्यात बढ़ाना होगा

मारवाह ने कहा, ''हम इस वृद्धि चक्र को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं और अगले सात-आठ वर्षों में निर्यात में 100 अरब डॉलर का महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया है।'' एक्मा के महानिदेशक विन्नी मेहता ने कहा कि इस अवसर का पूरा लाभ उठाने के लिए प्रमुख भारतीय कंपनियों को अपना निर्यात पांच से 10 गुना बढ़ाने और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में गहरी पैठ हासिल करने का लक्ष्य रखना चाहिए।

# व्यापार युद्ध की चिंता में सोना 1,100 और चांदी में 1,500 रुपए का उछाल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आभूषण विक्रेताओं और स्टॉकिस्टों की लिवाली बढ़ने तथा मजबूत वैश्विक रुख के कारण मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने का भाव 1,100 रुपये बढ़कर 89,000 रुपये के स्तर पर पहुंच गया। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी।

■ सोना बढ़कर 89,000 रुपए के स्तर पर पहुंचा

99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव 1,100 रुपये बढ़कर 89,000 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। इसका पिछला बंद भाव 87,900 रुपये प्रति 10 ग्राम था। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव 1,100 रुपये बढ़कर 88,600 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। इसका पिछला बंद भाव 87,500 रुपये प्रति 10 ग्राम था। कारोबारियों ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा मंगलवार से कनाडा, मेक्सिको और चीन पर शुल्क की पुष्टि के बाद सराफा की कीमतों में उछाल आया। चीन और कनाडा ने भी अमेरिका के खिलाफ जवाबी कार्रवाई की घोषणा की, जिससे उत्तरी अमेरिका में व्यापार तनाव बढ़ गया। औद्योगिक मांग और सोने में तेजी के चलते चांदी की कीमत 1,500 रुपये बढ़कर 98,000 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। सोमवार को चांदी की कीमत 96,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। विदेशी मोर्चे पर, अप्रैल अनुबंधों के लिए कॉमेक्स सोना वायदा 32.70 डॉलर बढ़कर 2,933.80 डॉलर प्रति औंस हो गया। इस बीच, हाजिर सोना लगभग एक प्रतिशत बढ़कर 2,921.42 डॉलर प्रति औंस हो गया।



### कमजोर आंकड़ों से सोने में आया उछाल

गांधी ने कहा कि यह पिछले सप्ताह के कमजोर आवासीय आंकड़े, बढ़ते बेरोजगारी के दावों और उपभोक्ता खर्च में गिरावट के मद्देनजर आया है। आंकड़े जारी होने से इस बात की संभावना बढ़ी है कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व उम्मीद से पहले ब्याज दरों में कटौती करेगा।

# सेबी की कुल आय 48 फीसदी बढ़कर 2,075 करोड़ रुपए

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पूंजी बाजार नियामक सेबी की कुल आय वर्ष 2023-24 में सालाना आधार पर 48 प्रतिशत बढ़कर 2,075 करोड़ रुपये पर पहुंच गई। शुल्क और सदस्यता से आय बढ़ने से कुल आमदनी बढ़ी है।

सेबी के मंगलवार को सार्वजनिक किए गए वर्ष 2023-24 के वार्षिक खातों के विवरण के अनुसार, कुल आय में से, नियामक ने 1,851.5 करोड़ रुपये की शुल्क आय अर्जित की, जो इससे पिछले वित्त वर्ष में अर्जित 1,213.22 करोड़ रुपये से कहीं अधिक है। इसके अतिरिक्त, निवेश से होने वाली आय 161.42 करोड़ रुपये से बढ़कर 192.41 करोड़ रुपये हो गई




और अन्य आय 15 करोड़ रुपये से बढ़कर लगभग 18 करोड़ रुपये हो गई। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने माना कि शुल्क और सदस्यता इसकी आय के प्रमुख स्रोत हैं। आय की इस श्रेणी में वार्षिक शुल्क और सदस्यता से होने वाली आय, स्टॉक एक्सचेंजों से सूचीबद्धता शुल्क का योगदान, कंपनियों और बाजार अवसंरचना संस्थानों द्वारा दाखिल पंजीकरण, नवीनीकरण, आवेदन और प्रस्ताव दस्तावेजों से होने वाली आय शामिल है।

# सरकार ने रिलायंस की इकाई पर लगाया जुर्माना

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सरकार ने रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड की एक इकाई पर बैटरी सेल संयंत्र स्थापित करने की समयसीमा को पूरा करने में विफल रहने के लिए जुर्माना लगाया है। इसके लिए उसे उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन दिए गए थे।

कंपनी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। रिलायंस ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि उसकी अनुषंगी कंपनी रिलायंस न्यू एनर्जी बैटरी स्टोरेज लिमिटेड को तीन मार्च को भारी उद्योग मंत्रालय से एक पत्र मिला, जिसमें एक जनवरी, 2025 से प्रत्येक दिन की देरी के लिए प्रदर्शन सुरक्षा (50 करोड़ रुपये) की 0.1 प्रतिशत की दर से क्षतिपूर्ति वसूलने का निर्देश दिया गया है।




इसमें कहा गया है कि यह जुर्माना उन्नत रसायन सेल के लिए प्रदर्शन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना के तहत प्रदान की गई पांच गीगावाट घंटा विनिर्माण क्षमता के संबंध में मंत्रालय के साथ निष्पादित कार्यक्रम समझौते के तहत माइलस्टोन-1 को हासिल करने में देरी के लिए लगाया गया है। तीन मार्च, 2025 तक की गणना के अनुसार यह क्षतिपूर्ति या जुर्माना 3.1 करोड़ रुपये था। आरएनईबीएसएल ने उक्त माइलस्टोन-1 की के लिए समय बढ़ाने का अनुरोध किया है। हालांकि, फर्म ने न तो देरी के कारणों का और न ही लक्ष्य को पूरा करने की नई समयसीमा का खुलासा किया।

### इन कंपनियों ने जीती थी बोलियां

आरएनईबीएसएल के अलावा, राजेश एक्सपोर्ट्स और ओला इलेक्ट्रिक मोबिलिटी लिमिटेड की इकाई ने भी बैटरी सेल संयंत्र बनाने के लिए बोलियां जीती थीं। विनिर्माता इस परियोजना के लिए लक्ष्य पूरा करने पर 181 करोड़ रुपये के उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन के लिए पात्र थे, जिसका उद्देश्य उन्नत रसायन सेल बैटरी भंडारण की संचयी 30 गीगावाट घंटा क्षमता का निर्माण करना था।

## इस्पात की मांग बढ़ती रहेगी: टाटा संस चेयरमैन

**जमशेदपुर।** टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने कहा कि मौजूदा वैश्विक भू-राजनीतिक स्थिति के बावजूद इस्पात की मांग बढ़ेगी। चंद्रशेखरन ने टाटा स्टील के संस्थापक जेएन टाटा की 186वीं जयंती पर आयोजित समारोह में कहा कि सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि 'इस्पात की मांग बढ़ती रहेगी और ऐसी स्थिति का सामना करने का सबसे अच्छा तरीका दक्षता और लागत प्रबंधन के साथ तैयार रहना और उत्पादकता बढ़ाना है।' उन्होंने यह भी कहा कि कंपनी को प्रौद्योगिकी अपनाने के लिए सरकार, उसकी नीतियों, कर्मचारियों और श्रमिक संघों की मदद की जरूरत होगी। चंद्रशेखरन ने कहा, 'प्रबंधन को विस्तार करने, दक्षता बनाए रखने, लागत प्रबंधन और उत्पादकता बढ़ाने के लिए साहसी होना होगा। साथ ही जमशेदपुर सहित निवेश जारी रखने का भरोसा देना होगा।'



# सेंसेक्स 73,000 अंक से नीचे फिसला

## निफ्टी में लगातार दसवें दिन गिरावट

एजेंसी ▶▶| मुंबई

मानक सूचकांक बीएसई सेंसेक्स मंगलवार को लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में नुकसान में रहा और यह 96 अंक की गिरावट के साथ 73,000 अंक के नीचे बंद हुआ। शुल्क युद्ध को लेकर चिंता गहराने और विदेशी संस्थागत निवेशकों की लगातार पूंजी निकासी के बीच वैश्विक बाजारों में गिरावट का असर स्थानीय बाजार पर भी पड़ा।

■ शुल्क युद्ध को लेकर चिंता गहराई

बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 96.01 अंक गिरावट के साथ 72,989.93 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 452.4 अंक तक लुढ़क गया था। सेंसेक्स के तीस शेयरों में से 18 नुकसान में, जबकि 12 लाभ में रहे। एनएसई के मानक सूचकांक निफ्टी में लगातार 10वें कारोबारी सत्र में गिरावट रही और यह 36.65 अंक यानी 0.17 प्रतिशत की गिरावट के साथ 22,082.65 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 22,000 अंक के नीचे



### व्यापार तनाव बढ़ने से गिरावट

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, "घरेलू बाजार आज के निचले स्तर से ऊपर आने में सफल रहा लेकिन वैश्विक व्यापार तनाव बढ़ने से संबंधित प्रतिकूल संकेतों के कारण यह गिरावट के साथ बंद हुआ।"

21,974.45 अंक पर खुला लेकिन बाद में इसने कुछ नुकसान की भरपाई कर ली। सेंसेक्स के शेयरों में बजाज फिनसर्व, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, नेस्ले इंडिया, एशियन पेंट्स, भारती एयरटेल, सन फार्मास्युटिकल्स, इन्फोसिस, मारुति सुजुकी इंडिया, टाइटन, हिंदुस्तान यूनिलीवर और रिलायंस इंडस्ट्रीज प्रमुख रूप से नुकसान में रहे। दूसरी ओर, लाभ में रहने वाले शेयरों में भारतीय स्टेट बैंक, जोमैटो, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, अदाणी पोर्ट्स, पावर ग्रिड, टाटा स्टील और एचडीएफसी बैंक शामिल हैं।

## पिछले साल सितंबर में इंपोर्ट ड्यूटी में किए गए इजाफा का असर देखने मिला

# खाने के तेल की कीमतों में लगी आग, आयात ड्यूटी बढ़ाई गई

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पिछले साल सितंबर के महीने में खाने के तेल के इंपोर्ट पर ड्यूटी में इजाफा किया गया था। उसका असर लगातार देखने को मिला। अगर मौजूदा साल की बात करें तो खाने के तेल में 3 रुपए से लेकर 11 रुपए का इजाफा देखने को मिला है। वहीं दूसरी ओर मौजूदा साल में खाने के तेल के इंपोर्ट में भी गिरावट देखने को मिली है। फरवरी के महीने में खाने के तेल का इंपोर्ट 4 साल के लोअर लेवल पर पहुंच गया है। जानकारों के अनुसार खाने के तेल के इंपोर्ट कम होने का प्रमुख कारण इंपोर्ट ड्यूटी ज्यादा होगा। आने वाले दिनों में इंपोर्ट ड्यूटी में और इजाफे के संकेत मिलते है। इंपोर्ट ड्यूटी में इजाफे का मकसद लोकल फार्मर्स को सपोर्ट करना है। लेकिन इंपोर्ट में कमी और स्टोरेज में कमी आने की वजह से आने वाले दिनों में खाने के तेल में और महंगाई बढ़ने की संभावना है।

■ खाने के तेल में 3 से लेकर 11 रुपए की वृद्धि देखने मिल रही



### इंपोर्ट में बड़ी गिरावट

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार सोया ऑयल और सूरजमुखी ऑयल के इंपोर्ट में गिरावट के कारण फरवरी में भारत का खाद्य तेल इंपोर्ट चार साल के निचले स्तर पर पहुंच गया, हालांकि पाम तेल का आयात जनवरी में लगभग 14 साल के निचले स्तर से सुधरा है। लगातार दूसरे महीने सामान्य से कम इंपोर्ट के कारण दुनिया के सबसे बड़े वनस्पति तेल खरीदार के स्टॉक में कमी आई है और आने वाले महीनों में भारत को खरीद बढ़ाने के लिए मजबूर होना पड़ सकता है, जिससे मलेशियाई पाम तेल की कीमतों और अमेरिकी सोया तेल वायदा को सपोर्ट मिलेगा।

### फरवरी में पाम तेल का आयात 36 फीसदी बढ़ा

*डीलर्स के अनुमान के अनुसार, पाम तेल का इंपोर्ट फरवरी में पिछले महीने से 36 फीसदी बढ़कर 374,000 मीट्रिक टन हो गया, जो जनवरी में मार्च 2011 के बाद से अपने सबसे निचले स्तर पर आ गया था। भारत ने अक्टूबर 2024 में समाप्त होने वाले विपणन वर्ष में हर महीने औसतन 750,000 टन से अधिक पाम तेल का इंपोर्ट किया। डीलर्स ने बताया कि फरवरी में सोया तेल का इंपोर्ट एक महीने पहले की तुलना में 36 फीसदी घटकर 284,000 मीट्रिक टन रह गया, जो आठ महीनों में सबसे कम है, जबकि सूरजमुखी तेल का आयात 22 फीसदी घटकर 226,000 मीट्रिक टन रह गया, जो पांच महीनों में सबसे कम है।*

### किस ऑयल के इंपोर्ट में कितनी गिरावट

*डीलरों के अनुमान के अनुसार, सोया तेल और सूरजमुखी तेल की कम खेप ने फरवरी में देश के कुल खाद्य तेल आयात को 12 फीसदी से घटाकर 884,000 टन कर दिया, जो फरवरी 2021 के बाद सबसे कम है। वनस्पति तेल ब्रोकरेज ने कहा कि विदेशों में ऊंची कीमतों और स्थानीय खाद्य तेलों की अधिक सप्लाई ने रिफाइनरों को फरवरी में इंपोर्ट कम करने के लिए प्रेरित किया। डीलरों का अनुमान है कि फरवरी में कम आयात ने भारत में खाद्य तेल के स्टॉक को एक महीने पहले की तुलना में 26 फीसदी घटाकर 1 मार्च को 1.6 मिलियन टन कर दिया है, जो 4 साल से अधिक समय में सबसे कम है।*

चिंतन

# किफायती स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित करें सरकारें

भारत को अपनी सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा को प्राथमिकता देनी होगी। इसे निजी क्षेत्र के भरोसे छोड़ना आमजन की सेहत से खिलवाड़ होगा। सुप्रीम कोर्ट ने दो टूक कहा है कि 'राज्य सरकारें किफायती चिकित्सा और बुनियादी ढांचा देने में नाकाम रही हैं। इससे प्राइवेट अस्पतालों को बढ़ावा मिल रहा है। इसे रोकने के लिए केंद्र सरकार को गाइडलाइन बनानी चाहिए। यह केंद्र सरकार के लिए आईना है। सरकारों का लोक कल्याण संवैधानिक दायित्व है, जिसमें सस्ती स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध करना शामिल है। स्वास्थ्य सेवा राज्यों की जिम्मेदारी रही है, लेकिन राज्य सरकारों ने इसे प्राथमिकता के स्तर पर नहीं लिया, जिसके चलते निजी क्षेत्र में चिकित्सा मुनाफे का व्यवसाय बन कर रह गई। सर्वोच्च न्यायालय ने इसी परिदृश्य पर चिंता जताई है। जस्टिस सूर्यकांत और एनके सिंह की बेंच ने कहा, 'यह जरूरी है कि राज्य सरकारें अपने अस्पतालों में दवाएं और मेडिकल सेवाएं सस्ती कीमतों पर उपलब्ध कराएं ताकि मरीजों का शोषण न हो'। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट एक याचिका पर सुनवाई कर रहा था, जिसमें आरोप लगाया गया था कि निजी अस्पतालों में मरीजों और उनके परिवारों को अस्पताल की फार्मेसी से महंगी दवाएं और मेडिकल इक्विपमेंट खरीदने के लिए मजबूर किया जाता है और मांग की गई थी कि इसे रोकने के लिए केंद्र और राज्य सरकारों को आदेश दिया जाए। उच्चतम न्यायालय ने केंद्र से गाइडलाइन जारी करने को कहा है, जिससे निजी अस्पताल आम लोगों का शोषण न कर सकें। कोर्ट ने राज्य सरकारों से कहा है कि वे निजी अस्पतालों को नियंत्रित करें, जो मरीजों को अस्पताल की दुकान से दवाई खरीदने के लिए मजबूर करते हैं। खासकर वे दवाइयां जो किसी और जगह सस्ते में मिल जाती हैं। इससे पहले भी सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में सभी राज्यों को नोटिस भेजा था। ओडिशा, अरुणाचल प्रदेश, छत्तीसगढ़, बिहार, तमिलनाडु और राजस्थान समेत कई राज्यों ने जवाब दाखिल किए थे। दवाइयों की कीमतों के मुद्दे पर राज्य केंद्र सरकार के मूल्य नियंत्रण आदेश पर निर्भर हैं। केंद्र सरकार ही तय करती है कि किस दवा की क्या कीमत होगी। देश में स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर कई सारी अनियमितताएं हैं। जनसंख्या के अनुपात में अस्पतालों, दवाओं, चिकित्सकों, नर्सों, प्रशिक्षित स्वास्थ्य कर्मियों, चिकित्सा उपकरणों, जांच उपकरणों आदि की कमी हैं। लचर सरकारी स्वास्थ्य सेवा के चलते निजी क्षेत्र को सेवा के नाम पर मनमानियों का अवसर मिलता है। दवाओं की कीमतें भी लागत व मुनाफे के अनुपात में अत्यधिक होती हैं। इसमें सरकार लचर साबित हुई है। सार्वजनिक व निजी क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाओं को रेगुलेट करने के लिए केंद्र सरकार को सेबी, ट्राई, इरडा की तरह तत्काल एक नियामक बनाना चाहिए। स्वास्थ्य बीमा का दायरा बढ़ाना चाहिए, बीमा के नाम पर अस्पतालों में फिजूल बिलिंग पर रोक लगनी चाहिए। बजट, सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच, चिकित्सा पेशेवरों की कमी, अनुसंधान, उपचार से जुड़े डेटा, चिकित्सा की क्वालिटी, स्वास्थ्य सेवाओं में भ्रष्टाचार, अनैतिकता, जवाबदेही की कमी आदि समस्याएं हैं, जिन्हें दूर करने की जरूरत है। भारत युवा के साथ बुजुर्ग आबादी वाला देश भी है, इस क्षेत्र में रोजगार की भी अपार संभावनाएं हैं। भारत में किफायती स्वास्थ्य सेवा में ग्लोबल लीडर बनने की क्षमता है, इसलिए सरकार को इस क्षेत्र में बड़ा निवेश करना चाहिए। सालाना सरकारी स्वास्थ्य वर्ल्ड क्लास का बनाया जाना चाहिए।



अर्थव्यवस्था
योगेश कुमार गोयल

# मजबूत अर्थव्यवस्था के कमजोर बाजार

निरंतर पांच महीने की गिरावट ने निवेशकों की चिंता और अनिश्चितता बढ़ा दी है। सेंसेक्स और निफ्टी जैसे प्रमुख सूचकांक बड़ी गिरावट का सामना कर रहे हैं, जिससे निवेशकों की संपत्ति में भारी कमी आई है। 27 सितंबर 2024 को जो सेंसेक्स 85978 के रिकॉर्ड शिखर पर था, वह 28 फरवरी तक ही 12780 अंक टूट चुका है। अक्टूबर 2024 से निफ्टी हर महीने गिरावट के साथ बंद हो रहा है और यह पिछले पांच महीनों में ही 12 प्रतिशत नीचे आ चुका है। करीब 28 वर्ष पूर्व भी शेयर बाजार के ऐसे ही हालात देखने को मिले थे, जब निफ्टी लगातार 5 महीने तक टूटा था। 1996 के बाद यह पहली बार है, जब बाजार लगातार पांच महीने गिरावट के साथ बंद हुआ है।

भारतीय शेयर बाजार इस समय कठिन दौर से गुजर रहा है, जो पिछले कुछ महीनों से लगातार गिरावट के दौर से गुजर रहा है। निरंतर पांच महीने की गिरावट ने निवेशकों की चिंता और अनिश्चितता बढ़ा दी है। बाजार के जानकार इसे एक 'डेंजर जोन' की तरह देख रहे हैं। सेंसेक्स और निफ्टी जैसे प्रमुख सूचकांक बड़ी गिरावट का सामना कर रहे हैं, जिससे निवेशकों की संपत्ति में भारी कमी आई है। 27 सितंबर 2024 को जो सेंसेक्स 85978 के रिकॉर्ड शिखर पर था, वह 28 फरवरी तक ही 12780 अंक टूट चुका है। अक्टूबर 2024 से निफ्टी हर महीने गिरावट के साथ बंद हो रहा है और यह पिछले पांच महीनों में ही 12 प्रतिशत नीचे आ चुका है। करीब 28 वर्ष पूर्व भी शेयर बाजार के ऐसे ही हालात देखने को मिले थे, जब निफ्टी लगातार 5 महीने तक टूटा था। 1996 के बाद यह पहली बार है, जब बाजार लगातार पांच महीने गिरावट के साथ बंद हुआ है। हालांकि अक्टूबर 2024 से फरवरी 2025 के बीच निफ्टी करीब 12 प्रतिशत टूटा है लेकिन इस दौरान निवेशकों का बहुत बड़ा नुकसान हो चुका है। 30 सितंबर 2024 को बीएसई पर सूचीबद्ध कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण 474 लाख करोड़ रुपये था, जो 28 फरवरी 2025 तक घटकर 384 लाख करोड़ रुपये रह गया, जिसका सीधा सा अर्थ है कि केवल पांच महीनों में ही निवेशकों की 90 लाख करोड़ की संपत्ति डूब चुकी है। शेयर बाजार में गिरावट का यह सिलसिला अभी थमने की भी उम्मीद नहीं जताई जा रही। ऐसे में शेयर बाजार में मचे इस हाहाकार के कारण क्या हैं, इसकी पड़ताल करना बहुत जरूरी हो जाता है।

बाजार के कुछ जानकारों के मुताबिक, उच्च स्तरों पर मुनाफा वसूली के कारण भी बाजार में गिरावट आई है, जो एक सामान्य प्रक्रिया मानी जाती है, जहां निवेशक लाभ कमाने के लिए अपने निवेश को बेचते हैं, जिससे बाजार में अस्थायी गिरावट होती है। कई बार नकारात्मक खबरों और बाजार की अस्थिरता के कारण निवेशक घबराहट में अपने शेयर बेचने लगते हैं, जिससे बिकवाली का दबाव बढ़ता है और बाजार में तेजी से गिरावट आती है। हालांकि शेयर बाजार में इस गिरावट के पीछे कई कारक जिम्मेदार हैं, जिनमें वैश्विक आर्थिक मंदी का प्रभाव, भारतीय बैंकों की कमजोर कमाई की अफवाहें, एमएससीआई और घरेलू निवेशकों की ऊहापोह की स्थिति, अमेरिकी बॉन्ड यील्ड में वृद्धि, विदेशी निवेशकों (एफआईआई) की निरंतर बिकवाली, एफआईआई की चीन में रुचि, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नीतिगत फैसले, घरेलू आर्थिक संकेतकों में कमजोरी, कंपनियों के कमजोर तिमाही परिणाम, वैश्विक भू-राजनीतिक तनाव, अमेरिकी डॉलर की मजबूती, तकनीकी सुधार और मुनाफा वसूली इत्यादि प्रमुख हैं। भारतीय बैंकों की कमजोर कमाई की अफवाहों से बाजार में नकारात्मक धारणा बनी और बिकवाली का दबाव बढ़ा, वहीं वैश्विक स्तर पर ब्याज दरों में वृद्धि और अमेरिकी बॉन्ड यील्ड में वृद्धि के कारण भी विदेशी निवेशक भारतीय बाजार से पैसा निकाल रहे हैं।

भारतीय बाजार से विदेशी निवेशक अपना धन निकालकर चीन की ओर मोड़ रहे हैं, जिससे बिकवाली का दबाव बढ़ा है। चीन के बाजारों में मजबूत रिकवरी से भारतीय शेयर बाजार में गिरावट बढ़ रही है। एफआईआई



फ्लो में आए बड़े बदलाव को इसी से समझा जा सकता है कि भारतीय शेयर बाजार में विदेशी निवेशकों का निवेश दो वर्ष के सबसे निचले स्तर पर आ गया है। अक्टूबर 2024 के बाद से भारत का मार्केट कैप जहां करीब एक ट्रिलियन डॉलर कम हो गया है, वहीं चीन का मार्केट कैप 2 ट्रिलियन डॉलर बढ़ गया है। दुनिया के विभिन्न हिस्सों में विभिन्न भू-राजनीतिक तनावों के कारण वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में उत्पन्न होते व्यवधान के चलते भारतीय कंपनियों के लिए निर्यात और आयात में चुनौतियां बढ़ रही हैं, जो भारतीय शेयर बाजार में नकारात्मक प्रभाव डाल रही हैं। भारतीय रुपये में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले लगातार कमजोरी देखी जा रही है, जिससे आयातित वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि हुई है। इससे मुद्रास्फीति पर दबाव बढ़ा है और भारतीय कंपनियों की लाभप्रदता प्रभावित हुई है।

उच्च मुद्रास्फीति के कारण भारतीय रिजर्व बैंक पर ब्याज दरों में वृद्धि का दबाव बढ़ रहा है। ब्याज दरों में वृद्धि से उधारी की लागत बढ़ेगी, जिससे कंपनियों की लाभप्रदता पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। इस संभावना के कारण भी निवेशकों में चिंता बढ़ी है, जिससे बाजार में बिकवाली का दबाव देखा गया है। अमेरिका के राष्ट्रपति बनने के बाद डोनाल्ड ट्रंप के नीतिगत फैसलों के अंतर्गत अमेरिका द्वारा व्यापार शुल्क बढ़ाने और चीन पर अतिरिक्त टैक्स लगाने की घोषणाओं के कारण भी वैश्विक बाजार में अस्थिरता बढ़ी है। भारत पर भी अमेरिका द्वारा आयात शुल्क बढ़ाए जाने की संभावनाओं के चलते इसका असर भारतीय शेयर बाजार पर पड़ा है। वैश्विक आर्थिक मंदी की आशंका और अमेरिका तथा यूरोप में आर्थिक गतिविधियों की सुस्ती ने निवेशकों की धारणा को प्रभावित किया है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने वैश्विक आर्थिक वृद्धि के अनुमान को घटाया है, जिससे निवेशकों में भय का माहौल बना है। इस वैश्विक अनिश्चितता के कारण विदेशी निवेशक भारतीय बाजार से पूंजी निकाल रहे हैं, जिससे बाजार में बिकवाली का दबाव बढ़ा है। घरेलू मोर्चे पर भी आर्थिक संकेतकों में कमजोरी देखी जा रही है। महंगाई दर में वृद्धि, औद्योगिक उत्पादन में सुस्ती और बेरोजगारी दर में बढ़ोतरी जैसी समस्याओं ने बाजार पर नकारात्मक असर डाला है। इन आर्थिक चुनौतियों के कारण निवेशकों का विश्वास कमजोर हुआ है, जिससे बाजार में गिरावट देखी गई है। शेयर बाजार की गिरावट का असर लगभग सभी सेक्टरों पर पड़ा है। आईटी, ऑटो, मीडिया, टेलीकॉम सहित बैंकिंग और एफएमसीजी सेक्टर में 20-25 प्रतिशत तक की गिरावट दर्ज की गई है। कंपनियों की पिछली तिमाही के परिणाम भी उम्मीदों पर खरे नहीं उतरे, जिससे निवेशकों का विश्वास कमजोर हुआ है और उसके कारण भी शेयर बाजार में बिकवाली का दबाव बढ़ा है। बाजार में लार्ज-कैप और मिड-कैप स्टॉक्स के ओवर वैल्यूएशन के कारण तथा बढ़ी हुई अस्थिरता के चलते बाजार में अनिश्चितता बनी हुई है।

हालांकि, बाजार के कुछ जानकारों का मानना है कि यदि दीर्घकालिक दृष्टिकोण से देखा जाए तो भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत बनी हुई है और बाजार में मौजूदा गिरावट को एक अवसर के रूप में भी देखा जा सकता है, जहां निवेशक कम कीमतों पर अच्छे शेयर खरीद सकते हैं। बहरहाल, शेयर बाजार में मचे हाहाकार के इस दौर में धैर्य रखना और दीर्घकालिक निवेश दृष्टिकोण अपनाना सबसे उचित रणनीति हो सकती है। ऐसे माहौल में यह जिम्मेदारी सरकार और वित्तीय संस्थानों की ही है कि वे बाजार में स्थिरता लाने के लिए ठोस कदम उठाएं और निवेशकों का भरोसा बनाए रखने के लिए बाजार में हस्तक्षेप करते हुए नीतिगत फैसले लें। निवेशकों को भी धैर्य बनाए रखना होगा और बाजार के उतार-चढ़ाव को समझते हुए रणनीतिक रूप से निवेश करना होगा।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

मोटापा
डॉ. मोनिका शर्मा



# शारीरिक स्थूलता से जूझती स्त्रियां


मोटापा, शारीरिक बनावट भर बिगाड़ने से कहीं बढ़कर अपने आप में व्याधि बन चुका है। स्वास्थ्य से जुड़ी अनगिनत समस्याओं को न्योता देने वाली ओबेसिटी के घेरे में भी महिलाएं अधिक हैं। असल में स्वास्थ्य सम्बन्धित कुछ अलग पहलुओं के कारण महिलाओं में मोटापे की संभावना पुरुषों की तुलना में थोड़ी अधिक होती है। हार्मोन असंतुलन, गर्भावस्था, घरेलू व्यस्तता में उचित शारीरिक गतिविधियों का अभाव और मानसिक तनाव जैसे कारण आधी आबादी में शारीरिक स्थूलता के आंकड़े बढ़ा रहे हैं। हमारे देश में 10 करोड़ से ज्यादा लोग मोटापे से जूझ रहे हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट मुताबिक वैश्विक स्तर पर हर 8 में से 1 व्यक्ति मोटापे की जद में है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-5 के अनुसार 24 प्रतिशत भारतीय महिलाओं और 23 प्रतिशत भारतीय पुरुषों का वजन अधिक है। कुछ समय पहले द लैंसेट में प्रकाशित अध्ययन के अनुसार भारत में महिलाओं में मोटापे की दर 1990 में 1.2 प्रतिशत थी। वर्ष 2022 में महिलाओं में शारीरिक स्थूलता की यह दर 9.8 फीसदी हो गई। वहीं, पुरुषों में मोटापे की दर 1990 में 0.5 प्रतिशत से 2022 में 5.4 फीसदी तक पहुंची है।चिंतनीय यह भी है कि नई पीढ़ी को भी मोटापा अपनी गिरफ्त में ले रहा है। इस अध्ययन के अनुसार 1990 में लड़कियों में 0.1 फीसदी रही मोटापे की दर 2022 तक बढ़कर 3.1 फीसदी हो गई है। मौजूदा दौर के खानपान और रहन-सहन को देखते हुए तकलीफदेह यह है कि कम उम्र में बढ़ते वजन की समस्या भी एक तरह का कुपोषण ही है। बीते दिनों मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी ने भी गंभीर स्वास्थ्य संकट बनते मोटापे को लेकर कहा था 'मोटापे से निपटना केवल व्यक्तिगत चुनाव नहीं है, बल्कि परिवार के प्रति हमारी जिम्मेदारी भी है।' महिलाएं तो हमारी पारिवारिक व्यवस्था की धुरी हैं।



व्याधियों की जड़ मानी जाने वाली स्थूलता से बिगड़ता आधी आबादी का स्वास्थ्य चिंता ही चिंतन का भी विषय है। विचारणीय है कि महिलाओं के शरीर और मनःस्थिति से जुड़े कई कारण मोटापा बढ़ा रहे हैं। ध्यातव्य है कि पॉलीसिस्टिक ओवरी सिंड्रोम जैसी परेशानी प्रजनन आयु वर्ग की महिलाओं में हार्मोन असंतुलन से जुड़ा अहम विकार है। लगभग 15 से 45 वर्ष की आयु वर्ग में पॉलीसिस्टिक ओवरी सिंड्रोम पीड़ित अधिकांश महिलाओं में मोटापे की समस्या भी होती है। इसी के चलते किशोरियां और युवतियां भी ओबेसिटी की मुसीबत से जूझ रही हैं। इतना ही नहीं, रजोनिवृत्ति के बाद भी उम्रदराज महिलाओं में शारीरिक स्थूलता तेज़ी से बढ़ती है। चिंतनीय है कि अपनों की सेहत संभालने वाली स्त्रियों में शारीरिक स्थूलता दूसरे रोगों का जोखिम भी बढ़ा रही हैं। मोटापे की शिकार महिलाओं में हृदय रोग, मधुमेह, स्तन कैंसर, हड्डियों से जुड़ी व्याधियां, उच्च रक्तचाप और गर्भधारण में परेशानी होने की संभावना स्वस्थ वजन वाली स्त्रियों की तुलना में अधिक होती है। दरअसल भारत ही नहीं वैश्विक स्तर पर भी स्त्रियों में मोटापे के आंकड़े बढ़ रहे हैं। द लैंसेट में छपे अध्ययन के मुताबिक ब्रिटेन में महिलाओं में मोटापे की दर 1990 में 13.8 प्रतिशत से बढ़कर 2022 में 28.3 फीसदी तक जा पहुंची है। वहीं अमेरिका में आधी आबादी में शारीरिक स्थूलता की दर 1990 में 21.2 फीसदी से बढ़कर 2022 में 43.8 फीसदी हो गई। स्पष्ट है कि संसार के हर हिस्से में ही तकनीकी विस्तार और शारीरिक निष्क्रियता के चलते साल-दर-साल मोटापे के आंकड़े बढ़ ही रहे हैं। असल में आयु और लिंग भेद से परे स्वस्थ-सक्रिय जीवनशैली से ही स्वस्थ वजन पाया जा सकता है। हर साल 4 मार्च को मनाये जाने वाले विश्व मोटापा दिवस पर स्वस्थ-सधी जीवनचर्या अपनाने को लेकर जागरूकता लाने का प्रयास किया जाता है। मोटापे के जोखिमों को कम करने के लिए सजगता लाने की कवायद की जाती है। वर्ष 2025 में विश्व मोटापा दिवस की थीम 'चेंजिंग सिस्टम्स, हेल्दीयर लाइव्स' है। यानि समग्र व्यवस्था के बदलाव से ही स्वस्थ जीवन पाया जा सकता है। मोटापे को केवल व्यक्तिगत परेशानी मानने के बजाय स्वास्थ्य सेवाओं, सार्वजनिक नीतियों, सामाजिक संरचनाओं और भोजनशैली की प्रणालियों में व्यापक बदलाव की दरकार है। बदलावों की इस बुनियाद पर ही स्वस्थ भविष्य पाया सकता है। खान-पान हो या सक्रिय दिनचर्या, सेहत सहेजने वाली आदतों से घर के हर सदस्य को जोड़ने स्त्रियां स्वयं भी अपने वजन को लेकर सजग हों।

(लेखिका स्वतंत्र टिप्पणीकार और स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## सुख की चाह के लिए तप की साधना ज़रूरी



संकलित
दर्शन

तप संकल्प की प्राप्ति का एकमात्र उपाय है। जिसे सत्य संकल्प द्वारा सुख की चाह है, उसे तप की साधना अवश्य करनी चाहिए। संकल्प के दृढ़ एवं सत्य न होने का सबसे बड़ा कारण तप की कमी होता है। जो व्यक्ति अपने स्थूल और सूक्ष्म शरीर के द्वारा तप नहीं करता, वह अपने संकल्पों को कभी प्राप्त नहीं कर सकता। तप से हमें अपने मन और तन, दोनों को पक्का बनाना होता है। जैसे मिट्टी का कच्चा घड़ा पानी डालने पर गल जाता है। वह अग्नि में बिना तपे कभी जल नहीं ला सकता। इसी प्रकार जब तक मनुष्य अपने जीवन को तप द्वारा पक्का नहीं बनाता, तब तक वह कभी भी अपने संकल्पों की सिद्धि को धारण नहीं कर सकता। तप से जीवन की समस्त अशुद्धियां दूर होती हैं। अशुद्धियों के दूर होने से शरीर और इंद्रियों को विशेष सिद्धि मिलती। तभी कहा जाता है कि तप से सभी कुछ साध्य है। वेदों में भी तप की महिमा और आवश्यकता का अनेक स्थानों पर वर्णन किया गया है। कल्याण की कामना करने वाले ऋषिगण भी प्रथम तप और दीक्षा का ही अनुष्ठान करते हैं। श्रीमद्भागवत कथा के द्वितीय स्कंध में श्री भगवान ब्रह्मजी से कहते हैं कि 'मैं इस दृश्यमान अखिल प्रपंच को तप द्वारा रचता हूं और पुनः तप द्वारा ही ग्रसित कर लेता हूं। मैं तप द्वारा ही इस विश्व का भरण-पोषण करता हूं और मेरा अत्यंत तेजस्वी पराक्रम तप ही है। तप द्वारा वह तेज और वह शक्ति प्राप्त की जा सकती है, जो किसी भी संकल्प की प्रतिपूर्ति का आधार बनती है।'


## जरूरतमंदों की मदद ही सबसे बड़ी सेवा



संकलित
प्रेरणा

एक वैद्य गुरु गोविंद सिंह के दर्शन के लिए आनन्दपुर गया। वहां गुरुजी से मिलने पर उन्होंने कहा कि जाओ और जरूरतमंदों को सेवा करो। वापस आकर वह रोगियों की सेवा में जुट गया। शीघ्र ही वह पूरे शहर में प्रसिद्ध हो गया। एक बार गुरु गोविंद सिंह स्वयं उसके घर पर आए। वह बहुत प्रसन्न हुआ, लेकिन गुरुजी ने कहा कि वे कुछ देर ही ठहरेंगे। तभी एक व्यक्ति भागता हुआ आया और बोला- वैद्य जी, मेरी पत्नी की तबियत बहुत खराब है। जल्दी चलिए अन्यथा बहुत देर हो जाएगी। वैद्य जी असमंजस में पड़ गए। एक ओर गुरु थे, जो पहली बार उनके घर आए थे। दूसरी ओर एक जरूरतमंद रोगी था। अंततः वैद्यजी ने कर्म को प्रधानता दी और इलाज के लिए चले गए। लगभग दो घण्टे के इलाज और देखभाल के बाद रोगी की हालत में सुधार हुआ। तब वे वहाँ से चले, उदास मन से उन्होंने सोचा कि गुरुजी के पास समय नहीं था। अबतक तो वे चले गए होंगे फिरभी वैद्यजी भागते हुए वापस घर पहुँचे। घर पहुँचकर उन्हें घोर आश्चर्य हुआ। गुरुजी बैठे उनकी प्रतीक्षा कर रहे थे। वैद्यजी उनके चरणों पर गिर पड़े। गुरु गोविंद सिंह जी ने उन्हें गले से लगा लिया और कहा- तुम मेरे सच्चे शिष्य हो। सबसे बड़ी सेवा जरूरतमंदों की मदद करना है।

## हिमखंड का प्रकोप



लाहौल-स्पीति। पहाड़ी क्षेत्र में जमी बर्फ से हिमाचल प्रदेश के लाहौर-स्पीति जिले में पीर पंजाल चोटी से आए एक हिमखंड ने चंद्रभागा नदी के बहाव को अवरुद्ध कर दिया।

## आज की पाती


### शेयर धारकों को नुकसान

आजकल शेयर बाजार में गिरावट की खबरें सुर्खियों में हैं। इससे बहुत से लोगों को आर्थिक नुकसान भी हो रहा है। शेयर बाजार में ऐसी गिरावट काफी वर्षों बाद देखने को मिल रही है। इस गिरावट से बहुत से उन लोगों की उम्मीदें धराशायी हुई जिनका कारोबार ही शेयर बाजार पर निर्धारित है। शेयर कब औंधे मुंह गिरे, कोई पता नहीं, क्योंकि शेयर बाजार कंपनियों पर ही ज्यादा निर्भर होता है और कोई बड़ी कंपनी कब घाटे में चली जाए, यह पता नहीं चलता। दूसरा, शेयर बाजार दुनिया के किसी भी देश में होने वाले युद्ध से प्रभावित होते हैं। हमारे देश में कम लोग ही शेयर बाजार के बारे में जानते हैं, इसलिए यह कहना उचित होगा कि हमारे देश में शेयर बाजार में निवेश करना ही बेहतर विकल्प नहीं है।

*– राकेश गुप्ता, महासमुंद*

## ट्रेंड

### स्टॉकर को बधाई



महामहिम क्रिश्चियन स्टॉकर को ऑस्ट्रिया के संघीय चांसलर के रूप में शपथ लेने पर हार्दिक बधाई। भारत-ऑस्ट्रिया संवर्धित भागीदारी आने वाले वर्षों में निरंतर प्रगति करने के लिए तैयार है। मैं आपके साथ मिलकर काम करने के लिए तत्पर हूँ

**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### सौतेला रवैया



भारत सभी धर्मों को सम्मान देने वाला धर्मनिरपेक्ष देश है। ऐसे में सरकारों को बिना पक्षपात के सभी धर्मों के मानने वालों के साथ एक जैसा बर्ताव करना चाहिए, किन्तु मुसलमानों के साथ धार्मिक मामलों में भी जो सौतेला रवैया अपनाया जा रहा है।

**-मायावती, पूर्व सीएम, उप्र**

### सूचना का अधिकार कानून



एक तरफ़ भ्रामक और दुष्प्रचार में भारत पिछले वर्षों से शीर्ष स्थान पर आ रहा है, दूसरी तरफ़मोदी सरकार कांग्रेस-संप्रग द्वारा लागू किए गए सूचना का अधिकार कानून को, डेटा संरक्षण कानून लाकर कमज़ोर करने पर तुली हुई है।

**-मल्लिकार्जुन खरगे,कांग्रेस अध्यक्ष**

### अनंत अस्तित्व की स्वीकृति



पश्चिमी मन आस्था के विचार को समझ नहीं पाता, यह आस्था को केवल धर्म के रूप में देखता है। हमारे लिए आस्था हमारे कोशिका-सत्ता के मूल से लेकर उस विशाल अनंत अस्तित्व की स्वीकृति की भावना तक फैली हुई है जिसे हम ब्रह्माण्ड कहते हैं।

**-शेखर कपूर, फिल्मकार**

## करंट अफेयर


### दक्षिणी गोलार्द्ध का सबसे बड़ा मंदिर होगा बीएपीएस



अबूधाबी के बाद अब जोहानिसबर्ग के सबसे व्यस्त और खूबसूरत लैनसेरिया कॉरिडोर में 37,000 वर्ग मीटर में फैले बीएपीएस मंदिर और सांस्कृतिक परिसर के निर्माण के पहले चरण का काम पूरा हो चुका है और अगले तीन साल में तैयार होने वाला यह दक्षिणी गोलार्द्ध में सबसे बड़ा हिंदू मंदिर होगा। पिछले साल फरवरी में अबूधाबी में मध्य पूर्व के पहले अलंकृत नक्काशीदार हिंदू मंदिर के उद्घाटन के बाद बोचासनवासी अक्षर पुरूषोत्तम स्वामीनारायण संस्था (बीएपीएस) ने दक्षिण अफ्रीका में इस मंदिर पर युद्धस्तर पर काम शुरू किया। पिछले महीने मंदिर के 33,000 वर्ग मीटर में फैले सांस्कृतिक परिसर का उद्घाटन मौजूदा गुरू महंत स्वामी महाराज की मौजूदगी में हुआ और अब दूसरे चरण में 2,500 वर्ग मीटर के परिसर वाले पारंपरिक मंदिर पर काम शुरू होगा। खूबसूरत लैनसेरिया कॉरिडोर में बन रहे इस मंदिर को बहुसांस्कृतिक विनिमय, विभिन्न धर्मों के बीच संवाद और दक्षिण अफ्रीका में बीएपीएस के मानवीय कार्यों का केंद्र बनाया जाएगा।

## ऑफ बीट

### हर चार व्यक्ति में से एक खून की कमी से प्रभावित



एनीमिया या खून की कमी स्वास्थ्य संबंधी एक अहम समस्या है जिससे दुनिया भर में कम से कम दो अरब लोग प्रभावित हैं। यह दुनिया भर में लोगों में पाई जाने वाली आम समस्याओं मसलन कमर के निचले हिस्से में दर्द, मधुमेह या बेचैनी और अवसाद आदि से भी आम है। इसके बावजूद पिछले कुछ दशकों में एनीमिया को कम करने की दिशा में किए गए वैश्विक निवेश भी इसे दूर करने में सफल नहीं हो पाए हैं। किसी व्यक्ति में एनीमिया तब होता है जब उसके रक्त में पूरे शरीर में ऑक्सीजन ले जाने के लिए पर्याप्त स्वस्थ लाल रक्त कणिकाओं की कमी हो जाती है। शरीर के अंगों में कम ऑक्सीजन पहुंचने से एनीमिया के कई आम लक्षण दिखाई देने लगते हैं जिनमें थकान होना, सांस ठीक से नहीं ले पाना, चक्कर आना, ध्यान केंद्रित करने में कठिनाई और रोजमर्रा के काम करने में मुश्किलें आना शामिल हैं। स्वास्थ्य पर पड़ने वाले इन प्रभावों के अलावा एनीमिया के कारण बच्चों के मस्तिष्क के विकास पर भी असर पड़ सकता है। खून की कमी की वजह से वयस्कों में स्ट्रोक आने, हृदय से जुड़े रोग, मनोभ्रंश और अन्य बीमारियों का खतरा बढ़ सकता है। गर्भावस्था के दौरान एनीमिया होने से महिला में चिंता और अवसाद की समस्या हो सकती है।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## खबर संक्षेप

### ढ़ाई महीने बाद भी लापता किशोर का नहीं चला पता

**ढीमरखेड़ा।** बिहरिया से देवरी पाठक वापस आने के लिए निकले नाबालिग का ढ़ाई महीने बाद भी कही पता नहीं चला। जिससे परिजन और रिश्तेदार परेशान है। हासिल जानकारी के मुताबिक उमरियापान थाना क्षेत्र के देवरी पाठक निवासी राजकुमार पटेल का 17 वर्षीय पुत्र सागर पटेल बीते 28 दिसम्बर को घर से साइकिल में ढीमरखेड़ा थाना क्षेत्र के बिहरिया गांव रिस्तेदारी में गया था। दूसरे दिन 29 दिसम्बर को सागर खाना खाने के बाद साइकिल से देवरी पाठक घर जाने के लिए निकला।लेकिन वह घर तक नहीं पहुँचा। परिजनों ने आसपास सहित रिश्तेदारों से संपर्क किया,लेकिन नाबालिग का कही भी पता नहीं चला।परिजनों ने ढीमरखेड़ा पुलिस थाना में शिकायत दर्ज कराई। ढीमरखेड़ा थाना प्रभारी मोहम्मद शाहिद खान ने बताया कि पुलिस प्रकरण दर्ज कर नाबालिग की तलाश में जुटी है।बाजार, स्टेशनों,गांवों सहित जगह जगह पुलिस ने तलाश किया, लेकिन कही भी नाबालिग का पता नहीं चला।

### अलग अलग स्थानों से धरे गए आधा दर्जन जुआरी

**कटनी।** कोतवाली, एनकेजे एवं उमरियापान पुलिस ने जुआ खेल रहे जुआरियों पर कार्यवाही की है। फड़ से जुए की रकम जब्त करते हुए उनके खिलाफ जुआ एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया है। जानकारी के मुताबिक कोतवाली ने मुखबिर की सूचना पर शाम के समय सब्जी मंडी गली नंबर 02 से सुदम खटीक निवासी मघई मंदिर के पीछे अल्फर्टगंज, सुशील खटीक व वीरु खटीक निवासी कैलवारा खुर्द को जुआ खेलते हुए रंगेहाथ पकड़ा। जिनके पास से 280 रुपए एवं फड़ से 270 कुल 550 रुपए जब्त किए। इसी प्रकार एनकेजे थाने की पुलिस ने दोपहर के समय चुनकाई मोहल्ला आम के पेड़ के नीचे जुआ खेल रहे मोहन लाल चौधरी, रघुवीर चौधरी एवं विनोद चौधरी सभी निवासी पडरिया को पकड़ा है जिनके फड़ से 340 रुपए जब्त किए हैं। इधर उमरियापान थाने की पुलिस ने रात के समय उमरियापान से अब्दुल फिरोज खान निवासी ग्राम महनेर थाना उमरियापान, अब्दुल शमद निवासी ग्राम घुघरी को पकड़ा है। जिनके पास से ताश के 52 पत्ते व नकदी 450 रुपए जब्त करते हुए कार्रवाई की है।

### डाकघर समय पर नहीं खुलने से लोगों में आक्रोश

**सिलौंडी।** सिलौंडी में डाक घर के खुलने का कोई समय निश्चित नहीं है ना बंद होने का। निर्धारित समय से पहले बंद हो जाता है । ग्राम के गोलू जैन , अंकुल वंशकार , संजोग राय ,मनोज नेगाईं ने बताया कि हम तीन दिनों से डाकघर आ रहे है । दोपहर को 11.30 बजे डाकघर बंद मिला है जिसके कारण बहुत दिक्कत है । डाकघर के आस पास जानकारी तो ग्रामीणों ने बताया कि पोस्टमैन अपनी मनमर्जी से निर्धारित समय नही खोलता कभी 12 बजे या कभी तो खोलता ही नही है । डाकघर कार्यालय के बाहर किसी भी प्रकार की सूचना नहीं लिखी की यहां पर डाकघर है । लोग डाकघर को खोजते फिरते है ग्रामीणों ने उच्च अधिकारी से डाकघर की व्यवस्था सुधारने की मांग की है ।

### व्यवस्थाओं को दुरूस्त करने सौंपे गए दायित्व

**कटनी।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत जिले के चयनित 200 तीर्थ यात्री आज 5 मार्च को रामेश्वरम दर्शन हेतु मुख्य रेलवे स्टेशन से भारत गौरव स्पेशल ट्रेन के माध्यम से रवाना होंगे। तीर्थ दर्शन योजना अन्तर्गत यह स्पेशल ट्रेन सतना रेलवे स्टेशन से प्रारंभ होकर कटनी मुख्य रेलवे स्टेशन से होते हुए रामेश्वरम जाएगी।सभी तीर्थ यात्रियों का स्वागत जनप्रतिनिधियों एवं कलेक्टर द्वारा किया जावेगा। अतः जिले से जाने वाले चयनित 200 तीर्थ यात्रियों को 12 बजे तक मुख्य रेल्वे स्टेशन पहुँचने का आग्रह किया गया है। निगमायुक्त नीलेश दुबे ने तीर्थ यात्रियों के स्वागत संबंधी व्यवस्थाओं हेतु आदेश जारी कर संपूर्ण व्यवस्था हेतु प्रभारी अधिकारी जागेश्वर प्रसाद पाठक को बनाते हुए स्टेशन में विशेष साफ-सफाई, टेंट, बैठक, पेयजल, स्वागत जैसी सभी व्यवस्थाओं को समय के पूर्व कराये जाने हेतु अधिकारी कर्मचारियों को दायित्व सौंपे है ।

## जिला मुख्यालय सहित पंचायत स्तर पर जनसुनवाई का हुआ आयोजन

# लचर कार्यप्रणाली वाले अधिकारियों को कलेक्टर ने दी सख्त हिदायत, कहा- रैंकिंग में करें सुधार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने मंगलवार को समय-सीमा की बैठक में लंबित पत्रों पर की गई कार्यवाही, जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों के निराकरण सहित सीएम हेल्पलाइन में विभागों की लंबित शिकायतों की समीक्षा की। इस दौरान जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत, अपर कलेक्टर साधना परस्ते मौजूद रहें।

कलेक्टर श्री यादव ने सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण की समीक्षा करते हुए सी और डी ग्रेड में शामिल विभागों क्रमशरू सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग, किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग, सामान्य प्रशासन विभाग, वन और श्रम विभाग द्वारा सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण में लचर कार्यप्रणाली अपनाने और निराकरण में प्रभावी पहल नहीं करने पर नाराजगी जाहिर किया। उन्होंने उन विभाग के जिला अधिकारियों को भी शिकायतों के निराकरण में तेजी लाने की हिदायत दी जिन विभागों की रैंकिंग, उनके विभाग की स्टेट रैंकिंग से कम है। कलेक्टर ने बैठक में पुनरू यह दोहराया कि सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों को अटेंड नहीं करने वाले अधिकारियों के पूर्व की भांति ही वेतन काटने की कार्यवाही जारी रहेगी। कलेक्टर ने बरही क्षेत्र में ट्रांसफार्मर बदलने के कार्य में वांछित प्रगति नहीं होने पर बिजली विभाग के डिवीजनल इंजीनियर ग्रामीण और बरही के इंचार्ज को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं।

### कार्यवाही करने लिखा पत्र

कलेक्टर श्री यादव ने समय-सीमा बैठक में मौजूद पुलिस कंट्रोल रूम प्रभारी सुदेश कुमार समन द्वारा पुलिस से संबंधित मामलों पर की गई कार्यवाही और निराकरण की स्थिति का समाधान कारक जवाब नहीं दे पाने और बैठक में अद्यतन जानकारी के साथ नहीं आने पर गहन असंतोष व्यक्त करते हुए पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखकर संबंधित पुलिस अधिकारी के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही करके अवगत कराने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने 108 एंबुलेंस सेवा की समीक्षा की और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में निगरानी रखने और सीसीटीवी कैमरे लगवाने के निर्देश दिए। साथ ही बॉण्ड पर नियुक्त डॉक्टर्स की अटेंडेंस सार्थक ऐप पर सुनिश्चित कराने के निर्देश मुख्य चिकित्सा अधिकारी को दिए। कलेक्टर ने 100 दिवसीय टीबी मुक्त अभियान के तहत मरीजों की स्क्रीनिंग कार्य की धीमी गति पर भी असंतोष व्यक्त किया। उन्होंने जिले के सभी एएनएम को नये अनमोल पोर्टल में डाटा फीडिंग से संबंधित प्रशिक्षण सत्र आयोजित करने की हिदायत दी।

### पंजीयन कार्य की समीक्षा

कलेक्टर ने जिले में 15 मार्च से शुरू होने वाले समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी कार्य की व्यवस्थाओं व तैयारियों और 31 मार्च तक होने वाले किसानों के पंजीयन कार्य की भी समीक्षा की। उन्होंने फसलों का सत्यापन कर गिरदावरी कार्य में तेजी लाने राजस्व एवं कृषि अधिकारियों को निर्देशित किया। कलेक्टर ने विकासखण्डों में गौशालाओं के चयनित स्थलों और किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के पिछले वर्षों के लंबित भुगतानों पर बीमा प्रतिनिधि से चर्चा कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। बैठक में सभी एसडीएम, तहसीलदार, जिला कार्यक्रम अधिकारी नयन सिंह, लोकसेवा प्रबंधन के जिला प्रबंधक दिनेश विश्वकर्मा, ई-गवर्नेंस के जिला प्रबंधक सौरव नामदेव, सिविल सर्जन डॉ. यशवंत वर्मा सहित अन्य विभागों के जिला अधिकारी मौजूद रहें।



# ट्रेक्टर ट्राली पलटने से 2 युवकों की मौके पर मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ ढीमरखेड़ा

ढीमरखेड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम जिर्री में ट्रेक्टर ट्राली पलटने से चपेट में आये दो युवकों की मौत हो गई। हादसे के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने जमकर हंगामा किया। जानकारी के मुताबिक ग्राम जिर्री के पास मंगलवार दोपहर रेत से भरी ट्रैक्टर ट्राली पलटने से जिर्री गांव के आनंद यादव और चाहत यादव की मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने पर ग्रामीणों ने निजी वाहन से आनंद को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया, जहां उसकी मौत हो गई। हालांकि घटनास्थल पर ट्रैक्टर ट्राली नहीं मिली। बताया जाता है कि हादसा कारित करने के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। ग्रामीणों ने बताया कि घटनास्थल के समीप मुख्य मार्ग में रेत फैली हुई पड़ी मिली।

ग्रामीण राजेश यादव ने बताया कि चाहत यादव मृत अवस्था में करीब घंटों तक सड़क किनारे पड़ा रहा। ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए कहा कि घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। इसके बावजूद काफी देर से मौके पर पहुंची जिसके बाद परिजनों और ग्रामीणों ने हंगामा शुरू कर दिया। इस घटना से गांव में शोक की लहर है।

थाना प्रभारी मोहम्मद शाहिद खान ने बताया कि हादसे की जानकारी मिलते ही स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे। आक्रोशित ग्रामीणों को समझाइश दी गई। दोनों के शवों को कब्जे में लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया है। फिलहाल इस पूरे मामले की जांच की जा रही है।

**गोद ग्राम कुंआ में नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर का समापन**

# रैली, नुक्कड़ नाटक, सांस्कृतिक गतिविधियों से ग्रामीणों किया गया जागरूक एवं प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



शासकीय महाविद्यालय बरही में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय नेतृत्व प्रशिक्षण विशेष शिविर प्राचार्य प्रो. आर. के. त्रिपाठी के मार्गदर्शन, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अरविंद सिंह, प्रियंका तोमर एवं डॉ रश्मि त्रिपाठी के नेतृत्व में ग्राम पंचायत कुआं में संचालित हो रहा है। साथ ही शिविर का आयोजन ग्राम पंचायत के सरपंच सत्यवती सिंह, पूर्व सरपंच प्रहलाद सोनी उपसरपंच, सचिव, रोजगार सहायक, सतीश विश्वकर्मा, कैश अंसारी, पुष्पलता विश्वकर्मा, शंकर सिंह, स्वयंसेवकों एवं ग्रामवासियों के सहयोग से संचालित किया जा रहा है।

कार्यक्रम के शुरुआत में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अरविंद सिंह द्वारा शिविर प्रतिवेदन के माध्यम से बताया गया कि स्वयंसेवको ने सात दिन तक प्रभात फेरी, योग एवं व्यायाम, श्रमदान एवं परिसर साफ सफाई, स्वच्छता, नशा मुक्ति, जैविक खेती, पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, ऊर्जा साक्षरता, महिला सशक्तिकरण, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, बाल संरक्षण, बाल विवाह, साइबर सुरक्षा एवं डिजिटल साक्षरता, मतदाता जागरूकता, पोषण, रक्तदान एवं एड्स जागरूकता, यातायात आदि विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम एवं रैली, नुक्कड़ नाटक, सर्वेक्षण कार्य आदि गतिविधियों में सहभागिता कर लोगों को प्रेरित करने का कार्य किया। कार्यक्रम के अगले चरण में डॉ जगदीश गुप्ता, पी. डी. ताम्रकार, पूर्व सरपंच प्रहलाद सोनी आदि अतिथियो ने स्वयंसेवकों का मार्गदर्शन कर समाज सेवा के लिए प्रेरित किया। तथा प्राचार्य प्रो. आर. के. त्रिपाठी ने कार्यक्रम अधिकारियों को शिविर के सफल संचालन एवं समापन पर बहुत बहुत शुभकामनाएं देते हुए स्वयंसेवको को और अच्छे से कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

अगले चरण में प्राचार्य एवं उपस्थित सभी अतिथियों द्वारा शिविर में सहभागिता करने वाले स्वयंसेवको का उत्साहवर्धन करते हुए सभी को मेडल, पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र वितरित किये गये। कार्यक्रम अधिकारी प्रियंका तोमर ने अपने उद्बोधन में बताया कि

## शहर में जहां पर हैं समस्याएं वहां पर नहीं हो रही कार्यवाही



शहर की अराजक यातायात व्यवस्था किसी से छिपी नहीं है। व्यस्ततम बाजार क्षेत्रों से लेकर तिराहे, चौराहा तक अस्थायी अतिक्रमण की जद में है लेकिन इस समस्या को दूर करने के लिए कभी कार्यवाही नहीं होती है। मंगलवार को यातायात पुलिस ने पुराने कोतवाली भवन की सुरक्षा दीवार से हाथ ठेला लगाकर फल कारोबार करने वाले फल कारोबारियों को हटाया गया। हालांकि इस क्षेत्र में यातायात की ऐसी कोई समस्या नहीं है। अतिक्रमण कार्रवाई को लेकर जनचर्चाएं रही कि यातायात पुलिस को यहां कि बजाय सुभाष चौक से लेकर स्टेशन पहुंच मार्ग, गोल बाजार, झंडा बाजार, कपड़ा बाजार सहित तिराहे चौराहों में अस्थायी अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही करनी चाहिए थी। शहर के अति व्यस्ततम मार्ग एवं क्षेत्र अस्थायी अतिक्रमण की जद में है लेकिन इनको हटाने की कार्यवाही नहीं की जा रही है। मंगलवार को यातायात पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही को लेकर सूबेदार राहुल पांडे ने बताया कि इस तरह की कार्रवाई जारी रहेगी तथा शहर में जहां-जहां लोग सड़क पर कारोबार कर रहे हैं, उप पर कार्रवाई करके सड़कों को अतिक्रमण मुक्त किया जाएगा।

**परीक्षा के दौरान नकल के दो प्रकरण बनाए गए**

# 82 परीक्षा केन्द्रों में कक्षा 12वीं की भौतिक, अर्थशास्त्र एवं कृषि विषय की हुई परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



हायर सेकेण्डरी स्कूल की कक्षा 12वीं की मंगलवार को आयोजित भौतिक, अर्थशास्त्र एवं कृषि विषय की परीक्षा जिले के 82 परीक्षा केंद्रों में आयोजित हुई जिसमें से 10079 दर्ज छात्रों में से 9974 विद्यार्थी परीक्षा में उपस्थित रहे, 105 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल नहीं हुये। कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देशानुसार जिला शिक्षा अधिकारी सहित परीक्षा हेतु नियुक्त दलों द्वारा परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। मंगलवार को आयोजित परीक्षा के दौरान सहायक संचालक राजेश अग्रहरि, एडीपीसी अभय जैन, प्राचार्य आलोक पाठक के निरीक्षण दल ने परीक्षा केन्द्र मुरारी, दशरमन, कछारगांव, सिलौंडी का आकस्मिक निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान सभी परीक्षा केंद्रों में शांतिपूर्ण तरीके से परीक्षा संचालित होना पाई गई। किसी भी परीक्षा केन्द्र में बाहरी दबाव नहीं है। परीक्षा के दौरान व्यक्तिगत नकल के दो प्रकरण बनाए गए।

**जिला मुख्यालय सहित पंचायतों में जन सुनवाई आयोजित**

# स्थानीय स्तर पर समस्याओं का निराकरण नहीं होने पर जिला मुख्यालय तक पहुंच रही शिकायतें

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्ट्रेट सभागार में मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने कटनी नगर एवं जिले के दूरदराज क्षेत्रों से पहुंचे लोगों के आवेदनों पर धैर्यपूर्वक सुनवाई करते हुए संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवेदन प्रेषित कर समय-सीमा में कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 130 आवेदन प्राप्त हुए।

मंगलवार को जिले भर में ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन किया गया। इस दौरान ग्राम पंचायत स्तरीय अधिकारी सहित ग्राम पंचायत सचिव , रोजगार सहायक, पटवारी एवं ग्राम पंचायत स्तरीय शासकीय कर्मचारियों की मौजूदगी रही। जनसुनवाई में ग्राम गैतरा निवासी कृषक सुनील कुमार पटेल ने कलेक्टर के समक्ष आवेदन प्रस्तुत कर बताया कि उनकी ग्राम जरवाही में स्थित भूमि के खसरा नंबर 154/3, 1121/3, 1292/2 एवं अन्य खरसे पंजीयन के दौरान नहीं दिखने तथा सर्वेयर आई.डी लागिन नहीं होने के कारण किसान पंजीयन करवानें में समस्या का सामना करना पड़ रहा है। कलेक्टर द्वारा सुनील की समस्या को सुनते हुए अधीक्षक भू अभिलेख डॉ राकेश कुमार को प्रकरण पर निर्धारित समय-सीमा में कार्यवाही के निर्देश दिए।

तहसील बड़वारा के ग्राम रोहनिया निवासी आवेदक शंकर लाल रजक द्वारा बताया गया कि उनका जन्म 1 मई 1965 को ग्राम रोहनिया में हुआ था। जानकारी के आभाव में जन्म प्रमाण पत्र नहीं बनवानें तथा विलंब होने के कारण शपथपत्र के साथ आवेदन प्रस्तुत किया गया था जो खारिज कर दिया गया है। वर्तमान में जन्म प्रमाण पत्र की महती आवश्यकता होने की जानकारी दिये जाने पर कलेक्टर श्री यादव द्वारा एस.डी.एम बड़वारा को प्रकरण पर समय-सीमा में कार्यवाही करनें के निर्देश दिए।

### श्रम पदाधिकारी करें जांच

जनसुनवाई के दौरान तहसील विजयराघवगढ़ के ग्राम कैमोरी निवासी रविन्द्र कुमार सनाढ्य द्वारा अडानी ए.सी.सी अमेहटा प्लांट में कार्य के दौरान दुर्घटना में हाथ फैक्चर होने के कारण नौकरी से निकाले जाने तथा किसी भी तरह के भुगतान नहीं दिये जाने संबंधी आवेदन पर सुनवाई करते हुए कलेक्टर शने श्रम पदाधिकारी को प्रकरण की जांच कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर द्वारा मुकेश कुमार सोनी के आवेदन पर सुनवाई करते हुए एस.डी.एम कटनी को ग्राम पंचायत बंडा बिछिया निवासी उनके बड़े भाई राकेश कुमार सोनी की वर्तमान अस्वस्थता और मेडिकल कॉलेज में चल रहे इलाज को दृष्टिगत रखते हुए पात्रता पर्ची अथवा अन्य किसी शासकीय योजनाओं का लााभ प्रदान करनें हेतु नियमानुसार परीक्षण की कार्यवाही करनें के निर्देश दिए।

**आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के दिए गए हैं निर्देश**

# जिले के 318 शिक्षकों को मिला प्रथम क्रमोन्नती वेतनमान का लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

संयुक्त संचालक लोक शिक्षण जबलपुर संभाग, जबलपुर द्वारा जिले के 318 विकास खण्ड के शिक्षकों को प्रोत्साहित करने के लिए क्रमोन्नति, समयमान-वेतनमान का प्रावधान किया गया है। कार्यालय संयुक्त संचालक लोक शिक्षण जबलपुर संभाग जबलपुर द्वारा जारी आदेश में जिला शिक्षा अधिकारी, द्वारा माध्यमिक शिक्षक संवर्ग के लोक सेवकों की क्रमोन्नत वेतनमान स्वीकृति हेतु प्रस्तुत प्रस्तावों का विभागीय पदोन्नति, छानबीन समिति की बैठक 28 फरवरी के परीक्षणोंपरान्त की गई अनुशंसा उपरान्त नवीन शैक्षणिक संवर्ग में माध्यमिक शिक्षक पद पर जिले से 318 लोकसेवकों को 01 जुलाई 2018 अथवा इसके पश्चात पात्रता तिथि को 12 वर्ष की सेवा पूर्ण होने प्रथम क्रमोन्नत वेतनमान छठवें वेतनमान रुपये 9300-34800 ग्रेड पे-3600 एवं सातवें वेतनमान 36200-114800 लेबल -09 की शर्तो के अधीन स्वीकृत किया गया है।

जारी आदेश के अनुसार संबंधित विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, आहरण संवितरण अधिकारी, संकुल प्राचार्य, संस्था प्रमुख संबंधित लोक सेवक की मूल सेवा अभिलेख से मिलान कर यह सुनिश्चित करेंगे कि संबंधित माध्यमिक शिक्षक को जिस तिथि से क्रमोन्नत वेतनमान स्वीकृत है, उक्त तिथि को उनके द्वारा प्रथम नियुक्ति होने के समय संस्था, शाला में कार्यभार ग्रहण दिनांक से निरन्तर 12 वर्षो की सेवा पूर्ण की गई है, ताकि सेवा में व्यवधान अनाधिकृत अनुपस्थिति अवधि सम्मिलित नहीं है।

संबंधित लोक सेवकों की अनाधिकृत अनुपस्थिति अवधि के कारण काम नहीं दाम नहीं के आधार पर वेतन भुगतान न किया गया हो अथवा सक्षम अधिकारी के द्वारा आज की तिथि तक लोक सेवक की अनुपस्थित अवधि का निराकरण नहीं किया गया है तो ऐसे प्रकरणों में क्रमोन्नति का लाभ दिए जाने से पूर्व लोक सेवक की अनुपस्थित अवधि का परीक्षण कर उक्त अनुपस्थित अवधि के नियमानुसार निराकरण हेतु सक्षम अधिकारी को उचित माध्यम से सुसंगत दस्तावेजों सहित प्रसताव भेजकर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए है।

किसी भी प्रकार की विपरीत स्थिति पाए जाने पर क्रमोन्नति का लाभ नहीं देते हुए कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी एवं कार्यालय को अवगत कराने के निर्देश ताकि संबंधित लोक सेवकों को प्रदाय की गई क्रमोन्नति निरस्त की जा सके। लोक सेवक के विरुद्ध किसी भी प्रकार की विभागीय जांच लंबित, अनुशासनात्मक कार्यवाही तथा वेतन वृद्धि रोकने इत्यादि शास्ति प्रभावशील नहीं है, इसकी पुष्टि संबंधित लोक सेवकों के सेवा अभिलेखों एवं कार्यालयीन अभिलेख से करने के निर्देश दिए गए है यदि संबंधित लोक सेवक के विरुद्ध न्यायालय में आपराधिक प्रकरण, विभागीय जाँच प्रचलित हो अथवा माननीय न्यायालय या अनुशासनिक अधिकारी द्वारा प्रकरण के निराकरण में उन्हें दोषी पाये जाने के फलस्वरूप दंडित किया गया हो तो क्रमोन्नति का लाभ नहीं देते हुए उनके संबंध में तथ्यात्मक प्रतिवेदन सुसंगत दस्तावेज के साथ क्रमोन्नति आदेश निरस्तीकरण के लिए तत्काल कार्यालय को सूचित करने के निर्देश दिए गए है।

संबंधित लोक सेवक को लाभ देने के पूर्व उनकी मूल पद पर प्रथम नियुक्ति होने पर कार्यभार ग्रहण तिथि की पुष्टि मूल सेवा अभिलेखों से करने तथा पात्र लोक सेवक का वेतन निर्धारण कर भुगतान करने के पूर्व संभागीय संयुक्त संचालक कोष एवं लेखा का अनुमोदन प्राप्त करने के उपरांत ही क्रमोन्नत वेतनमान का वास्तविक लाभ दिया जायेगा। शासन निर्देशानुसार जिन पात्र कर्मचारियों ने उच्च पदों पर पदोन्नति लेने से या पदोन्नति पद पर जाने से इंकार किया है। वे कर्मचारी क्रमोन्नति योजना के पात्र नहीं होंगे। उन्हें उक्त योजना का लाभ प्राप्त नहीं होगा, के संबंध मे संबंधित के सेवा अभिलेख परीक्षणोंपरान्त नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

म.प्र. राज्य स्कूल शिक्षा सेवा शर्तें एवं भर्ती नियम 2018 के अंतर्गत स्कूल शिक्षा विभाग में वर्णित जिन लोक सेवकों को सीधी भर्ती की श्रेणी में माध्यमिक शिक्षक के पद पर पूर्व में शिक्षाकर्मी वर्ग-2, संविदा शाला वर्ग-2 के पद पर सीधी भर्ती से नियुक्ति प्राप्त हुई है, उन्हें ही क्रमोन्नति वेतनमान का लाभ देय होगा।



# सुरक्षा विषय पर हुई परिचर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बड़वारा

मंगलवार को शासकीय महाविद्यालय बड़वारा में भारतीय ज्ञान परंपरा के त्रैमासिक कैलेंडर अंतर्गत "राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस" का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. रोशनी पाण्डेय ने किया। कार्यक्रम में 'राष्ट्रीय सुरक्षा विषय ' पर परिचर्चा एवं साइबर सुरक्षा पर व्याख्यान और पोस्टर और वीडियो की प्रस्तुति आदि गतिविधियां हुई । साइबर सुरक्षा एवं राष्ट्रीय सुरक्षा पर पुलिस विभाग के प्रदीप कुमार (थाना - बड़वारा)एवं महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी डॉ .आदित्य गढ़ेवाल ने अपने -अपने व्याख्यान प्रस्तुत किए ।इस अवसर पर कार्यक्रम प्रभारी डॉ. राजेश कुमार, संचालक- डॉ.-सुजीत सिंह और सुशील चंद्र दुबे, डॉ. दादूराम साकेत, डॉ. कल्पना सतनामी ,डॉ.योगिता अरजरिया , मनमोहन द्विवेदी, डॉ. शर्मिला गांगले, डॉ. रामनरेश वर्मा आदि शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक स्टाफ तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम के पोस्टर प्रतियोगिता में दो प्रतिभागियों ने भाग लिया । जिनमें प्रथम स्थान-सानिया मंसूरी बी. एस-सी. तृतीय वर्ष एवं द्वितीय स्थान- खुशी विश्वकर्मा बी.एस-सी. द्वितीय वर्ष ने प्राप्त किया है ।

## सीहोर के कुबेरेश्वर में रुद्राक्ष महोत्सव में शामिल हुए मुख्यमंत्री डॉ. यादव

# राष्ट्र निर्माण में संतों और गुरुओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि जीवन-मृत्यु व्यक्ति के हाथ में नहीं है, लेकिन संत लोगों को धर्म की राह दिखाकर सद्मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित कर उनके जीवन को सार्थक बनाते हैं। सांस्कृतिक, धार्मिक मूल्यों की स्थापना तथा समाज और राष्ट्र के निर्माण में संतों और गुरुओं की सबसे महत्वपूर्ण भूमिका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पं. प्रदीप मिश्रा लोगों में ईश्वर के प्रति आस्था और भक्ति जागृत कर लोगों का धार्मिक, आध्यात्मिक उत्थान कर रहे हैं। पं. मिश्रा ने भोपाल के निकट सीहोर में कुबेरेश्वर धाम की स्थापना कर इस क्षेत्र को एक नई धार्मिक पहचान दी है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव आज सोमवार को कुबेरेश्वर धाम सीहोर में आयोजित रुद्राक्ष महोत्सव में शामिल होकर श्रद्धालुओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि दुनिया के दो सौ से अधिक देशों में भारत सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है और सबसे बड़े देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रयागराज कुंभ में गगा स्नान कर देश की सनातन संस्कृति के प्रति देशवासियों की अटूट आस्था का संदेश दिया है।




### प्रदेश सरकार को सभी संतों का मार्गदर्शन मिला

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार को सभी संतों का मार्गदर्शन मिला है। समय-समय पर हम और हमारी सरकार उनसे कई अवसरों पर विचार-विमर्श भी करती है। संतों से हमें सरकार चलाने का नैतिक बल मिलता है, जिससे हम अधिक मजबूती के साथ प्रदेश के विकास और लोगों के कल्याण के लिए काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि संपूर्ण प्रदेश में गौ-शालाओं का निर्माण किया है और गौ-शालाओं में गौ-माता के लिए बेहतर परिवेश उपलब्ध करा रहे हैं।

### सभी बड़ी नगर निगमों में बनेंगी 10 हजार क्षमता की गो-शालाएं



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि गौ-माता परमात्मा की हम पर असीम कृपा है। गो-माता प्रकृति और परमात्मा के बीच संबंध का सूत्र है। बेसहारा, अशक्त और वृद्ध गो-माताओं के आश्रय के लिए भोपाल सहित सभी बड़ी नगर निगमों में 10 हजार क्षमता की गौ-शालाएं बनाई जाएगी। दुग्ध उत्पादन पर भी प्रोत्साहन स्वरूप बोनस प्रदान किया जाएगा। दस से अधिक गाय पालने वालों को अनुदान दिया जाएगा। गांव-गांव में गोपालन और दुग्ध उत्पादन को प्रोत्साहन देने के लिए अनुदान उपलब्ध कराया जाएगा। गो-शाला चलाने वालों को प्रति गाय 20 रुपए के स्थान पर 40 रुपए का अनुदान देकर गो-शालाओं को सक्षम बनाया जाएगा।

### विकास के साथ-साथ सामाजिक सरोकार के भी काम कर रही सरकार

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार प्रदेश के विकास के साथ-साथ सामाजिक सरोकार के भी काम कर रही है। कल्याणी बहनों के पुनर्विवाह के लिए दो लाख रुपए प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि सभी महत्वपूर्ण धार्मिक एवं तीर्थ-स्थानों का विकास किया जाएगा। वहीं क्षिप्रा को पूरे साल प्रवाहमान बनाए रखने की व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने कहा कि सभी नगरीय निकायों में गीता भवन बनाने की योजना बनाई है।

## खबर संक्षेप

### आठ महीने से 12 लाख कर्मचारी महंगाई भत्ते के इंतजार में

**भोपाल।** आठ महीने से इंतजार कर रहे कर्मचारियों को बकाया तीन प्रतिशत महंगाई भत्ता व महंगाई राहत जुलाई 2024 से प्रदान किया जाए। यह मांग तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के महामंत्री उमाशंकर तिवारी ने मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में की है। तिवारी ने ब्बताया कि प्रदेश के 12 लाख कार्यरत सेवा निवृत कर्मचारियों को तीन प्रतिशत महंगाई भत्ता एवं महंगाई राहत आठ महीने से नहीं दी जा रही है। मुख्यमंत्री मोहन यादव से मांग है कि परीक्षा के बाद स्कूल कॉलेज शुरू होंगे उसमें बहुत अधिक खर्च कर्मचारी परिवारों पर आता है। उसको देखते हुए तीन प्रतिशत महंगाई भत्ता व सेवानिवृत कर्मचारियों को महंगाई राहत जुलाई 2024 से प्रदान की जाए।

### सोलह हजार किसानों ने कराया समर्थन मूल्य पर गेहूं बेचने रजिस्ट्रेशन

**भोपाल।** जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं सहित अन्य फसलों को खरीदने के लिए जिला प्रशासन द्वारा तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। खाद्य विभाग इस बार भी 80 केंद्रों पर गेहूं खरीदी कराएगा। इससे पहले किसानों द्वारा पंजीयन कराया जा रहा है। जिला आपूर्ति नियंत्रक अजीत कुजूर का कहना है कि अब तक 16 हजार किसानों ने पंजीयन करवा लिया है। 17 मार्च से गेहूं की खरीदी समर्थन मूल्य 2600 रुपए प्रति क्विंटल शुरू कर दी जाएगी। इसके लिए 80 केंद्र बनाए गए हैं, इनमें 60 गोदाम, नौ सायलो और बाकि समिति के पास रहेंगे। उन्होंने बताया कि जरूरत पड़ने पर केंद्रों की संख्या बढ़ाई जा सकती है।

### नक्सलियों ने की पूर्व विधायक के रिश्तेदार की हत्या

**सुकमा।** जिले के चिंतागुफा थाना क्षेत्र के ग्राम पेंटापाड़ में रहने वाले पूर्व विधायक के छोटे ससुर की बीती रात नक्सलियों ने हत्या कर दी। घटना के बाद से इलाके में दहशत फैल गई, वहीं इस घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया है। मामले की जानकारी लगते ही पुलिस मौके पर पहुँची और शव को पीएम के लिए भिजवा दिया है। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस के द्वारा आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बीती रात जिले के चिंतागुफा थाना क्षेत्र के ग्राम पेंटापाड़ में नक्सलियों ने पूर्व विधायक मनीष कुंजाम के छोटे ससुर कमलू हिड़मा 65 वर्ष की हत्या कर दी है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### चार थाना प्रभारी, पांच एसआई समेत 32 आरक्षक इधर से उधर

**भोपाल।** पुलिस उपायुक्त ने थाना प्रभारियों की पदस्थापना में फेरबदल किया गया है। जारी आदेश के मुताबिक कार्यवाहक निरीक्षक कृष्ण गोपाल शुक्ला को अजाक से थाना प्रभारी कटारा हिल्स, सरस्वती तिवारी को अपराध शाखा से थाना प्रभारी अजाक, भूपेंद्र कुमार दीवान को रचित केंद्र से अपराध शाखा विजय बहादुर सेंगर को रक्षित केंद्र से अपराध शाखा, धर्मेन्द्र मौर्य को रक्षित केंद्र से यातायात में नवीन पदस्थापना दी गई है। इसके अलावा पांच उपनिरीक्षकों सहित 32 प्रधानारक्षक और आरक्षकों के भी तबादले किए गए हैं।

## सीएम ने किया मप्र बाल अधिकार संरक्षण आयोग की जागरुकता कार्यशाला का शुभारंभ

# जीरो टॉलरेंस नीति से प्रदेश में महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराधों में गिरावट आई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल।



महिलाओं और बच्चों के खिलाफ होने वाले अपराधों में गिरावट आई है। यह स्पष्ट रूप से राज्य सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति का परिणाम है। हम सुरक्षा, सशक्तिकरण और न्याय के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को निरंतर सुदृढ़ कर रहे हैं, जिससे अपराधों पर अंकुश लगा है। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार को मप्र बाल अधिकार संरक्षण आयोग की राज्य स्तरीय जागरूकता कार्यशाला का शुभारंभ करते हुए कही। राजधानी के कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में आयोजित कार्यशाला को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि, पिछले वर्षों में महिला एवं बाल अपराधों के प्रति सरकार की सख्ती स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही है। प्रदेश में महिलाओं और बच्चों के विरुद्ध गंभीर अपराधों के दोषियों के लिए मृत्युदंड का प्रावधान किया गया है। न्यायालयों द्वारा 48 प्रकरणों में मृत्युदंड के निर्णय दिए जा चुके हैं। सरकार और समाज मिलकर महिलाओं और बच्चों के साथ होने वाले अत्याचारों के प्रति जागृति लाएं। इस कार्य में बाल संरक्षण आयोग की भूमिका भी अहम है। सरकार आयोग के सुझावों को अमल में लाने के लिए संकल्पित है।

### बच्चों और किशोरों में अपार क्षमता और ऊर्जा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रामायण के प्रसंग का उल्लेख करते हुए कहा कि बच्चों और किशोरों में अपार क्षमता और ऊर्जा विद्यमान रहती है। इसीलिए महर्षि विश्वामित्र ने असुरों का विनाश करने के लिए महाराज दशरथ से बचपन में प्रभु श्रीराम और श्री लक्ष्मण को मांगा था। प्रभु श्रीराम ने अपने पुरुषार्थ के बल पर असुरों का सर्वनाश किया। भगवान श्रीराम और भगवान श्रीकृष्ण का बाल्य स्वरूप सद्मार्ग पर चलने के लिए समाज को भिन्न-भिन्न रूप से प्रेरित करता है।

### प्रदेशभर के विभागीय अधिकारी, सीडब्ल्यूसी सदस्य

कार्यशाला में प्रदेश के सभी जिलों से विभिन्न विभागों के अधिकारी, बाल कल्याण समिति के सदस्य समेत अन्य सदस्यों ने निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम-2009, पॉक्सो अधिनियम-2012 तथा किशोर न्याय अधिनियम-2015 जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया। इस अवसर पर महिला बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया, सदस्य बाल संरक्षण आयोग मेघा पवार और डॉ. निवेदिता शर्मा, डॉ. निशा सक्सेना सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

### विश्व में भारत की ख्याति फैल रही है

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में देश, स्वर्णिम काल में प्रगति के पथ पर अग्रसर है। विश्व में भारत की ख्याति फैल रही है। विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश भारत में प्रत्येक व्यक्ति निरंतर समर्थ हो रहा है। भारत बाहरी दुश्मनों से निपटने में सक्षम होने के साथ-साथ आंतरिक चुनौतियों का भी प्रभावी रूप से सामना कर रहा है।

### जरूरतमंद बच्चे जो आप तक नहीं आ पाए, उन तक आप पहुंचें : मंत्री भूरिया

महिला बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया ने कहा की बच्चों के विकास की पहली शर्त उनका संरक्षण है और मुझे गर्व है कि डॉ. यादव के नेतृत्व में बच्चों के संरक्षण के लिये विभाग और प्रशासन सजग है। मंत्री भूरिया ने उपस्थित बाल कल्याण आयोग और किशोर न्याय बोर्ड के अध्यक्ष/सदस्यों से आग्रह किया कि उन्हें जो जिम्मेदारी दी गई है वो बहुत महत्वपूर्ण है और बच्चों को न्याय दिलाने के लिये है। समाज सेवा का ऐसा अवसर बार-बार नहीं मिलता इसलिये पूरी सजगता से बच्चों का संरक्षण सुनिश्चित हो इसका ध्यान रखें। आज अनाथ बच्चा किस संस्था में जायेगा या उसका पुनर्वास कहां होगा ये अधिकार आपके पास है और किसी के पास नहीं। तो इस अधिकार से बच्चों के प्रति संरक्षण के दायित्व मानकर उपयोग करें और कोशिश करें कि जरूतमंद बच्चे जो आप तक नही आ पाये उन तक आप पहुंचें। बच्चे ईश्वर का रूप होते हैं, बच्चे देश का भविष्य हैं और यदि हमें प्रधानमंत्री मोदी के विजन अनुसार देश का भविष्य स्वर्णिम बनाना है तो आज के बच्चों और युवाओं के वर्तमान को भी संवारना होगा, संरक्षित करना होगा और मुझे खुशी है कि आज मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में न केवल बच्चों के वर्तमान को मजबूत बनाया जा रहा है वरन उन्हें सुरक्षित माहौल उपलब्ध कराया जा रहा है ताकि उनके व्यक्तित्व का अधिकतम विकास हो।

## जनजातीय समुदायों की संस्कृति और पूजा पद्धतियों के संरक्षण के लिए जनजातीय देवलोक करेंगे विकसित



- जनजातियों की संस्कृति के संरक्षण और पूजा व त्यौहार आदि की विशेष व्यवस्था के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध
- चार मार्च को मुख्यमंत्री निवास में होगा जनजातीय देवलोक महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि जनजातियों की संस्कृति के संरक्षण और उनके त्यौहार तथा पूजा आदि की विशेष व्यवस्था के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। पश्चिमी मप्र में शीघ्र ही भगोरिया की शुरूआत हो रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनजातीय समुदायों की संस्कृति, पूजा पद्धतियों के संरक्षण के लिए प्रदेश में जनजातीय देवलोक विकसित किया जाएगा। जनजातीय समाज और उनकी परम्पराएं भारतीय संस्कृति का अभिन्न अंग है। इन परम्पराओं और उपासना पद्धतियों को जीवंत बनाए रखने तथा वर्तमान और आगामी पीढ़ियों को इनसे अवगत कराने के लिए शासकीय योजनाओं का लाभ लेते हुए, कार्य योजना का क्रियान्वयन आवश्यक है।

### उपजातियों सहित 43 जनजातीय समुदाय मप्र में निवासरत

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में 7 प्रमुख जनजातियां और इनकी उपजातियों सहित 43 जनजातीय समुदाय निवास करते हैं। जनजातियों ने प्रकृति, प्रतीक और प्रतिमा में अपने देवधारणाओं को स्थापित किया है और इनके माध्यम से वे अपनी आस्था और धारणाओं का प्रकटीकरण करते हैं। प्रदेश के अलग-अलग भौगालिक क्षेत्रों में निवासरत जनजातीय समुदायों के देवी-देवता और उनके प्रतीक भिन्न-भिन्न हैं। राज्य के जनजातीय समुदायों की मान्यताओं, आस्था, प्रतीकों के देवलोक को एक स्थान पर लाने के लिए प्रयास करना आवश्यक है। इन प्रयासों में जनजातीय

### सभी जनजातियों के आवागमन की सुगमता

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि देवलोक की स्थापना के लिए सभी जनजातियों के आवागमन की सुगमता को ध्यान में रखते हुए भूमि चिन्हित की जाए। बैठक में अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा, अपर मुख्य सचिव वन अशोक बर्णवाल, प्रमुख सचिव संस्कृति एवं पर्यटन शिवशेखर शुक्ला, प्रमुख सचिव जनजातीय कार्य विभाग गुलशन बामरा, मुख्यमंत्री के संस्कृति सलाहकार राम तिवारी तथा लक्ष्मण सिंह मरकाम उपस्थित थे।

## जुआ, सट्टा या अन्य अवैध कार्य करने वालों के खिलाफ मैदान में उतरा पुलिस विभाग

# शराब मुहैया कराने वालों पर पुलिस की सख्त कार्रवाई

▶▶ बलौदाबाजार-भाटापारा

पुलिस द्वारा 'आपरेशन विश्वास' के तहत अवैध गतिविधियों में लिप्त आरोपियों, शांति भंग करने वाले असामाजिक तत्वों एवं जुआ, सट्टा का संचालन करने वाले तथा अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले आरोपियों की धरपकड़ कार्यवाही लगातार जारी है।

इसी क्रम में जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस टीम द्वारा सायं के समय क्षेत्र अंतर्गत शराब भट्टी के पास अवैध रूप से चखना सेंटर का संचालन करने वाले, सड़क मार्ग के किनारे स्थित होटल, ढाबा, ठेला आदि में पीने, बैठने की सुविधा



उपलब्ध कराकर अवैध रूप से शराब पिलाने वाले कुल 08 आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही की गई है। पकड़े गए सभी 08 आरोपियों के विरुद्ध आबकारी एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत विधिवत करवाई किया गया है। इस दौरान थाना सिमगा द्वारा 05 एवं थाना कसडोल द्वारा 03 आरोपी के विरुद्ध कार्यवाही किया गया है। यह समाचार जिले में शराब से संबंधित अवैध गतिविधियों पर पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही का विवरण है। पुलिस ने 'आपरेशन विश्वास' के तहत होटल, ढाबा, ठेला, और चखना सेंटर संचालकों के खिलाफ कार्रवाई की है, जो अवैध रूप से शराब पिलाने और शराब की अन्य सुविधाएं प्रदान कर रहे थे। हालांकि, कुछ सवाल उठ रहे हैं कि पुलिस केवल छोटे-छोटे आरोपियों को ही पकड़ रही है, जबकि मुख्य शराब माफिया और उनके गुर्गे जो शराब की पेटियां सप्लाई कर रहे हैं, उन पर कार्रवाई क्यों नहीं हो रही। यह सवाल इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि बड़े माफिया और उनके नेटवर्क से जुड़ी गतिविधियां अक्सर छिपी रहती हैं और पुलिस कार्रवाई के बावजूद इन्हें पकड़ पाना कठिन होता है। हालांकि, इस तरह की कार्रवाई छोटे स्तर पर भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि इससे शराब की अवैध आपूर्ति पर नियंत्रण पाया जा सकता है।

## पैरोल पर आए कैदियों को पकड़ने इनाम रखा 10-10 हजार

# दो सजायाफ्ता कैदियों पर इनाम की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

केंद्रीय जेल से पैरोल लेकर बाहर आए दो सजायाफ्ता कैदी फरार होने के मामले में दुर्ग पुलिस अधीक्षक ने सुराग नहीं मिलने पर इनका सुराग बताने वाले को 10-10 हजार का इनाम की घोषणा की है। दुर्ग शहर एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि किसी बंदी को पैरोल पर छोड़ा जाता है जिसके बाद निश्चित समय अवधि में वापस नही आते है संबंधित थाना क्षेत्र मामला दर्ज किया जाता है। इसी के तहत पद्मनभापुर पुलिस ने दो कैदियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

वहीं पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ल ने दोनों फरार कैदियों को पकड़वाने के लिए 10-10 हजार रुपए के इनाम की घोषणा की है। वही पद्मनभापुर पुलिस ने दोनो कैदियों के खिलाफ मामला दर्ज कर पतासाजी की जा रही है। दुर्ग केंद्रीय जेल आजीवन कारावास की सजा काट रहे ग्राम पथर्रा निवासी नाहुस भारती (36 वर्ष) को




हत्या के मामले में आजीवन कारावास मिला था। तब से दुर्ग की सेंट्रल जेल में सजा काट रहा था। जिसे कोर्ट से 21 मई 2022 को उसे 14 दिन की पैरोल मिली। जिसे 7 जून 2022 तक उसे जेल में लौटना था लेकिन अभी तक नहीं पहुंचा। वही दूसरे मामले में हाउसिंग बोर्ड जामुल निवासी जयपाल सिंह (35 वर्ष) को हत्या के मामले में आजीवन कारावास हुआ है। उसे कोर्ट से 30 दिसंबर 2023 को पैरोल मिली थी। वह 16 जनवरी 2024 तक जेल में नहीं पहुंचा।

## उज्जैन के मेडिकल डिवाइस पार्क में इकाई लगाने के लिए दिया प्रस्ताव

# दक्षिण कोरिया का ईसीडीएस ग्रुप प्रदेश में मेडिकल डिवाइस में करेगा निवेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि साउथ कोरियन ज्वाइंट वेंचर ग्रुप प्रदेश में बने बेहतर औद्योगिक वातावरण को देखते हुए से मेडिकल उपकरणों, मेडिकल एआई, नैनो टेक्नोलॉजी, बायो पॉलीमर और नवकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में निवेश का इच्छुक है। सोमवार को मंत्रालय में साउथ कोरिया के ईसीडीएस ग्रुप के निवेशकों और शोधार्थियों ने मुख्यमंत्री से भेंट की।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव से चर्चा में प्रतिनिधि मंडल ने बताया कि उनका समूह उज्जैन के मेडिकल डिवाइस पार्क में शोध और निर्माण पर केंद्रित इकाई स्थापना की दिशा में पहल कर रहा है। इस इकाई में यूरिन परीक्षण से कैंसर के लक्षणों की पहचान करने के लिए किट निर्मित करने की योजना है। इससे प्रारंभिक अवस्था में कैंसर की पहचान कर तत्काल इलाज आरंभ करने में मदद मिलेगी।

### खास बातें

- कैंसर की यूरिन टेस्ट से पहचान के लिए बनाएंगे किट
- मुख्यमंत्री से साउथ कोरिया के ईसीडीएस ग्रुप के सदस्यों ने मंत्रालय में की भेंट
- ग्रुप की एविएशन और सेमीकंडक्टर के क्षेत्र में भी निवेश करने की योजना



### समूह की कौशल उन्नयन तकनीक और विशेषज्ञता साझा करने में भी रुचि

समूह प्रदेश में एविएशन सेमीकंडक्टर आदि क्षेत्र में भी निवेश का इच्छुक है। इसके साथ ही समूह ने कौशल उन्नयन के लिए तकनीक और विशेषज्ञता साझा करने में भी रुचि दिखाई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव से डॉ. वुंग कवांग यांग, डॉ. युंगहून लिम, डॉ. सिओक किम जोंग शिओल जंग, जेली शिओन, वू सिओक शुंग तथा राजेश भारद्वाज ने भेंट की। मुख्य सचिव अनुराग जैन, प्रमुख सचिव औद्योगिक नीति एवं निवेश संवर्धन राघवेन्द्र कुमार सिंह उपस्थित थे।

## पुलिस की कड़ी सुरक्षा के बीच चली कार्रवाई

# बिल्डर श्याम सोमानी के घर आईटी टीम का छापा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

मोतीतालाब पारा स्थित बिल्डर श्याम सोमानी के घर मंगलवार की सुबह आईटी की टीम ने छापा मारा। इस दौरान पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था भी की गई थी। इस कार्रवाई को करने के लिए रायपुर से टीम आई हुई है, जबकि जगदलपुर की टीम को इस मामले की भनक तक नहीं लगी है।

बताया जा रहा है कि जगदलपुर में मंगलवार की सुबह आयकर विभाग ने कार्रवाई की। बिल्डर सोमानी के मोती तालाब पारा स्थित निवास पर टीम पहुंची। जहां एक दर्जन से अधिक अधिकारी मामले को लेकर छानबीन कर रहे थे।




बताया जा रहा है कि बस्तर में बड़ी कंस्ट्रक्शन एजेंसी है, जहां बीएमएस, प्रोपराइटर श्याम सोमानी बस्तर चैंबर ऑफ कामर्स के अध्यक्ष भी हैं। रायपुर से आईटी की टीम आई हुई है। स्थानीय आईटीओ को भनक तक नहीं, छानबीन पूरी होने के बाद अधिकारी इस मामले की विस्तृत जानकारी देंगे।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात में वन्यजीव बचाव, पुनर्वास व संरक्षण केंद्र 'वनतारा' का किया उद्‌घाटन



**जामनगर।** वनतारा में 2,000 से अधिक प्रजातियां और 1.5 लाख से अधिक बचाए गए, लुप्तप्राय और संकटग्रस्त जानवर रहते हैं। प्रधानमंत्री ने केंद्र में विभिन्न सुविधाओं का पता लगाया। उन्होंने वहां पुनर्वासित किए गए जानवरों की विभिन्न प्रजातियों के साथ निकटता से बातचीत की। प्रधानमंत्री ने वनतारा में वन्यजीव अस्पताल का दौरा किया और पशु चिकित्सा सुविधाओं को देखा, जो एमआरआई, सीटी स्कैन, आईसीयू और अन्य सुविधाओं से सुसज्जित हैं और यहां वन्यजीव एनेस्थीसिया, कार्डियोलॉजी, नेफ्रोलॉजी, एंडोस्कोपी, दंत चिकित्सा, आंतरिक चिकित्सा आदि सहित कई विभाग भी हैं। यहां उन्होंने एशियाई शेर शावकों, सफेद शेर शावक, क्लाउडेड तेंदुए शावक जो एक दुर्लभ और लुप्तप्राय प्रजाति के हैं, कैराकल क्लब में शावक सहित विभिन्न प्रजातियों के साथ खेला और उन्हें खिलाया।

प्रधानमंत्री मोदी द्वारा खिलाए गए सफेद शेर शावक का जन्म केंद्र में हुआ था, जब उसकी मां को बचाया गया था और देखभाल के लिए वनतारा लाया गया था। भारत में कभी बहुतायत में पाए जाने वाले कैराकल अब दुर्लभ होते जा रहे हैं। वनतारा में, कैराकल को प्रजनन कार्यक्रम के तहत कैद में रखा जाता है ताकि उन्हें संरक्षित किया जा सके और बाद में जंगल में छोड़ दिया जाता है। पीएम ने अस्पताल के एमआरआई कक्ष का दौरा किया और एक एशियाई शेर का एमआरआई देखा। उन्होंने ऑपरेशन थियेटर का भी दौरा किया, जहां एक तेंदुआ राजमार्ग पर एक कार से टकराने के बाद जीवन रक्षक सर्जरी से गुजर रहा था और उसे बचाकर यहां लाया गया था।

केंद्र में बचाए गए जानवरों को उनके प्राकृतिक आवास के समान स्थानों पर रखा जाता है। केंद्र में किए गए कुछ प्रमुख संरक्षण पहलों में एशियाई शेर, हिम तेंदुआ, एक सींग वाला गैंडा आदि शामिल हैं। पीएम ने कई खूंखार जानवरों के साथ कई बार नजदीकी से बातचीत की। वे गोल्डन टाइगर, चार हिम बाघों के आमने-सामने बैठे, जो भाई थे और जिन्हें सर्कस से बचाया गया था, जहाँ उन्हें करतब दिखाने के लिए मजबूर किया गया था, सफेद शेर और हिम तेंदुए के साथ बैठे। पीएम ने एक ओकापी को थपथपाया, खुले में चिम्पांजी से आमने-सामने हुए, जिन्हें एक ऐसी सुविधा से लाया गया था जहाँ उन्हें पालतू जानवरों के रूप में रखा गया था, ओरंगुटान को गले लगाया और प्यार से उनके साथ खेला, जिन्हें पहले एक भीड़भाड़ वाली सुविधा में रखा गया था, एक दरियाई घोड़े को करीब से देखा जो पानी के नीचे था, मगरमच्छों को देखा, ज़ेबरा के बीच में सैर की, एक जिराफ़ और एक गैंडे के बच्चे को खाना खिलाया। एक सींग वाला गैंडे का बच्चा अनाथ हो गया क्योंकि उसकी माँ की सुविधा में मृत्यु हो गई थी। उन्होंने एक बड़ा अजगर, अनोखा दो मुंह वाला सांप, दो मुंह वाला कछुआ, टपीर, तेंदुए के बच्चे, विशाल ऊदबिलाव, बोंगो (मृग), सील भी देखे जिन्हें कृषि क्षेत्र में छोड़ दिया गया था और बाद में ग्रामीणों ने उन्हें देखा और बचाया। उन्होंने हाथियों को उनके जकूज़ी में देखा। हाइड्रोथेरेपी पूल गठिया और पैर की समस्याओं से पीड़ित हाथियों को ठीक करने में मदद करते हैं और उनकी गतिशीलता में सुधार करते हैं। उन्होंने हाथी अस्पताल के कामकाज को भी देखा, जो दुनिया का सबसे बड़ा ऐसा अस्पताल है। उन्होंने केंद्र में बचाए गए तोतों को भी छोड़ा। प्रधानमंत्री ने डॉक्टरों, सहायक कर्मचारियों और श्रमिकों के साथ भी बातचीत की जो केंद्र में विभिन्न सुविधाओं का प्रबंधन कर रहे हैं।

### लू चिप स्टॉक्स के लिए मोमेंटम रणनीति

**मुंबई।** सैमको एसेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड ने सैमको लार्ज कैप फंड के लिए न्यू फंड ऑफर (एनएफओ) लॉन्च किया है, जो एक ओपन-एंडेड इक्विटी स्कीम है जो लार्ज-कैप शेयरों में निवेश पर केंद्रित है। एनएफओ 5 मार्च, 2025 से 19 मार्च, 2025 तक खुलेगा। फंड का लक्ष्य सैमको के प्रोपराइटी सी.ए.आर.ई. का लाभ उठाते हुए शीर्ष 100 लार्ज-कैप कंपनियों के विविध पोर्टफोलियो का निर्माण करके लंबे समय में निवेश पर रिटर्न प्रदान करना है।

# खोरधारोड मंडल ने 'यूटीएस मोबाइल ऐप' के उपयोग को बढ़ावा देने चलाया जागरूकता अभियान

**खोरधा रोड।** खोरधा रोड मंडल ने यूटीएस मोबाइल ऐप के उपयोग को बढ़ावा देने और दैनिक यात्रियों को मोबाइल टिकटिंग का विकल्प चुनने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए एक विशेष जागरूकता अभियान शुरू किया है। अनारक्षित टिकट प्रणाली (यूटीएस) मोबाइल ऐप, भारतीय रेलवे का एक सरकारी मोबाइल टिकटिंग एप्लिकेशन है, जो ट्रेन यात्रियों को अपने स्मार्टफोन का उपयोग करके ट्रेनों के माध्यम से यात्रा के लिए अनारक्षित टिकट बुक करने की अनुमति देता है। टिकट खरीदने के लिए लंबी कतारों में खड़े होने के बजाय, यात्री मोबाइल ऐप पर यूटीएस के माध्यम से पेपरलेस यात्रा टिकट, सीजन टिकट और प्लेटफॉर्म टिकट बुक कर सकते हैं और टिकट मोबाइल एप्लिकेशन में ही वितरित किया जाएगा। यात्री टिकट की हार्डकॉपी लिए बिना यात्रा कर सकते हैं। टिकटों के लिए भुगतान नेट-बैंकिंग/डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड/यूपीआई/वॉलेट आदि के माध्यम से डिजिटल होगा।

यूटीएस मोबाइल ऐप के उपयोग को प्रोत्साहित करने की पहल के रूप में, रेल मंत्रालय ने यूटीएस मोबाइल ऐप के माध्यम से अनारक्षित टिकट बुकिंग के लिए आर-वॉलेट रिचार्ज पर 3 प्रतिशत बोनस की पेशकश की अपनी लोकप्रिय योजना का विस्तार किया है। यह बोनस उपयोगकर्ताओं को आर-वॉलेट में तुरंत जमा कर दिया जाएगा और इसका उपयोग भविष्य की बुकिंग के लिए किया जा सकता है। यह रेलवे टिकटिंग वॉलेट यूटीएस मोबाइल ऐप के भीतर उपलब्ध है, जो डिजिटल भुगतान को और बढ़ावा देता है। खोरधारोड मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, अनिल कुमार एस. के मार्गदर्शन में यूटीएस को मोबाइल ऐप पर बढ़ावा देने के लिए कई उपाय किए गए हैं। भुवनेश्वर रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को यूटीएस मोबाइल ऐप के दिशा-निर्देशों वाले पर्चे वितरित किए जा रहे हैं। यूटीएस मोबाइल ऐप के माध्यम से अनारक्षित टिकट बुक करते समय यात्रियों का मार्गदर्शन करने और मोबाइल टिकटिंग की विभिन्न अद्यतन विशेषताओं के बारे में उन्हें जागरुक करने के लिए महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशनों पर टिकट



बुकिंग और टिकट चेकिंग स्टाफ को शामिल करते हुए हेल्प डेस्क स्थापित किए जा रहे हैं। अब भारत में डिजिटल भुगतान एक बड़े बदलाव के दौर से गुजर रहा है, खोरधारोड मंडल ने टिकट काउंटरों पर डिजिटल भुगतान को प्रोत्साहित करने के लिए खोरधारोड मंडल के सभी 113 रेलवे स्टेशनों पर क्यूआर कोड डिवाइस स्थापित किए हैं। रेल उपयोगकर्ताओं के लिए एक सुरक्षित और आरामदायक अनुभव सुनिश्चित कराने के लिए मंडल हर आधुनिक तकनीक को अपना रहा है।



# आषाढ़ का एक दिन का किया नाट्य-मंचन

**नई दिल्ली।** हिन्दी अकादमी, दिल्ली द्वारा सुप्रसिद्ध साहित्यकार मोहन राकेश की जन्मशती के अवसर पर उनके लिखे चर्चित नाटक आषाढ़ का एक दिन का नाट्य-मंचन श्रीराम सेंटर सभागार, सफ़दर हाशमी मार्ग, मंडी हाऊस, नई दिल्ली में किया गया। नाटक के अरविन्द सिंह चंद्रवंशी हैं। यह प्रस्तुति सुमुखा रंगमंडल के कलाकारों द्वारा की गई। आषाढ़ का एक दिन मोहन राकेश द्वारा लिखित एक प्रसिद्ध हिन्दी नाटक है, जो संस्कृत कवि कालिदास के जीवन पर आधारित है। यह नाटक तीन अंकों में विभाजित है और प्रेम, कर्तव्य, और त्याग की कहानी प्रस्तुत करता है।कहानी का मुख्य पात्र कालिदास एक प्रतिभाशाली लेकिन सरल स्वभाव का कवि है, जो प्रकृति से प्रेम करता है और गाँव की एक युवती मल्लिका से सच्चा प्रेम करता है। मल्लिका भी उसे बेहद चाहती है और उसकी कला की प्रशंसा करती है।एक दिन, उज्जयिनी से कुछ राजदूत आते हैं और कालिदास को राजा का दरबारी कवि बनने के लिए आमंत्रित करते हैं। मल्लिका उसे रोकने की कोशिश करती है, लेकिन कालिदास अपने कर्तव्य और प्रतिष्ठा की चाह में उज्जयिनी चला जाता है।

## हांगकांग में जिस इंजेक्शन से 3 महीने में ठीक हो रहे कैंसर मरीज उसकी भारत में क्या है स्थिति?

**बीजिंग।** हांगकांग ने कैंसर बीमारी को खत्म करने वाली सीएआर-टी इंजेक्शन को लेकर बड़ा दावा किया हैं। हांगकांग के वैज्ञानिकों का कहना है कि नवंबर 2024 में जिन 5 मरीजों का इलाज सीएआर-टी इंजेक्शन से किया गया, वो सभी धीरे-धीरे ठीक हो रहे हैं। वैज्ञानिकों ने उन लोगों का रिएक्शन भी शेयर किया हैं। कहा जा रहा है कि इस असर के बाद दुनियाभर में हांगकांग के इस सीएआर-टी इंजेक्शन की डिमांड बढ़ सकती हैं।

## राशिफल

**मेष** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं।

**वृष** — आत्मसंयत रहें। क्रोध से बचें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी। मन प्रसन्न

**मिथुन** — किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**कर्क** — जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। वाणी में सौम्यता रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**सिंह** — जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय रहेगा। आत्मविश्वास में कमी आएगी। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।

**कन्या** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक या शोधादि कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**तुला** — मन प्रसन्न रहेगा। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। कुटुम्ब के किसी बुजुर्ग से धन मिल सकता है। अपनी भावनाओं को वश में रखें।

**वृश्चिक** — मन में नकारात्मक विचारों से बचें। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे।

**धनु** — आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति रहेगी। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। घर-परिवार में धार्मिक एवं मांगलिक कार्य हो सकते हैं।

**मकर** — क्रोध से बचें। बातचीत में संयत रहें। वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं। पिता से धन मिल सकता है। मन प्रसन्न रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**कुंभ** — मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें। परिवार के साथ यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। अनियोजित खर्च बढ़ेंगे। माता का सहयोग मिलेगा।

**मीन** — पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। वाणी में मधुरता रहेगी। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। आय में वृद्धि होगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिलेंगे।


**दावा**

**वैज्ञानिकों ने बताया कैसे होगा संभव!**

# खत्म होगी गरीबी, हर आदमी को मिलेगा क्विंटल भर सोना

**दुनिया में अमीर होने के लिए कहा जाता है कि अगर खूब सारा सोना मिल जाए तो गरीबी नहीं रहेगी। पर क्या ऐसा हो सकता है कि दुनिया में इतना सोना मिल जाए कि दुनिया की हर आदमी ही अमीर हो जाए। क्या ऐसा संभव है?**

एजेंसी ▸▸| लंदन



अगर वैज्ञानिकों को माने तो दुनिया में इतना अधिक सोना मिल सकता है कि हर शख्स को अगर क्विंटल भर भी मिले, तो भी कम नहीं पड़ेगा। एक अनूठे प्रयोग ने वैज्ञानिकों में यह उम्मीद जगाई है कि इससे गरीबी खत्म हो जाएगी और हर व्यक्ति मालामाल हो जाएगा।

सोना अमीरों की धातु मानी जाती हैं। आज यह दुनिया में बहुत ही कम मात्रा में मिलता हैं। पर अब वैज्ञानिकों का दावा है कि पृथ्वी की गहराइयों में छिपा सोना निकालने की तकनीक विकसित हो रही हैं। यह इतना अधिक है कि इससे दुनिया का हर व्यक्ति अमीर हो सकता हैं। उनके प्रयोग से गहराइयों में छिपा सोना सतह पर आ जाएगा।

लोगों को हैरानी होती है कि अगर पृथ्वी के अंदर इतना सोना है तो सरकारें इसे निकाल क्यों नहीं लेती हैं। क्या उनके पास ऐसी तकनीकें नहीं हैं? क्योंकि, हकीकत ये है कि पृथ्वी की गहराई में एक दो नहीं, बल्कि अरबों टन की मात्रा में सोना हैं। ऐसे में सवाल पैदा होते है कि इतना महंगा होने पर भी क्या सरकार इसे निकालने के लिए खास कोशिशें नहीं करती हैं।

### अणु के हिस्से में ही मिल सकता हैं सोना

पृथ्वी की गहराइयों में बहुत ही अधिक तापमान और दबाव होता हैं। वैज्ञानिक सदियों से इन गहराइयों में मौजूद सोने के कणों को सतह पर लाने पर काम कर रहे हैं। एक बड़ी समस्या ये थी कि जहां सोना समान्य हालात में प्रतिक्रिया नहीं करता है, वहीं ज्वालामुखी और पृथ्वी की गहराइयों में सोना रिएक्ट कर अणु स्वरूप में आ जाता हैं। यानी नीचे गहराई में सोना अलग से नहीं किसी अणु के हिस्से में ही मिल सकता हैं। वैज्ञानिक मानते हैं कि पृथ्वी की सतह के 50 से 80 किलोमीटर नीचे की गहराई में जमा सोना का सफ्लर जैसी धातु वाले द्रव्यों से प्रति क्रिया करे तो वह ऐसे अणुओं में बदल जाएगा जिससे वह अपनी जगह आसानी से बदल सकता हैं।

### आखिर है कहां यह सोना

तो फिर यह सोना आखिर है कहां? यह सोना पृथ्वी की सतह की ऊपरी पट्टी और कोर के बीच में दफन हैं। पृथ्वी की ऊपरी परत 8 से 15 किलोमीटर की गहराई में हैं और अभी तक वैज्ञानिक ज्यादा से ज्यादा 12 किलोमीटर गहराई तक पहुंच सके हैं। जबकि सबसे गहरी खदान सोने की ही है और वह केवल 5 किलोमीटर ही गहरी हैं। अभी तक वैज्ञानिक ऐसे तकनीक विकसित नहीं कर सके हैं कि पृथ्वी की पर्पटी के ठीक नीचे ही गहरे जाकर सोना निकालने की तकनीक नहीं बना सके हैं। लेकिन, अब वैज्ञानिकों ने ऐसा तरीका निकाल लिया है जिससे कई किलोमीटर नीचे मौजूद सोने को निकाला जा सकेगा।

### निकाला जा सकता है छिपा सोना

सल्फर के साथ रिएक्ट कर बने सोने के अणु आसानी से पृथ्वी से अंदर से रिस कर सतह पर आना शुरू कर देंगे। इस बात की पुष्टि उनके प्रयोगों में हुई। इनके आधार पर वैज्ञानिक उम्मीद कर रहे हैं कि ऐसा दिन आएगा जब इस पद्धति से पृथ्वी की गहराई में छिपा सोना निकाला जा सकता हैं। प्रयोग भले ही सफल रहा हो, लेकिन अभी इसकी पुष्टि केवल लैब में हो सकती हैं। इसे हकीकत में बदलना समय ले सकता हैं। लेकिन वैज्ञानिकों को पूरी उम्मीद है कि जिसे अब तक असंभव माना जा रहा था, अब ये संभव है और एक समय आएगा जब यह होने लगेगा और तब हर शख्स अमीर हो सकेगा।

# सालाना कितना कमाती हैं सुनीता विलियम्स, धरती पर वापसी से पहले जानिए नेटवर्थ

**वॉशिंगटन।** अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स लंबे समय से अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन में फंसी हुई हैं। हालांकि उनकी इसी महीने धरती पर वापसी होने वाली हैं। नासा की भारतीय मूल की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर 5 जून साल 2024 से इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन में फंसे हुए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक दोनों ही स्पेसएक्स के स्पेसक्राफ्ट से आएंगे। एक तरफ उनकी धरती पर वापसी को लेकर जहां उत्साह है। वहीं, दूसरी तरफ उनके सामने आने वाली समस्याओं को लेकर लोग चिंतित हैं। इन सब के बीच बहुत से लोगों के मन में सवाल है कि आखिर सुनीता विलियम्स की सैलरी और नेटवर्थ कितनी है? अगर आपके मन में भी ऐसा सवाल है तो आइए जानते हैं। **मुश्किलों से भरा काम :** सुनीता विलियम्स जैसे वैज्ञानिक वो काम करते हैं जो मुश्किलों से भरा होता हैं। जैसे ही सुनीता विलियम्स धरती पर आएंगी, उन्हें कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ेगा।



### कितनी है सलाना कमाई

सुनीता विलियम्स दुनिया की शीर्ष अंतरिक्ष एजेंसी नासा में हैं। उनकी गणना एक अच्छे अंतरिक्ष यात्रियों में होती हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार नासा के अंतरिक्ष यात्रियों को अमेरिकी सरकार के वेतनमान के आधार पर वेतन मिलता है, जो ग्रेड जीएस-13 से लेकर जीएस-15 तक होता हैं। नासा के रिकॉर्ड के अनुसार, विलियम्स जैसे अत्यधिक अनुभवी अंतरिक्ष यात्रियों का वार्षिक वेतन जी-15 श्रेणी में आता है, जो लगभग $152,258.00 या 12,638,434 प्रति वर्ष हैं। यह राशि उनकी बोझिल अंतरिक्ष यात्राओं और प्रशिक्षण के लिए भुगतान को दर्शाती हैं। अंतरिक्ष यात्रियों को नासा के मांगलिक मिशनों के लिए उनके उत्कृष्ट कार्य और जवाबदेही के लिए मुआवजा भी मिलता हैं।

## इमरजेंसी : नन्हे बच्चे ने 911 पर लगाया फोन, कहा इमरजेंसी! फिर कर डाली मांग



**न्यूयार्क।** दुनिया भर में पुलिस का मतलब किसी तरह की मुसीबत में उलझने का संकेत माना जाता है। पर फिर भी पुलिस को बार बार समझाना पड़ता है कि वह लोगों की मदद के लिए हैं। ऐसे में अगर कोई बच्चा खाने का ऑडर करने के लिए इमरजेंसी नंबर लगा दे तो? अमेरिका में तो बच्चे अगर 911 नंबर पर फोन कर दें, तो पुलिस उनकी शिकायत पर माता-पिता को गिरफ्तार भी कर सकती है और करती भी हैं। लेकिन, अनोखे मामले में एक बच्चे ने 911 नंबर लगाया और खोने की एक चीज ऑडर कर दी। हैरानी की बात ये रही कि पुलिस ने बच्चे का ऑडर पूरा भी कर दिया। अमेरिका के ओकलाहोमा में एक नन्हें से बच्चे ने ऐसा काम किया हैं। मूर पुलिस विभाग ने सोशल मीडिया पर हाल ही में एक ऑडियो और शेयर किया है जिसमें बेनेट नाम का एक बच्चे ने इमरजेंसी नंबर 911 पर कॉल कर डोनट्स की मांग की थी।

**हरिभूमि की एजेंसी एवं प्रतियों के लिये संपर्क करें**
**मों. 9340637789**

**फायनेंस**
फाइनेंस- जनधन लोन आधारकार्ड से पर्सनल, बिजनेस, प्रॉपर्टी, लेबर कार्ड, इश्रम कार्ड, मार्कशीट, कृषि पर 100000/- से 500000/- तक 2% ब्याज, 50% छूट संपर्क मोबाइल:- 7042858951 (रायपुर /08/मार्च 25)


अब आप पायेंगे अपना सच्चा हमसफर
**हरिभूमि वैवाहिकी**
प्रत्येक रविवार को प्रकाशित

**छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ**

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नही होगी।

**छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।**
18 से 75 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 7-8 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
ब्रेस्ट टोनर क्रिम
लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330

## शब्द पहेली - 5797



**बाएँ से दाए-**
1. बेजोड़-4
4. परिचय, निशान-4
7. कला-3
9. सज्जनता, चरित्र, आदर्श-3
10. प्रथा, रिवाज-3
11. उपस्थिति-3
12. सेन्धमार-5
15. शयनागार, बेडरूम, आरामगाह-3,2
18. तड़के, सुबह सवेरे-5
20. चुगली करना-2,3
22. मैला, गंदा-3
23. रसद, आहर पदार्थ-3
25. प्रणाम, नमस्कार-3
26. तोलने का यंत्र, तकड़ी-3
27. स्थायी, प्राचीन-4
28. हुकूमत, राजगद्दी-4

**ऊपर से नीचे**
2. मुलाकात, मिलाप-3
3. खून से लथपथ-5
4. लालन-पालन-5
5. सेवक, नौकर, दास-3
6. धोखेबाज-4
8. समान, एक जैसा-4
13. पंकज, जलज-3
14. आघात, चोट-3
16. भरोसा, विश्वास-3
17. कुली, पालकी वाहक-3
18. जुर्म, गुनाह-4
19. स्वदेश वासी-5
20. शतपदी, कनखजूरा-5
21. अहमक, मूर्ख-4
24. स्नान करना-3
25. सम्मान, पगड़ी-3

**शब्द पहेली -5796 का हल**



■ मंगल सैनचा, बैंगलोर

## सूडोकु नवताल - 5807

✱✱✱✱✲ कठिन


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | | 6 | | | | |
| | | | | | 5 | | | |
| | | 9 | | | | 7 | | 3 |
| | 1 | | | 8 | | | | 2 |
| | | | 7 | | 4 | | | |
| 6 | | | | 3 | | | 8 | |
| 5 | | 7 | | | | 4 | | |
| | | | 8 | | | | | |
| | | | | 1 | | | 6 | |

■ MANGAL SENACHA, BANGALORE

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5806 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 7 | 6 | 2 |
| 1 | 8 | 6 | 7 | 2 | 5 | 4 | 9 | 3 |
| 2 | 7 | 3 | 9 | 4 | 6 | 8 | 1 | 5 |
| 6 | 3 | 9 | 1 | 7 | 4 | 2 | 5 | 8 |
| 5 | 2 | 4 | 8 | 9 | 3 | 6 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 8 | 6 | 5 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 4 | 6 | 7 | 5 | 8 | 1 | 3 | 2 | 9 |
| 8 | 9 | 1 | 2 | 3 | 7 | 5 | 4 | 6 |
| 3 | 5 | 2 | 4 | 6 | 9 | 1 | 8 | 7 |



# अल्लू अर्जुन ने किया सलमान को रिप्लेस

**मुंबई।** बॉलीवुड के मशहूर अभिनेता सलमान खान को बहुत बड़ा झटका लगा है। निर्देशक एटली उनकी जगह अब अल्लू अर्जुन को करेंगे कास्ट। इस फिल्म में एक नहीं, बल्कि तीन-तीन अभिनेत्रियां आएंगी नजर। एक रिपोर्ट के मुताबिक निर्देशक एटली कुमार की आने वाली फिल्म में बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता सलमान खान नहीं नजर आएंगे। एक्टर सलमान की जगह 'पुष्पा' फेम एक्टर अल्लू अर्जुन अब इस फिल्म में होंगे कास्ट। हालांकि, रिपोर्ट के अनुसार निर्देशक एटली पहले सलमान खान के साथ पुनर्जन्म थीम पर आधारित 600 करोड़ रुपए बजट की एक्शन फिल्म लेकर आने वाले थे।

लाइफ Style

# जान्हवी

## फैंस ने जबरदस्ती उतार दिया मास्क

एजेंसी ▶▶ मुंबई

कई बार फैंस हद पारकर करके कुछ ऐसा कर देते हैं कि सेलिब्रिटी, बॉलीवुड स्टार्स को भी बुरा फील होता है। हाल ही में जान्हवी कपूर के साथ भी ऐसा ही एक वाक्या हुआ। एक्ट्रेस के साथ एक फैन ने मिसबिहेव किया। फैन के इस बर्ताव को सोशल मीडिया यूजर्स ने भी क्रिटिसाइज कर दिया।

कुछ महीनों पहले एयरपोर्ट पर करीना कपूर खान के साथ फोटो लेने के लिए फैंस ने उन्हें घेर लिया था, उनके साथ काफी मिसबिहेव किया। ऐसा ही सिचुएशन का सामना अब जान्हवी कपूर को करना पड़ा। एक फैन ने फोटो खिंचवाने के लिए एक्ट्रेस के साथ खराब बिहेव किया। हाल ही में मुंबई में जान्हवी कपूर नजर आईं। कुछ फैंस ने उन्हें देखा, वे लोग जान्हवी के साथ फोटो खिंचवाना चाहते थे। ऐसी ही एक फैन ने जान्हवी के साथ फोटो क्लिक करवाने के लिए उनका मास्क उतारने की कोशिश की।

अचानक यह देख जान्हवी पीछे हो गईं और खुद ही अपना मास्क उतारकर फोटो क्लिक करवाया। फिर वह आगे बढ़ गईं। जब जान्हवी कपूर का यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तो यूजर्स का कहना था कि फैंस को एक्ट्रेस की प्राइवेसी का सम्माना करना चाहिए। सोशल मीडिया यूजर्स का यह भी मानना है कि कुछ लोगों को बिल्कुल भी तमीज नहीं होती है। एक यूजर का कहना था कि आप किसी सेलिब्रिटी को जानते लेकिन वह आपको नहीं जानता है,ऐसे में थोड़ा तो अच्छे से बिहेव करना चाहिए। जहां तक जान्हवी कपूर के वर्क फ्रंट की बात है तो वह सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ एक फिल्म 'परम सुंदरी' में नजर आएंगी।



हॉलीवुड मसाला



# भारत में एक दिन पहले होगी रिलीज

**लॉस एंजिल्स।** मार्वल स्टूडियोज ने भारतीय प्रशंसकों के लिए बड़ा ऐलान किया है। बहुप्रतीक्षित फिल्म 'थंडरबोल्ट्स' अब दुनियाभर में अपनी रिलीज से एक दिन पहले भारतीय सिनेमाघरों में दस्तक देगी। यह फिल्म 2 मई को रिलीज होगी। वहीं, भारत में अब यह फिल्म 1 मई क होगी। मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स (एमसीयू) के भारतीय प्रशंसकों के लिए एक बड़ी सौगात आने वाली है, क्योंकि मार्वल स्टूडियोज की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'थंडरबोल्ट्स' वैश्विक रिलीज से एक दिन पहले 1 मई को भारतीय सिनेमाघरों में आने वाली है।




# परीकथा की तरह लगती है 'अनोरा'

**लॉस एंजिल्स।** सीन बेकर की फिल्म 'अनोरा' किसी परीकथा की तरह लगती है। फिल्म की मुख्य किरदार एनी (मिकी मैडिसन) एक स्ट्रिप क्लब में डांसर है। वह एक रशियन लड़की है, लेकिन वह अमेरिका में रहती है और उसे अंग्रेजी बोलना पसंद है। एनी एक खानदानी और अमीर बिजनेसमैन से शादी कर लेती हैं। जब यह बात उसके माता-पिता को पता चलती है, तो वह रशिया से न्यूयॉर्क के लिए उसकी शादी तोड़ने निकल पड़ते हैं। 'अनोरा'की शूटिंग कुल 35 दिनों में हुई थी। जिसमें से 25 मिनट के होम अटैक सीन को फिल्माने में दस दिन लगे थे। फिल्म के कई सीन के बैकग्राउंड में ओरिजिनल स्ट्रिपर्स को रखा गया ताकि सब कुछ असली लगे।आस्कर में 'अनोरा'के प्रदर्शन के बाद सीन बेकर एक ही फिल्म के लिए तीन अवॉर्ड हासिल करने वाले चौथे व्यक्ति बन गए हैं।



# 38 की उम्र में 138 करोड़ की मालकिन...

**मुंबई।** श्रद्धा कपूर की नेटवर्थ 130 करोड़ रुपए है। अभिनेत्री के पास कई लग्जरी कारों का कलेक्शन भी है, जिसमें 'ऑडी क्यू7', 'मर्सिडीज बेंज जीएलई' और 1.50 करोड़ रुपए की 'बीएमडब्ल्यू 7' सीरीज शामिल है। साल 2024 श्रद्धा के अब तक के फिल्मी कॅरियर का सबसे शानदार साल रहा। वह साल की सबसे बड़ी हिट हीरोइन बनकर उभरीं। 'स्त्री 2' ने बॉक्स ऑफिस पर कई सारी बड़ी फिल्मों के रिकॉर्ड तोड़ दिए। फिल्म ने भारत में बॉक्स ऑफिस से 597.99 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया। इसी साल अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पर भारत के पीएम नरेंद्र मोदी से ज्यादा फॉलोअर्स अर्जित कर अपने नाम यह रिकॉर्ड भी दर्ज करा लिया। अभिनेत्री ने अपने 14 साल के कॅरियर में कई तरह के किरदार निभाए हैं। आशिकी 2 से लेकर स्त्री तक अलग-अलग तरह के किरदारों में खुद को ढाला।



# बेटी के सपने को सच करते दिखे अभिषेक

**मुंबई।** डांस मास्टर और प्रसिद्ध कोरियोग्राफर रेमो डिसूजा के निर्देशन में बनी फिल्म 'बी हैप्पी' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। इस फिल्म का ट्रेलर काफी प्रभावित करने वाला नजर आ रहा है, जिसमें एक बच्ची के डांस के सपनों के संघर्षों की कहानी दिखाई गई है। फिल्म में अभिषेक बच्चन और नोरा फतेही मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म की कहानी एक बच्ची के आस-पास घूमती है, जो डांसर बनना चाहती है। अभिषेक बच्चन बच्ची के पिता के रूप में नजर आते हैं, जो उसका सपना सच करने की कोशिश करते हैं। इसके लिए अभिनेता डांस भी सीखते हैं। फिल्म का निर्देशन रेमो ने किया है। 'बी हैप्पी' फिल्म का ट्रेलर अभिषेक ने अपने एक्स अकाउंट पर शेयर किया है। पोस्ट ट्वीट करते समय एक्टर ने लिखा कि कभी-कभी सपनों को पूरा करने के लिए दो लोगों की जरूरत पड़ती है।

टीवी मसाला

# गायत्री मंत्र पढ़कर दिशा ने दिया बेटी को जन्म

**नई दिल्ली।** 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' पिछले 15-16 साल से टीवी की दुनिया पर राज कर रहा है। इसमें कई कलाकार आए और गए लेकिन दयाबेन का रोल कोई न कर सका। दिशा वकानी के जाने के बाद से ये जगह आज भी खाली है और शायद ही वह कभी भर पाएगी। खैर। एक्ट्रेस का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें वह अपनी प्रेग्नेंसी के बारे में बात कर रही हैं कि कैसे उन्होंने बेटी के जन्म दिया। और लोग रिएक्ट कर रहे हैं। वीडियो में दिशा वकानी कह रही हैं, 'जब मैं पहली बार माता बनी और मैंने सुना की मां बन गए हैं और डिलीवरी के वक्त बहुत दुख होता है। बहुत पेन होता है और मैं बहुत डर गई थी। पर मैं पैरेंटिंग का कोर्स कर रही थी। तो मुझे किसी ने बोला कि भाई आप मां हैं लेकिन चिल्लाना नहीं है आपको, आप चिल्लाएंगी तो अंदर बच्चा डर जाएगा। यही मंत्र ले लिया। गायत्री माता का मंत्र, और मैंने हंसते-हंसते डिलीवरी की।' एक्ट्रेस ने आगे कहा, 'मेरे मन में सतत गायत्री मंत्र का स्मरण हो रहा था। आंखें बंद और हंसती रही। और मेरी बेटी स्तुति को मैंने जन्म दिया। ये चमत्कार मैं हर मां जो प्रेग्नेंट होती है, उनको कहती हूं कि ये मंत्र आप बोलते रहिए, क्या शक्ति मिलती है। और वो चमत्कार आपको दिखेगा। और वो बहुत याद रहेगा।' दिशा वकानी का ये वीडियो देख एक यूजर ने लिखा, 'इनके पति ने इनका पूरा कॅरियर बर्बाद कर दिया।' एक ने कहा, 'मेकअप ज्यादा हो गया है।'



# 'लाफ्टर शेफ्स 2' के सेट पर होली का हुड़दंग, मेहमानों संग खूब जमेगा रंग

**नई दिल्ली।** 'लाफ्टर शेफ्स 2' के सेट पर अगले हफ्ते होली का हुड़दंग देखने को मिलेगा। शो में कई मेहमान आएंगे और चार-चांद लगाएंगे। इस लिस्ट में विवियन डीसेना से लेकर शिल्पा शिरोडकर, सिंगर मीका सिंह, साजिद खान और निमरत कौर सहित कई सेलेब्स शामिल हैं। इसका वीडियो वायरल हो रहा है। इस वायरल वीडियो में विवियन डीसेना की एंट्री दिखाई गई है, जो सीधे जाकर रुबीना दिलैक को गुलाल लगाते हैं। दोनों ने साथ में 'शक्तिः अस्तित्व के एहसास की' सीरियल में काम किया है। सेट पर भी इनकी जोड़ी खूब जम रही है। विवियन के अलावा शिल्पा शिरोडकर, साजिद खान, मीका सिंह सहित कई सेलेब्स मेहमान बनकर आएंगे और रंग जमाएंगे। इस शो में अंकिता लोखंडे, विक्की जैन, कृष्णा अभिषेक, कश्मीरा शाह, सुदेश लहरी, मन्नारा चोपड़ा, समर्थ जुरेल, अभिषेक कुमार, रुबीना दिलैक और राहुल वैद्य की जोड़ी नजर आ रही है।



# इस फिल्म ने दिया था पहला सुपरस्टार

## दर्दनाक थी कहानी, फ्लॉप के बाद भी गई थी ऑस्कर

*नई दिल्ली। राजेश खन्ना ने अपने कॅरियर में एक से बढ़ कर एक हिट फिल्में दी है। यही वजह है कि उन्हें सिनेमा का सुपरस्टार कहा जाता है। हालांकि, कम ही लोग जानते हैं कि उनकी डेब्यू फिल्म ऑस्कर के लिए गई थी। लेकिन, यह फिल्म फ्लॉप रही। इस फिल्म में उन्हें नोटिस तक नहीं किया गया. हम जिस फिल्म की बात कर रहे हैं उसका नाम है 'आखिरी खत.'यह फिल्म 1966 में आई थी। जब राजेश खन्ना ने 'आखिरी खत' बॉलीवुड में डेब्यू किया तो उन्हें नोटिस तक नहीं किया गया। यह लो बजट कि फिल्म थी. 'आखिरी खत' को चेतन आनंद ने डायरेक्ट किया था, जो देव आनंद के भाई थे। फिल्म की खास बात यह थी कि इस फिल्म में 15 महीने के बच्चे को दिखाया गया था। चेतन आनंद ने बच्चे के नैचुरल हरकतों को शूट किया था. जो काफी पसंद किया गया। इस फिल्म को 1967 में ऑस्कर्स के लिए बेस्ट फॉरेन लैंग्वेज कैटिगरी में भेजा गया था। इसे कोई नॉमिनेशन तो नहीं मिला था, हालांकि इस फिल्म की उस दौर में काफी चर्चा हुई थी। और, फिल्म में काम करने वाले कलाकारों का नाम हुआ था। बाद में इस फिल्म को तमिल, तेलुगू और तुर्की भाषा में भी रीमेक किया गया।*

### ऑस्कर के लिए गई थी राजेश खन्ना की फिल्म



**'आखिरी खत' की कहानी :** 'आखिरी खत' की कहानी गोविंद नाम के एक लड़के पर आधारित थी। वह मूर्तियां बनाने का काम करता है। उसे लज्जो नाम की लड़की से प्यार हो जाता है। दोनों गांव के मंदिर में चुपके से शादी कर लेते हैं। हालांकि, गोविंद शहर चला जाता है, इधर लज्जो मां बनने वाली है। लज्जो की सौतेली मां को यह बात पता लगती है तो वह उसे 500 रुपए में बेच देती है। उसे तरह तरह टॉर्चर किया जाता है। इस बीच लज्जो बच्चे को जन्म देती है और उसका नाम बंटू रखती है। वह बंटू को लेकर वह मुंबई गोविंद के पास जाती है। वहां दरवाजे पर वह चिट्ठी छोड़ आती है। कई दिनों से भूखी लज्जो बंटू को लेकर भटकती है। एक दिन वह मर जाती है और बंटू अकेला रह जाता है। अब बच्चा अकेला भटकता है और इसी पर आधारित फिल्म की कहानी है।

# 5 साल बाद सिनेमाघरों में फिर से रिलीज होगी 'रोड'

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड अभिनेता अभय देओल की फिल्म रोड एक बार फिर से सिनेमाघरों में दस्तक देने को तैयार है। यह फिल्म अपनी रिलीज के 15 साल बाद एक बार फिर से सिनेमाघरों में रिलीज की जा रही है। अभय देओल स्टारर 'रोड' फिल्म एक बार फिर से सिनेमाघरों में रिलीज के लिए तैयार है। अभय ने खुद अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर इसकी घोषणा की है। अभय देओल अभिनित फिल्म रोड 7 मार्च को बड़े पर्दे पर फिर से रिलीज होगी। यह फिल्म मूल रूप से भारत में 5 मार्च, 2010 को रिलीज हुई थी। इस फिल्म में अभय के अलावा तनिष्ठा चटर्जी और दिवंगत सतीश कौशिक ने मुख्य भूमिका निभाई थी। अभय देओल ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर 'रोड' मूवी का एक वीडियो शेयर किया है। इसके साथ ही फिल्म की री-रिलीज की तारीख की घोषणा भी की है। रोड फिल्म के वीडियो के साथ अभय ने कैप्शन में लिखा, एक समय था जब बॉलीवुड में इंडी लहर अपनी जगह बनाने की कोशिश कर रही थी। मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि मेरी फिल्म रोड, मूवी फिर से रिलीज होने वाली है। आप में से कितने लोग इसे देखने के लिए उत्सुक हैं? मुझे बताएं कि आप इसे कब देखेंगे। क्या आप सिनेमा के प्रशंसक हैं? हॉरर, थ्रिलर, रोमांस, कॉमेडी। यह मूवी 7 मार्च को सिनेमाघरों में आ रही है।



## 9 साल की अनाथ सजदा पठान ने निभाया लीड रोल

# ऑस्कर से चूकी अनुजा, लेकिन मिल चुके हैं कई बड़े अवॉर्ड्स

*मुंबई। इस साल भारत से हिंदी शॉर्ट फिल्म 'अनुजा' ऑस्कर के लिए नामांकित हुई थी। लेकिन, ये फिल्म 97वें एकेडमी अवॉर्ड्स में अवॉर्ड नहीं जीत सकी। यह फिल्म 'बेस्ट लाइव एक्शन शॉर्ट फिल्म' के लिए ऑस्कर में नामांकित हुई थी। 'अनुजा' फिल्म का मुकाबला 'ए लीन', आई एम नॉट ए रोबोट, द लास्ट रेंजर और 'द मैन हू कुड नॉट रिमेन साइलेंट' से था। यह अवॉर्ड डच फिल्म 'आई एम नॉट ए रोबोट' को मिला। 'अनुजा' ऑस्कर अवॉर्ड नहीं जीत सकी, लेकिन इस फिल्म ने कई दूसरे अवॉर्ड अपने नाम किए हैं। फिल्म की कहानी भी दिलचस्प है।*



### फिल्म ने जीते ये अवॉर्ड

'अनुजा' फिल्म ऑस्कर में 'आई एम नॉट ए रोबोट' से हार गई, लेकिन फिल्म ने कई अवॉर्ड्स अपने नाम किए हैं। इस फिल्म ने 'होलीशॉर्ट्स फिल्म फेस्टिवल' में 'बेस्ट लाइव एक्शन शॉर्ट फिल्म' अवॉर्ड जीता है। इसके अलावा 'अनुजा' ने 'न्यू यॉर्क शॉर्ट इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल' अवॉर्ड जीता। फिल्म ने 'मोंटक्लेयर फिल्म फेस्टिवल' में 'ऑडियंस अवॉर्ड' अपने नाम किया है। इन अवॉर्ड्स को जीतने के बाद 'अनुजा' अकेडमी अवॉर्ड के लिए नामांकित हुई थी।

### यह है 'अनुजा' की कहानी

फिल्म 'अनुजा' की कहानी दिल्ली की कपड़ा फैक्ट्री में काम करने वाली दो बहनों पर आधारित है। ये फिल्म अनुजा (सजदा पठान) और पलक (अनन्या शानबाग) के संघर्ष की कहानी है। इसमें बाल श्रम की समस्या को दिखाया गया है। फिल्म में दिखाया गया है कि बाल श्रम गैर कानूनी है लेकिन मालिक छोटे बच्चों की उम्र के बारे में झूठ बोलकर नियमों की धज्जियां उड़ाते हैं और उनसे बाल मजदूरी करवाते हैं। इस बीच एक शिक्षक अनुजा के लिए एक मौका लेकर फैक्ट्री में आते हैं। वह कहते हैं कि अगर वह बोर्डिंग स्कूल के लिए प्रवेश परीक्षा दे पाती है और पास हो जाती है, तो उसे छात्रवृत्ति मिलेगी। लेकिन प्रवेश परीक्षा की फीस 400 रुपये है, जो बहनों के लिए जुटा पाना बहुत मुश्किल है। फिल्म में दोनों लड़कियों का संघर्ष और उनके बीच का प्यार दिखाया गया है।

### असल जिंदगी में अनाथ है 'अनुजा'

*'अनुजा' फिल्म में सजदा पठान नाम की लड़की ने अहम किरदार अदा किया है, जिसकी उम्र नौ साल है। यह बच्ची असल जिंदगी में अनाथ है। यह लड़की दिल्ली की 'सलाम बालक ट्रस्ट' में रहती है। सजदा पठान पहले भी 'ब्रेड' नाम की फिल्म में काम कर चुकी है। अनुजा साल 2024 में रिलीज हुई अमेरिकी शॉर्ट फिल्म है। यह हिंदी में बनाई गई है। फिल्म के लेखक और निर्देशक ग्रेव्स हैं। फिल्म की प्रोड्यूसर गुनीत मोंगा और प्रियंका चोपड़ा हैं।*

# भारत ने लहराया दुबई में जीत का परचम

## आस्ट्रेलिया को हराकर भारत चैंपियंस टॉफी के फाइनल में पहुंचा

## विराट ने बेहतरीन 84 रनों की पारी खेलकर टीम को मजबूत बनाया

**दुबई।** भारतीय टीम ने अब तक आईसीसी नॉकआउट्स में मिली सभी हारों का ऑस्ट्रेलिया से बदला चुकता कर दिया। उसने आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के पहले सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया को हराते हुए खिताबी मुकाबले में एंट्री मार ली है। भारत के लिए गेंदबाजी में मोहम्मद शमी ने कमाल करते हुए 3 विकेट झटके तो बल्लेबाजी में विराट कोहली ने 84 रनों की पारी खेली, जबकि श्रेयस अय्यर ने 45 रन खेलकर एक्स फैक्टर की भूमिका निभाई। आखिरी में केएल राहुल और हार्दिक पंड्या (24 गेंदों में 3 छक्के और एक चौका की मदद से 28 रन) ने तेवर दिखाते हुए ऑस्ट्रेलिया को घुटने टेकने के लिए मजबूर कर दिया। भारत की फाइनल में भिड़ंत इसी मैदान पर 9 मार्च को साउथ अफ्रीका और न्यूजीलैंड के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल के विनर के साथ होगी।




### स्टंप पर लगी गेंद फिर क्यों नहीं आउट हुआ बल्लेबाज

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच मुकाबले में ऑस्ट्रेलियाई टीम के कप्तान स्टीव स्मिथ को शुरुआत में ही बड़ा जीवनदान मिला। दरअसल, गेंद उनकी स्टंप से टकराने के बावजूद बैल नहीं गिरी। यह देखकर भारतीय खिलाड़ी हैरान नजर आये। स्मिथ अक्षर पटेल के खिलाफ डिफेंस करने का प्रयास करते हुए आउट होने से बच गए। गेंद उनकी पैड पर एज लगकर बॉल स्टम्प्स पर जा लगी लेकिन गिल्ली नहीं गिरी। आईसीसी के नियमों के अनुसार, यदि गेंद स्टंप पर लगती है और बैल नहीं गिरती है तो ऐसे में बल्लेबाज को आउट नहीं दिया जाता है।

### रोहित लगातार 11वीं बार वनडे टॉस हारे

भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा के नाम एक शर्मनाक रिकॉर्ड दर्ज हो गया क्योंकि वे लगातार 11वीं बार वनडे अंतरराष्ट्रीय मैच में टॉस हार गए। रोहित शर्मा ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी सेमीफाइनल के दौरान टॉस हार गए। भारत का वनडे मैचों में टॉस हारने का सिलसिला अब 14 तक पहुंच गया है, जिसकी शुरुआत 19 नवंबर को वनडे वर्ल्ड कप फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मुकाबले से हुई थी।

#### लगातार टॉस हारने का रिकॉर्ड

12- ब्रायन लारा
(वेस्ट इंडीज, अक्टूबर 1998 से मई 1999)
11- पीटर बोरेन
(नीदरलैंड, मार्च 2011 से अगस्त 2013)
11- रोहित शर्मा
(भारत, नवम्बर 2023 से मार्च 2025)



### जडेजा ने पकड़ा बल्लेबाज को, मचा बवाल

दूसरी ओर रवींद्र जडेजा की एक हरकत के कारण भी मैच में बवाल देखने को मिला। रवींद्र जडेजा ने अपनी ही एक गेंद पर रन लेने की कोशिश कर रहे ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज मार्नस लाबुशेन को पकड़ लिया। रवींद्र जडेजा की इस हरकत को देखकर कप्तान स्टीव स्मिथ बेहद निराश नजर आये। पारी के 21वें ओवर में रवींद्र जडेजा की गेंद पर यह घटना देखने को मिली। रवींद्र जडेजा को मैदानी अंपायर रिचर्ड इलिंगवर्थ के साथ चर्चा करते देखा गया।

### हेड के कैच के बाद शुभमन को अंपायर ने समझाया

चैंपियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल मैच में शुभमन गिल ने लॉन्ग-ऑफ पर ट्रेविस हेड का कैच पकड़कर भारत को महत्वपूर्ण सफलता दिलाई। हालांकि, इस कैच के बाद अंपायर रिचर्ड इलिंगवर्थ ने गिल से गेंद छोड़ने के तुरंत बाद उनकी पकड़ को लेकर बातचीत की और चेतावनी दी। एमसीसी के नियम 33.3 के अनुसार, जब गेंद पहली बार फील्डर के संपर्क में आती है, तब कैच शुरू होता है। इसके बाद कैच तभी माना जाता है जब फील्डर गेंद और अपनी मूवमेंट पर पूरा कंट्रोल बनाए रखता है। हालांकि, इस कंट्रोल को बनाए रखने के बारे में ऐसी कोई आधिकारिक समय-सीमा निर्धारित नहीं है।

### गिल ने कैच पकड़कर तुरंत गेंद छोड़ी

दरअसल गिल ने कैच पकड़ने के बाद गेंद को तुरंत छोड़ दिया। इस पर अंपायर ने गिल से बात की और उन्हें चेतावनी दी कि उन्होंने गेंद को जल्दी छोड़ दिया था। गिल ने अंपायर की बात पर सिर हिलाया। हालांकि, कई लोगों का मानना है कि लीगल कैच के लिए गेंद पर दो से तीन सेकंड तक कंट्रोल बनाए रखना चाहिए। गिल का कैच भारत के लिए एक अहम मोड़ साबित हुआ, जिससे टीम को शुरुआती बढ़त मिली।

## खबर संक्षेप



### रोनाल्डो के बिना अल-नासेर ने एस्तेघलाल से ड्रॉ खेला

**तेहरान।** दिग्गज खिलाड़ी क्रिस्टियानो रोनाल्ड की गैरमौजूदगी में सऊदी अरब के अल-नासेर ने एएफसी चैंपियंस लीग फुटबॉल मैच में ईरान के एस्तेघलाल के साथ पहले चरण के मैच को गोलरहित ड्रॉ खेला। चालीस साल के रोनाल्डो ने मैनचेस्टर यूनाइटेड और रीयाल मैड्रिड के साथ पांच बार यूएफा चैंपियंस लीग खिताब जीते हैं। इस साल जनवरी में एस्टन विला से अनुबंधित किए गए जॉन डुरान सोमवार को खेले गये मैच में गोल करने के करीब पहुंच कर चूक गये। लीवरपूल के पूर्व स्टार सादियो माने के पास मौके थे लेकिन एस्तेघलल के गोलकीपर सईद होसैन होसैनी ने शानदार खेल से उनके सभी प्रयासों को विफल कर दिया। दोनों टीमों के बीच दूसरे चरण का मैच 11 मार्च को रियाद में होगा, जिसे जीतने वाली टीम क्वार्टर फाइनल में पहुंचेगी। एक अन्य मैच में संयुक्त अरब अमीरात के अल वस्ल को कतर के अल-साद ने गोलरहित बराबरी पर रोका।

### पाकिस्तान के मुख्य कोच बने रहेंगे आकिब जावेद



**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने पूर्व तेज गेंदबाज और राष्ट्रीय चयनकर्ता आकिब जावेद को न्यूजीलैंड के सीमित ओवरों के दौरे तक अंतरिम मुख्य कोच बने रहने के लिये कहा है। पीसीबी के एक अधिकारी ने कहा कि चैम्पियंस ट्रॉफी और न्यूजीलैंड दौरे के बीच समय कम होने के कारण आकिब मुख्य कोच बने रहेंगे। उन्होंने कहा पीसीबी ने इस बीच नये मुख्य कोच को तलाशने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। पिछले साल पीसीबी ने जैसन गिलेस्पी को टेस्ट और गैरी कर्स्टन को सीमित ओवरों के प्रारूप का कोच बनाया था लेकिन दोनों ने बोर्ड के साथ मसलों का हवाला देकर छह से आठ महीने के भीतर इस्तीफा दे दिया। इसके बाद आकिब को सफेद गेंद की टीम का अंतरिम मुख्य कोच बनाया गया।

### ताइकेमा भारतीय महिला ड्रैग फ्लिकर के साथ काम करेंगे

**नई दिल्ली।** भारत ने 2028 लॉस एंजिल्स ओलंपिक तक अल्पकालिक आधार पर राष्ट्रीय महिला हॉकी टीम के ड्रैग फ्लिकर के साथ काम करने के लिए नीदरलैंड के दिग्गज ताइके ताइकेमा से करार किया है। ताइकेमा ने पिछले महीने भुवनेश्वर में भारत के एफआईएच प्रो लीग अभियान से पहले 10 से 16 फरवरी तक सात दिवसीय शिविर में भारतीय खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दिया था। भारत ने प्रो लीग के घरेलू चरण में इंग्लैंड, जर्मनी, नीदरलैंड और स्पेन के खिलाफ मुकाबला किया था।




चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का दूसरा सेमीफाइनल मैच आज

# खिताबी जंग में पहुंचने द.अफ्रीका और न्यूजीलैंड के बीच महामुकाबला आज

लाहौर के गद्दाफी अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में, दोपहर 2:30 बजे से

एजेंसी ▶▶| दुबई

चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का दूसरा सेमीफाइनल मैच दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम और न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के बीच आज 5 मार्च बुधवार को खेला जाएगा। कीवी टीम ने अपने ग्रुप चरण के 2 मैच जीतते हुए नॉकआउट में प्रवेश किया। अब मिचेल सेंटनर की कप्तानी में न्यूजीलैंड टीम ये महामुकाबला जीतने की कोशिश करेगी। हालांकि, उनके सामने दक्षिण अफ्रीका की चुनौती आसान नहीं रहने वाली है। दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड के बीच होने वाला मैच आज लाहौर के गद्दाफी अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में खेला जाएगा। यह मैच भारतीय समयानुसार दोपहर 2:30 बजे से शुरू होगा।

### न्यूजीलैंड के खिलाफ दक्षिण अफ्रीका का पलड़ा रहा है भारी

दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड के बीच पहला वनडे मुकाबला साल 1992 में खेला गया था। अब तक दोनों के बीच 73 मुकाबले खेले गए हैं। 42 मैच में दक्षिण अफ्रीका को जीत मिली है और 26 मैच न्यूजीलैंड ने अपने नाम किए हैं। 5 मैच में कोई नतीजा नहीं निकल पाया है। पाकिस्तान के गद्दाफी स्टेडियम में दोनों टीमों के बीच 1 वनडे मुकाबला खेला गया है। इस मैच को कीवी टीम ने अपने नाम किया था।




### इस संयोजन के साथ नजर आ सकती है दक्षिण अफ्रीका

दक्षिण अफ्रीका की गेंदबाजी टूर्नामेंट में कमाल की रही है। टीम के तेज गेंदबाजों ने विपक्षी बल्लेबाजों को काफी परेशानी में डाला है। ऐसे में एक बार फिर दक्षिण अफ्रीका उसी ताकत के साथ मैदान पर उतरेगी। हेनरिक क्लासेन, एडेन मार्करम और डेविड मिलर जैसे बल्लेबाज कभी भी मैच को पलट सकते हैं।

### इन खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर होंगी नजरें

यंग ने पिछले 10 मुकाबलों में 39.88 की औसत से 319 रन बनाए हैं। विलियमसन के बल्ले से पिछले 6 मैच में 62.4 की औसत से 312 रन निकले हैं। क्लासेन ने पिछले 5 मैच में 83 की औसत के साथ 415 रन बनाए हैं। हेनरी ने पिछले 8 मैच में 22 विकेट झटके हैं। ओ'रूर्के के नाम पिछले 9 मैच में 15 विकेट है। यान्सन ने पिछले 5 मैच में 10 विकेट लिए हैं।

### संभावित न्यूजीलैंड की टीम

भारत के खिलाफ मुकाबले को छोड़ दें तो न्यूजीलैंड ने बल्लेबाजी, गेंदबाजी और फील्डिंग तीनों क्षेत्र में इस टूर्नामेंट के दौरान कमाल किया है। ऐसे में भारत के खिलाफ मिली हार को भूलाकर कीवी टीम आगे बढ़ना चाहेगी। केन विलियमसन की फॉर्म में वापसी के कारण टीम का आत्मविश्वास और बढ़ा होगा।

प्राग मास्टर्स

# ग्रैंडमास्टर प्रज्ञानानंदा के सामने शैंकलैंड की चुनौती



एजेंसी ▶▶| प्राग

भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा एक दिन के विश्राम बाद प्राग मास्टर्स के छठे दौर में बुधवार को अमेरिका के सैम शैंकलैंड से भिड़ेंगे। प्रज्ञानानंदा हाल ही फिडे की रैंकिंग में अपना सर्वश्रेष्ठ आठवां स्थान हासिल करने के बाद बढ़े हुए हौसले के साथ इस मुकाबले में उतरेंगे।

वह हमवतन अरविंद चिदंबरम के साथ प्राग मास्टर्स की तालिका में शीर्ष स्थान पर है। दोनों खिलाड़ियों ने पांचवें दौर में एक-दूसरे का सामना किया था और यह मुकाबला बराबरी पर छूटा था। दोनों के नाम संभावित पांच में 3.5-3.5 अंक हैं। चिदंबरम के सामने वियतनाम के अनुभवी क्वांग लीम की चुनौती होगी।

### चार खिलाड़ी संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर

इन दोनों भारतीयों के बाद चार खिलाड़ी 2.5 अंक के साथ तालिका में संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर है। इसमें अनीश गिरी और क्वांग लीम ने अपने सभी मैच ड्रॉ खेले है। दस खिलाड़ियों के राउंड रॉबिन टूर्नामेंट के अभी चार दौर बाकी हैं। अरविंद अब तक टूर्नामेंट सबसे प्रभावित करने वाले खिलाड़ी रहे हैं। ज्यादातर लोगों को इस पूर्व राष्ट्रीय चैम्पियन से टूर्नामेंट के मध्य में शीर्ष पर रहने की उम्मीद नहीं थी।

### प्रज्ञानानंदा के सामने अब एक और चुनौती

प्रज्ञानानंदा ने अब तक कीमर और गुयेन थाई दाई वान के खिलाफ शानदार प्रदर्शन कर दो जीत दर्ज किये हैं। शाकलैंड के बाद उनके सामने क्वांग लीम और वेई यी और आखिरी दौर में गिरी की चुनौती होगी।

**चिदंबरम को डेविड व गुरेल भिड़ना होगा :** चिदंबरम को सातवें दौर में गिरी जबकि आखिरी दो दौरे में चेक गणराज्य के डेविड नवारा और तुर्किये के गुरेल एडिज से भिड़ना होगा। चैलेंजर्स वर्ग में एकमात्र भारतीय दिव्या देशमुख के नाम 1.5 अंक हैं। वह आखिरी चार दौर में कुछ महत्वपूर्ण रेटिंग अंक हासिल करने की कोशिश करेंगी।

## टी-20 सीरीज 16 से और वनडे सीरीज 29 मार्च से


# पाकिस्तान ने न्यूजीलैंड दौरे की कमान सौंपी सलमान को, बाबर-रिजवान बाहर

एजेंसी ▶▶| लाहौर

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने न्यूजीलैंड के खिलाफ 16 मार्च से शुरू हो रही वनडे और टी-20 सीरीज के लिए अपनी टीम का ऐलान कर दिया है। टी-20 में आघा सलमान को नया कप्तान चुना गया है। इस टीम में बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान नहीं हैं। वनडे टीम में रिजवान की कप्तानी में दल को ऐलान किया गया है। शाहीन अफरीदी वनडे का हिस्सा नहीं हैं।

### ऐसी है पाकिस्तान की टीम

ऐसी है पाकिस्तान की टी-20 टीमः हसन नवाज, ओमैर यूसुफ, मोहम्मद हारिस, अब्दुल समद, आघा सलमान (कप्तान), इरफान नियाजी, खुशदिल शाह, शादाब खान, अब्बास अफरीदी, जहांदाद खान, मोहम्मद अली, शाहीन अफरीदी, हारिस रऊफ, सुफियान मुकीम, अबरार अहमद और उस्मान खान। ऐसी है पाकिस्तान की वनडे टीमः मोहम्मद रिजवान (कप्तान), आघा सलमान, अब्दुल्ला शफीक, अबरार अहमद, आकिफ जावेद, बाबर आजम, फहीम अशरफ, इमाम उल हक, खुशदिल शाह, मोहम्मद अली, मोहम्मद वसीम जूनियर, इरफान नियाजी, नसीम शाह, सुफियान मुकीम और तय्यब ताहिर।




### टी-20 में पाक के लिए सलमान के आंकड़े नहीं

*पाकिस्तान के नए कप्तान सलमान ने अब तक सिर्फ 6 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेले हैं। इसकी 5 पारियों में 10 की औसत से सिर्फ 50 रन बनाए हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 32 रन रहा है। गेंदबाजी में उनके नाम 2 विकेट है। टी-20 क्रिकेट की बात करें तो इस खिलाड़ी ने अब तक 82 मुकाबले खेले हैं और 116.13 की स्ट्राइक रेट और 18.95 की औसत के साथ 1,137 रन बनाए हैं। उनके नाम 40 विकेट भी है। पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच पहला टी-20 मुकाबला हेगले ओवल में 16 मार्च को खेला जाएगा। दूसरा टी-20 मुकाबला 18 मार्च को यूनिवर्सिटी ओवल डुनेडिन में होगा। तीसरा टी-20 मुकाबला 21 मार्च को इडेन पार्क और चौथा मैच बे ओवल में 23 मार्च को खेला जाएगा।*

# भारत दूसरी एशियाई योगासन चैंपियनशिप की मेजबानी करेगा

**नई दिल्ली।** भारत दूसरी एशियाई योगासन चैंपियनशिप की मेजबानी 29 से 31 मार्च तक यहां इंदिरा गांधी स्टेडियम में करेगा जिसमें कुल 16 देश भाग लेंगे। खेल मंत्रालय और योगासन भारत के सहयोग से आयोजित की जा रही इस चैंपियनशिप का उद्देश्य योगासन की समृद्ध विरासत और सांस्कृतिक महत्व को अपनाते हुए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इसका प्रदर्शन करना है। एशियाई ओलंपिक परिषद, विश्व योगासन, एशियाई योगासन और योगासन इंद्रप्रस्थ द्वारा समर्थित यह कार्यक्रम योगासन को ओलंपिक में शामिल करने की दिशा में खाका तैयार करने में मदद करेगा।

**आयोजन प्राचीन ज्ञान का उत्सव है : मनसुख मांडविया**

खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने यहां जारी विज्ञप्ति में कहा, '' योग की जन्मभूमि भारत को दूसरी एशियाई योगासन चैंपियनशिप की मेजबानी करने का गौरव प्राप्त है। यह आयोजन सिर्फ एक प्रतियोगिता नहीं है। यह हमारे प्राचीन ज्ञान का उत्सव है जो आधुनिक प्रतिस्पर्धी खेल के रूप में विकसित हो रहा है। उन्होंने कहा, '' हम योगासन को वैश्विक खेल बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। यह चैंपियनशिप उस लक्ष्य की ओर एक महत्वपूर्ण कदम है।


**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

**क्रमांक संख्या (1) निविदा संख्या :- एस.ई.सी. आर. - मुख्यालय - इंजी. - बी. एल. - 24-25-45**

**कार्य का नामः** नागपुर मंडल में वरिष्ठ अनुभाग अभियंता (पुल) / नैनपुर के अधिकार क्षेत्र में विभिन्न स्टील गर्डर पुलों में साईड पाथवे का प्रावधान । **अनुमानित लागतः** रू. 1,27,68,545.26 **प्रतिभूति राशि :** रू. 2,13,900/- **बोली प्रकिया की प्रारंभ तिथि :** 12/03/2025 **निविदा की अंतिम तिथि समय :** दिनांक 26/03/2025 को 16:30 बजे

उपरोक्त कार्य की आवश्यक एवं पुर्ण जानकारी उप मुख्य अभियंता पुल / मुख्यालय कार्यालय या www.ireps.gov.in वेबसाईट से प्राप्त किया जा सकता है।

उप मुख्य अभियंता पुल/मुख्यालय
सीपीआर/10/AM/537 द.पू.म.रे., बिलासपुर
South East Central Railway @secrail

**MUNICIPAL CORPORATION BHILAI**
**E-Procurement Tender Notice**
**Main Portal https://eproc.cgstate.gov.in**

J.P./N.P.N./464/351 Bhilai/Dated : 04/03/2025

Online tender are invited on behalf of the Municipal Corporation, Bhilai for the following work in Form "F" for Contract from the contractors registered in unified registration (Single window) in force on Go CG e-Procurement System portal (https://eproc.cgstate.gov.in)

| Sr. No. | Tender No. | Name of work | Probable amount of contract (in lacs) | Earnest Money (in lacs) | Completion Period | निविदा जारी दिनांक | निविदा डाऊनलोड की अंतिम दिनांक | Call | Form |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | |
| 1 | 165445 | Construction Testing, Commissioning of all the Components of Bhilai Sewage Master Plan including Fifteen Years Operation & Maintenance of Entire System | 20780.13 lacs | 103.91 lacs | 27 month | 04/03/2025 | 17/03/2025 | Third Call | Form F |

NOTE :- 1. For other details visit Gov. e-Procurement System portal website https://eproc.cgstate.gov.in 2. Corrigendum Amendment if any, will be displayed on above website https://eproc.cgstate.gov.in/ only and it shall be part of tender document 3. For more details please download NIT details.

Executive Engineer

**कार्यालय कृषि यंत्री कृषि अभियांत्रिकी संभाग भोपाल**
ग्राम बडबाई नई जेल रोड भोपाल पिन कोड - 462038
( Tel. – 0755-2736200 email - aebhopalmp@gmail.com)

क्रमांक/तक./2024-25/03 **निविदा विज्ञप्ति (संसोधित आमंत्रण)** भोपाल, दिनांक 03/03/25

**(मेस संचालन के लिये केटरिंग संस्था का चयन हेतु पंजीकृत संस्थाओं से निविदा आमंत्रित करने बाबत् )**

संभागीय कार्यालय कृषि यंत्री के केन्द्र का नाम – भोपाल स्थित कौशल विकास प्रशिक्षण मेस संचालन के लिये केटरिंग संस्था का चयन हेतु एक वर्ष 2025-2026 की अवधि के लिये निविदा आमंत्रित की जाती है। कार्य तथा संस्थाओं की पात्रता का पूर्ण विवरण ई. ओ. आई. प्रपत्र कार्यालय से प्राप्त कर सकते है ।

| निविदा क्रमांक | विवरण | निविदा प्रपत्र जारी/क्रय करने की प्रारंभ तिथि | निविदा प्रपत्र का मूल्य रुपए | धरोहर राशि रुपए | निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 03 /2025 | संभागीय कार्यालय कृषि यंत्री के केन्द्र का नाम भोपाल स्थित कौशल विकास प्रशिक्षण अंतर्गत मेस संचालन के लिये केटरिंग एजेन्सी के चयन हेतु निविदा आमंत्रण | 28/02/2025 | 2000/- | 200000/- | 20/03/2025 |

1) इच्छुक व्यक्ति निविदा प्रपत्र तथा निविदा की शर्तों की प्रति संभागीय कार्यालय कृषि यंत्री भोपाल दिनांक 28.02.2025 से निर्धारित मूल्य का भुगतान कर प्राप्त कर सकते है ।
2) निविदा का अनुमानित मूल्य राशि रुपएं 35 लाख (राशि रुपए पेतीस लाख मात्र) वार्षिक है ।
3) निविदा प्रपत्र डाक द्वारा दिनांक 13.03.2025 तक क्रय किया जा सकेगा ।

कृषि यंत्री
कृषि अभियांत्रिकी संभाग भोपाल

G-23774/24 दुर्घटना से दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।

**कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर**

**निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनाक | कार्य का नाम | लागत राशि एवं समयावधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई. एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | Tender ID 2025_UAD_405743_1 PRO- 619 Date 04/03/25 | संभाग क्र. 01 गढ़ा त्रिपुरी वार्ड अंतर्गत रेवा कालोनी में परी किराना से गुमास्ता जी के घर तक सड़क निर्माण कार्य। (पार्षद अनुशंसा) | 4.89 लाख दो माह | 2000/- 4890/- | 19/03/2025 |

नोट – निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाईड https://mptenders.gov.in पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा ।

कार्यपालन यंत्री
नगर पालिक निगम जबलपुर

**कार्यालय वनसंरक्षक, सामाजिक वानिकी वृत्त, जबलपुर (म.प्र.)**
Phone- 0761-2668554, E-mail: ccfre.jbp@mp.gov.in

क्र./स्टोर/2025/114 **// ई - निविदा सूचना //** जबलपुर, दिनांक/03/03/25

1 निविदा प्रपत्र म.प्र. शासन की वेबसाईट https://mptenders.gov.in से डाउनलोड करें।
2 यह निविदा सामाजिक वानिकी वृत्त, जबलपुर के अंतर्गत आने वाले जिलों की रोपणियों (शहरी / परियट / दरौली रोपणी जिला जबलपुर, सरसवाही रोपणी जिला-कटनी, कटरा रोपणी जिला मंडला, अमेरा रोपणी जिला - डिंडौरी) में कार्यो के सम्पादन में उपयोग होनी वाली सामग्री (मोटर एंड पंप सामग्री, ग्रीन नेट हाउस सामग्री, सेनेटरी एंड हार्डवेयर सामग्री, सिंचाई सामग्री आदि) के क्रय हेतु समस्त सामग्री सामाजिक वानिकी वृत्त, जबलपुर में प्रदाय हेतु आमंत्रित की जा रही है ।
3 सामग्री क्रय हेतु निविदा को निर्धारित प्रारूप में वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर ऑन-लाईन -पद्धति से प्रस्तुत किया जाना है।
4 निविदा प्रपत्र का मूल्य राशि रुपए 500/- है, निविदाऐं ऑनलाईन ही क्रय की जा सकेंगी एवं ऑनलाईन ही प्रस्तुत करने पर मान्य होगी ।
5 निविदा ऑनलाईन प्रस्तुत करने तथा खोलने का विवरण निम्नानुसार हैं :-

| विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|
| Tender Publishing Date and Time | 03-03-2025 03.00 PM | निविदा ऑनलाईन प्रस्तुत करने तथा खोलने का समय वेबसाईट https://mptenders.gov.in तथा www.mpforest.gov.in पर दर्शित है |
| Document Download Tender Sale Start Date and Time | 03-03-2025 05.00 PM | |
| Bid Submission Start Date and Time | 04-03-2025 12.00 PM | |
| Bid Submission Close Date and Time | 10-03-2025 02.00 PM | |
| Bid Technical Openning Date and Time | 11-03-2025 03.00 PM | |
| Bid Financial Openning Date and Time | 12-03-2025 03.00 PM | |

G-23758/24 दुर्घटना से दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।

वनमंडल अधिकारी
सामाजिक वानिकी वृत्त, जबलपुर

### शादी का झांसा देकर रेप के मामले में आरोपी को सशर्त अग्रिम जमानत

# जमानत मांगने आए आरोपी से हाईकोर्ट ने कहा, सोशल मीडिया का पासवर्ड बताओ

हरिभूमि जबलपुर।

गिरफ्तारी से बचने के लिए अग्रिम जमानत मांगने हाईकोर्ट पहुंचे आरोपी को शर्त के साथ राहत मिल गई है। हाईकोर्ट ने आदेश में कहा कि अपीलकर्ता सोशल मीडिया के अपने अकाउंट का पासवर्ड बताए और जांच अधिकारी द्वारा मांगे जाने पर बॉडी फ्लूड, ब्लड सैंपल उपलब्ध कराए। अग्रिम जमानत आवेदन पर सुनवाई करते हुए जस्टिस देवनारायण मिश्रा की एकलपीठ ने स्पष्ट किया है कि शर्त का उल्लंघन करने पर राहत स्वमेव ही निरस्त हो जाएगी।

याचिकाकर्ता मुरली मनोहर सोनी पर एक युवती से शादी से झांसा देकर रेप करने और मारपीट व धमकी के आरोप में एफआइआर दर्ज की गई थी। गिरफ्तारी से राहत के लिए उसने हाईकोर्ट की शरण ली। उसकी ओर से दलील दी गई कि अनावेदिका से सहमति से संबंध बने थे, झगड़ा होने पर उसकी ओर से आरोप लगाते हुए प्रकरण दर्ज कराया गया। वहीं, आपत्तिकर्ता वकील की ओर से दलील दी गई कि आवेदक ने पीड़िता को धमकाया और मारपीट कर संबंध बनाए थे। पिटाई से उसे चोटें भी आईं थीं। कोर्ट ने रेकॉर्ड और मामले की परिस्थितियों को देखते हुए पाया कि आवेदक को हिरासत में लेने की आवश्यकता नहीं है। लेकिन उसे जांच एजेंसी के साथ सहयोगात्मक रवैया अपनाना होगा। लिहाजा कोर्ट ने सशर्त अग्रिम जमानत देने का आदेश पारित किया।

इन शर्तों का करना होगा पालन

- आरोपी (मुरली मनोहर सोनी) को जांच एजेंसी के साथ सहयोग करने, लैपटॉप और मोबाइल जैसे सभी इलेक्ट्रॉनिक गैजेट जमा करने और फेसबुक, इंस्टाग्राम, व्हाट्सएप आदि जैसे सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के लिए अपने पासवर्ड का खुलासा करने का निर्देश दिया। पीठ ने उसे पुलिस अधिकारियों द्वारा मांगे जाने पर बॉडी फ्लूड और ब्लड सैंपल देने का भी निर्देश दिया।

आपराधिक प्रकरण दर्ज होने पर जमानत निरस्त करना उचित

## आपराधिक प्रकरण दर्ज होने पर जमानत निरस्त करना उचित

### हाईकोर्ट ने अधीनस्थ कोर्ट के आदेश को सही ठहराया

जबलपुर। मप्र हाईकोर्ट ने अधीनस्थ न्यायालय के उस निर्णय को सही करार दिया है, जिसमें पूर्व में मिली जमानत के बाद दर्ज आपराधिक प्रकरण को मद्देनजर जमानत निरस्त की गई थी। जस्टिस संजय द्विवेदी की सिंगल बेच ने कहा कि आवेदक के विरुद्ध जमानत मिलने के उपरांत दो अपराधिक प्रकरण दर्ज हुए है, जो जमानत शर्तों का उल्लंघन है। एकलपीठ ने याचिका को निरस्त करते हुए कहा कि जिला न्यायालय ने अपने आदेश में को कोई गलती नहीं की है। रीवा निवासी ग्राम टिकुरी के सरपंच महेश साकेत की ओर से दायर अर्जी में कहा गया था कि वह सरपंच है। जिसके कारण कई लोग उससे राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता रखते है। उसके खिलाफ झूठे अपराधिक प्रकरण दर्ज कराये गए है। पूर्व में दर्ज एक आपराधिक प्रकरण में मिली जमानत को निरस्त कराने के लिए ऐसा किया गया है। अनावेदक महेंद्र सिंह का पूर्व में दर्ज आपराधिक प्रकरण से कोई संबंध नहीं था। जमानत मिलने के बाद उसने साजिश के तहत उसके खिलाफ पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज कराया। एसएचओ विकास कपीस ने उसके खिलाफ हत्या के प्रयास का प्रकरण दर्ज कराया है। एसएचओ ने उसे सरपंच पद से हटाने के लिए संबंधित अधिकारियों को भी लिखा था। इसके बाद अनावेदक ने पूर्व में दर्ज अपराधिक प्रकरण में मिली जमानत को निरस्त करने के लिए आवेदन दिया था। जिला न्यायालय ने जमानत निरस्त कर दी।

महिला अधिकारी नहीं होने के कारण एफआईआर कराने में लगे 5 घंटे

# घर से अपहरण कर नाबालिग का रेप

हरिभूमि जबलपुर।



जिले के पाटन थाना अतंर्गत एक नाबालिग लड़की का अपहरण करने के बाद बदमाश ने खेत में ले जाकर रेप किया और भाग गया। घटना के बाद पीड़ित नाबालिग के परिजन पाटन थाने एफआईआर दर्ज कराने पहुंचे जहां महिला अधिकारी नहीं होने के कारण पांच घंटे तक एफआईआर के लिए इंतजार करना पड़ा इसके बाद बेलखेड़ा थाना क्षेत्र से महिला अधिकारी आई और एफआईआर दर्ज की गई। इसके बाद नाबालिग को डॉक्टर परीक्षण के लिए पाटन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, वहां पर भी महिला डॉक्टर उपलब्ध नहीं होने से पीड़िता को एल्गिन अस्पताल रेफर किया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पाटन के गांव निवासी कक्षा 9वीं में अध्ययनरत नाबालिग अपने माता पिता के साथ रहती है। वहीं उसका बड़ा भाई पड़ोस में निवास करता है। बीती रात परिजन घर का दरवाजा लगाना भूल गए। देर रात गोलू नामक बदमाश घर के अंदर आया, उसे पहले तो लगा कि भाई आए होगें। नाबालिग बाहर आई तो बदमाश ने उसका मुंह दबाया और धमकी देते हुए खेत ले गया। यहां पर मारपीट करते हुए रेप किया और खेत में छोड़कर भाग निकला। देर रात परिजनों की नींद खुली तो पाया कि नाबालिग अपने बिस्तर पर नहीं है। उन्होने अपने स्तर पर रात में ही तलाश शुरु कर दी। इसके बाद किशोरी की मां फिर कमरे में पहुंची तो पाया कि नाबालिग का मोबाइल फोन भी नही है, फोन किया तो बेटी ने रोते हुए बताया कि वह घर के पीछे खेत में पड़ी है। इतना सुनते ही परिजन दौड़कर खेत में पहुंचे, जहां पर बेटी बेसुध हालत में पड़ी थी, जिसके पैरों में कांटे चुभे हुए थे। दूसरे दिन नाबालिग को लेकर परिजन सीधे थाना पाटन पहुंचे जहां पर महिला अधिकारी न होने के कारण पांच घंटे तक थाना में ही परिजन नाबालिग को लेकर बैठे रहे। इस बात की जानकारी जब वरिष्ठ अधिकारियों को लगी तो तत्काल ही बेलखेड़ा थाना से महिला सब इंस्पेक्टर पहुंची और किशोरी के बयान लेकर एफआईआर दर्ज की। पुलिस ने आरोपी गोलू चढ़ार को गिरफ्तार कर लिया। इधर पीड़िता तो पाटन स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया गया, जहां पर डाक्टर के न होने पर रानी दुर्गावती एल्गिन अस्पताल रेफर किया। जहां पर नाबालिगा की मेडिकल जांच की गई।

विजयनगर संभाग में विवाद के मामले में झूठी एफआईआर रद्द करने प्रदर्शन

# पुलिस अपने वादे से मुकरी विद्युत इंजीनियर बिफरे

हरिभूमि जबलपुर।

पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के शहर संभाग विजयनगर कार्यालय में गत 19 जून 2024 को कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा गालीगलौज करते हुए कार्यालय में तोड़फोड़ की गई, इसका वीडियो भी वायरल हुआ था। 19 जून को विद्युत कर्मियों द्वारा कोतवाली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। इस मामलें में दूसरे पक्ष द्वारा काउंटर एफआईआर का तर्कों के साथ विरोध किया था और एसपी को एक ज्ञापन सौंपा गया था। जिसमें आश्वासन दिया गया था कि मामलें की निष्पक्ष जांच के बाद एफआईआर को निरस्त किया जाएगा। लेकिन पुलिस ने ऐसा नहीं किया, पता चला है कि पुलिस पूरे मामलें की जांच के बाद न्यायालय में चालान पेश करने की तैयारी कर रही है। पुलिस के इस रवैये के विरोध में विद्युत इंजीनियरर्स ने एसपी को एक ज्ञापन सौंपा है। इस झूठी एफआईआर को निरस्त करने की मांग की है, साथ ही न्यायपूर्ण कार्रवाई नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। हड़ताल से यदि विद्युत व्यवस्था प्रभावित होती है, तो इसकी समस्त जवाबदेही पुलिस प्रशासन एवं जिला प्रशासन की होगी। ज्ञापन में कहा गया है कि दर्ज काउंटर एफ.आई.आर. समस्त सात शासकीय अधिकारियों पर कार्यालय पर घटित प्रकरण को वापस लेने का दबाव बनाने हेतु की गई है, जबकि किसी भी अधिकारी द्वारा किसी से न ही किसी प्रकार की बदतमीजी की गई थी, न ही कोई जातिसूचक शब्दों का उपयोग किया गया था।



एट्रोसिटी एक्ट में सात शासकीय अधिकारियों के नाम दर्ज है जिनमें से दो अधिकारी बी.एस.मरावी एवं मनीष डोंगरे स्वयं अनुसूचित जाति/जनजाति समुदाय से आते है।

ज्ञापन सौंपते समय इंजी. विकास शुक्ला, इंजी. हितेश तिवारी, अजय मिश्रा, अशोक जैन, निपेन्द्र सिंह, इंजी. मनोज वैध, इंजी.राकेश पाठक, इंजी.एस.के.पचैरी, इंजी. हरिसिंह मरावी, इंजी.राजकुमार नायक, इंजी.दिनेश दुबे, इंजी.राजू परिहार, इंजी.हरेन्द्र श्रीवास्तव, इंजी.डी.डी. रामटैके, इंजी.अजय कश्यप, इंजी.दिलीप पाठक सहित, म.प्र.विद्युत मंडल पत्रोपाधि अभियंता संघ, म.प्र. विद्युत मंडल .अभियंता संघ, पावर इंजीनियर्स एवं एम्प्लाईज एसोसिऐशन, यूनाइटेड फोरम फॉर पावर एंप्लाईज एवं इंजीनियर्स प्रांतीय महासचिव म.प्र.विद्युत मंडल आरक्षित वर्ग, अधिकारी एवं कर्मचारी संघ, म.प्र.वि.वि.मं. तकनीकी कर्मचारी संघ, पूर्व क्षेत्र बिजली कर्मचारी महासंघ, प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष विद्युत विभाग के सभी संगठनों के प्रतिनिधि और पदाधिकारी उपस्थित थे।

### होमगार्ड के काल ऑफ पर हाईकोर्ट ने लगाई रोक

जबलपुर। मप्र हाईकोर्ट ने याचिकाकर्ता होमगार्ड सैनिकों को सेवा में बने रहने के निर्देश दिए। जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की कोर्ट ने उन्हें दो माह का काल आफ देने पर अंतरिम रोक लगा दी। डिवीजन बेंच ने होमगार्ड के डायरेक्टर जनरल, एडीशनल कमांडेंट होमगार्ड और छिंदवाड़ा व सीहोर के जिला कमांडेंट को नोटिस जारी कर जवाब मांगा। याचिकाकर्ता छिंदवाड़ा निवासी सहशलाल सरेयाम और ओंकार सरेयाम की ओर से अधिवक्ता विहाग दुबे ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि याचिकाकर्ताओं को दो माह का काल आफ दिया गया है। शासन ने संशोधन के जरिए एक साल में दो माह के काल आफ को बदलकर तीन वर्ष में दो माह का काल आफ कर दिया है। वर्ष 2010 में होमगार्ड सैनिकों द्वारा हाई कोर्ट में याचिका दायर कर नियमितीकरण, आरक्षकों के समान वेतन, पूरे वर्ष कार्य प्रदान करने एवं अन्य लाभ देने की प्रार्थना की गई थी। वर्ष 2011 में हाई कोर्ट द्वारा आंशिक रूप से स्वीकार कर मध्य प्रदेश शासन को आदेशित किया था कि वे होमगार्ड की सेवा नियम बनाये एवं उन्हें पूरे वर्ष कार्य पर रखा जाए। इसका पालन नहीं होने पर अवमानना याचिका दायर हुई थी।

जबलपुर से सिहोरा रोड, कटनी, मैहर एवं सतना स्टेशनों से होकर जाएगी

## होली पर जबलपुर-दानापुर के बीच चलेगी स्पेशल ट्रेन

हरिभूमि जबलपुर।

रेल प्रशासन द्वारा त्यौहारों में यात्रियों को बेहतर सुविधा प्रदान करने स्पेशल ट्रेन चलाई जाती हैं इसी कड़ी में जबलपुर-दानापुर-जबलपुर के मध्य एक-एक ट्रिप स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। यह गाड़ी पश्चिम मध्य रेल के जबलपुर से प्रस्थान कर सिहोरा रोड, कटनी, मैहर एवं सतना स्टेशनों से होकर गन्तव्य को जाएगी।

होली स्पेशल ट्रेन गाड़ी संख्या 01705 जबलपुर से दानापुर स्पेशल ट्रेन 11 मार्च 2025 को जबलपुर से रात 19:40 बजे प्रस्थान कर सिहोरा रोड 20:05 बजे, कटनी 20:50 बजे, मैहर 21:40 बजे, सतना 22:15 बजे पहुँचकर अगले दिन मध्य रात्रि प्रयागराज छिवकी 02:10 बजे और सुबह 08:45 बजे दानापुर स्टेशन पहुँचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 01706 दानापुर से जबलपुर स्पेशल ट्रेन 12 मार्च 2025 को दानापुर स्टेशन से सुबह 11:45 बजे प्रस्थान कर प्रयागराज छिवकी सायं 18:35 बजे, सतना 23:50 बजे, और अगले दिन मध्य रात्रि मैहर 00:20 बजे, कटनी 01:25 बजे, सिहोरा रोड 02:50 बजे और भोर में 03:40 बजे जबलपुर स्टेशन पहुँचेगी।



**कोच कम्पोजीशन**- इस गाड़ी में 01 वातानुकूलित प्रथम श्रेणी, 02 वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी, 06 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी, 11 शयनयान श्रेणी, 02 सामान्य श्रेणी एवं 02 एसएलआरडी सहित कुल 24 कोच रहेंगे।

**रेलगाड़ी के हाल्ट**- रास्ते में यह गाड़ी दोनों दिशाओं में सिहोरा रोड, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर एवं आरा स्टेशनों पर रुकेगी।

### आज रामेश्वरम रवाना होगी मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन स्पेशल ट्रेन

जबलपुर। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत रामेश्वरम की यात्रा पर वरिष्ठ नागरिकों को लेकर जाने वाली स्पेशल ट्रेन बुधवार 5 मार्च को दोपहर 3.30 बजे मुख्य रेलवे स्टेशन जबलपुर से रवाना होगी। यह ट्रेन बुधवार 5 मार्च की दोपहर 3 बजे मुख्य रेलवे स्टेशन जबलपुर पहुंचेगी। कलेक्टर कार्यालय की धर्मस्व शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार तीर्थ यात्रा के लिए चयनित वरिष्ठजनों को टिकिट प्राप्त करने के लिए उसी शासकीय कार्यालय में संपर्क करना होगा, जहां उन्होंने आवेदन किया था। तीर्थयात्रा के दौरान वरिष्ठजनों को मूल आधार कार्ड साथ रखना भी आवश्यक होगा।

### एकपक्षीय बर्खास्तगी का आदेश निरस्त

जबलपुर। मप्र हाईकोर्ट ने बिना सुनवाई का अवसर दिए बर्खास्तगी के आदेश को अनुचित बताया है। जस्टिस द्वारिकाधीश बंसल की सिंगल बेंच ने कहा कि जांच में सुनवाई का अवसर आवेदिका को नहीं दिया गया, जो कि प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतो के विपरीत है। कोर्ट ने याचिकाकर्ता के विरुद्ध जारी बर्खास्तगी के आदेश को निरस्त कर दिया है। छिंदवाड़ा निवासी कविता साहू की ओर से याचिका दायर कर कहा गया कि वह सेक्टर खमरा ब्लाक बिछुआ में आशा पर्यवेक्षक के रूप में नियुक्त थी। अनुशासनात्मक कार्यवाही के संबंध में उसे 14 अगस्त, 2024 को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए तीन दिनों में जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश जारी किए गये थे। याचिकाकर्ता की ओर से 15 अगस्त को जवाब पेश किया गया और 17 अगस्त को सीएमएचओ ने उसकी बर्खास्तगी के आदेश जारी कर दिया। याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि नियमानुसार संविदा कर्मचारी व अधिकारी पर लगे गंभीर आरोप पर जांच कार्यवाही आवश्यक है। जांच में कर्मचारियों को अपना पक्ष प्रस्तुत करने का अवसर दिया जाना चाहिए था।

### 10 हजार 778 से अधिक यात्रियों पर कार्रवाई

# गंदगी फैलाने वालों से रेलवे ने 1 लाख वसूला

हरिभूमि जबलपुर।

जबलपुर मण्डल के सभी स्टेशनों पर यात्रियों को स्टेशन परिसर एवं गाड़ियों में स्वच्छ, सुखद एवं पर्यावरण अनुकूल वातावरण मुहैया कराने के प्रति लगातार प्रयासरत है। मंडल रेल प्रबंधक कमल कुमार तलरेजा के मार्गदर्शन एवं सीनियर डीसीएम डॉ. मधुर वर्मा के निर्देशन में जबलपुर मण्डल के रेलवे स्टेशनों एवं रेलगाड़ियों में नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित की जाती है, साथ ही नियमित उद्घोषणा के माध्यम से यात्रियों को भी जागरुक किया जाता है। इसके अंतर्गत वाणिज्य एवं आरपीएफ विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा यात्रियों से स्टेशन परिसर को साफ सुथरा रखने, रेलवे ट्रैक, कोचिंग यार्डों एवं रेल मार्गो पर कूड़ा फेकने, धूम्रपान नहीं करने तथा यहां वहां गंदगी नहीं करने का अनुरोध किया जाता है। बार-बार समझाइश के बावजूद कुछ लोग लापरवाही बरतते हैं, ऐसे लोगों के खिलाफ रेल प्रशासन द्वारा समय-समय पर रेलवे अधिनियम के अंतर्गत जुर्माने की कार्यवाही की जाती है।

भारतीय रेलवे यात्रियों को सफर के दौरान सवर्श्रेष्ठ सेवा देने के क्रम में स्वच्छ वातावरण देने के लिए प्रतिबद्ध है। इस क्रम में रेलगाड़ियों में सफाई व्यवस्था बनाए रखने के लिए कई प्रयास किये जा रहे है। इसी उद्देश्य से क्लीन ट्रेन स्टेशन एवं ऑन बोर्ड हाउसकीपिंग जैसी व्यवस्थाएं भी की गई हैं। इसके अतिरिक्त लम्बी दुरी की गाड़ियों में यात्रा के दौरान पैंट्री कार से सृजित कूड़े के निस्तारण के लिए उसको कलेक्ट करने हेतु विभिन्न स्थानों पर गार्बेज कलेक्शन पॉइंट भी बनाए गए है, ताकि ना केवल रेलगाड़ियों एवं रेल परिसर में सफाई रहे बल्कि रेल पटरियों के किनारे भी सफाई व्यवस्था बनी रहे और हमारी यात्रा पर्यावरणीय रूप से एवं हाईजीन की दृष्टिगत भी उत्कृष्ट बन सके।



चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 के 11 माह में जबलपुर रेल मंडल ने स्टेशन परिसर में गन्दगी फैलाने वालों के विरुद्ध चलाये गए इस अभियान में कुल 10778 मामले पकड़े। जिनसे कुल 20 लाख 5 हजार रूपये का आर्थिक दंड वसूला गया। जिसमें केवल फरवरी माह में स्टेशन परिसर पर गंदगी फैलाने वाले 555 मामले पकड़े गए जिनसे 1 लाख 12 हजार रुपए से अधिक आर्थिक दंड वसूला गया।

### तीन माह के भीतर सेवा में बहाल करने का आदेश

जबलपुर। मप्र हाईकोर्ट ने याचिकाकर्ता कर्मी को बहाल करने के निर्देश दिए। जस्टिस विशाल मिश्रा की सिंगल बेंच ने कहा कि इस मामले में अंतरिम आदेश नहीं था, इसलिए उसे बिना बैकवेज बहाल करें। कोर्ट ने कहा कि याचिकाकर्ता को सुनवाई का अवसर देते हुए तीन माह के भीतर फ्रेश आदेश जारी करें। भोपाल निवासी सुभाष शुक्ला की ओर से अधिवक्ता करण सिंह ठाकुर ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि हाई कोर्ट ने 2004 में एक आदेश में कहा था कि 1988 की एक पालिसी के तहत बहुत से दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों की सेवा समाप्त कर दी गई थी। इसके बाद 2004 में सरकार ने उक्त पालिसी को रिव्यू किया और पूर्व की नीति के तहत हटाए गए कर्मियों को बहाल करने का निर्णय लिया। इसके बाद सैकड़ों कर्मियों को उक्त फैसले के तहत लाभ दिया गया। दलील दी गई कि याचिकाकर्ता के मामले में अंतरिम राहत नहीं थी, लेकिन उसका प्रकरण उक्त आदेश से कवर्ड है।



## सवा लाख के 5 किलो गांजा के साथ तस्कर गिरफ्तार

जबलपुर। क्राईम ब्रांच और संजीवनीनगर पुलिस की टीम ने गत रात गुरहा तालाब के पास बरगद पेड़ के पास गांजा लेकर घूम रहे एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 5 किलो 955 ग्राम गांजा जब्त किया है, जिसकी कीमत लगभग 1 लाख 20 हजार रुपए बताई गई है। संजीवनीनगर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार क्राईम ब्रांच और संजीवनी पुलिस की टीम ने मुखबिर की सूचना पर गुरहा तालाब संजीवनीनगर निवासी 35 वर्षीय सचिन सोनी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 5 किलो 955 ग्राम गांजा जब्त किया है। जिसकी कीमत लगभग 1 लाख 20 हजार रूपये बताई गई है। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध धारा 8, 20 एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए मामला जांच में लिया है।

### सिहोरा के दिनारी खमरिया स्टेडियम में मिली युगल की लाश

# प्रेमी युगल ने जहर खाकर कर ली आत्महत्या

जबलपुर। जिला मुख्यालय से लगभग 45 किलोमीटर में ग्राम दिनारी खमरिया के क्रिकेट स्टेडियम में एक प्रेमी युगल ने सल्फास की गोलियों का सेवन कर आत्महत्या कर लिया। युवक का शव का स्टेडियम के मंच के ऊपर पड़ा था और युवती का शव मंच के नीचे। समीप ही सल्फास की खाली तीन शीशियां पड़ी मिली। घटना की सूचना मिलने पर सिहोरा पुलिस मौके पर पहुंची और शवों का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। मौके पर पहुंची पुलिस ने देखा कि स्टेडियम के मंच पर दोनों शव पड़े है। क्षेत्र में चर्चा सरगर्म रही कि कुछ दिन बाद युवती की शादी होने वाली थी और उसके परिजन लव मैरिज के लिए तैयार नहीं थे इसी से व्यथित होकर प्रेमी युगल ने जहर खाकर जान दे दी।



सिहोरा पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार 21 वर्षीय ग्राम दिनारी निवासी अभिषेक पटेल और गांव की युवती 20 वर्षीय भारती पटेल के शव क्रिकेट स्टेडियम के मंच पर पड़े मिले। ग्राम कोटवार नेकनारायण भूमिया ने पुलिस को इस घटना की सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल शुरु की। प्रथम दृष्टया यह बात सामने आई है कि युवक व युवती के बीच लंबे समय से प्रेम प्रसंग चल रहा था और दोनों एक दूसरे से शादी करना चाहते थे, लेकिन परिजनों ने युवती की शादी कही ओर तय कर दी थी। शायद इसी बात से खफा युवती और उसके प्रेमी ने एक साथ जान देने का फैसला कर लिया। इस घटना की खबर फैलते ही गांव में मातम छा गया, और लोग स्तब्ध रह गए। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए सिहोरा अस्पताल पहुंचाकर मर्ग कायम कर लिया है। पुलिस कहना है कि जांच में जो भी तथ्य सामने आएगें उस आधार पर आगे की कार्यवाही की जाएगी।

## कटंगा में कैंट बोर्ड ने हटाया अतिक्रमण

# बिना अनुमति निर्माण पर चला बुल्डोजर

जबलपुर। कटंगा के समीप लिटिल वर्ल्ड स्कूल के सामने केंट बोर्ड की जमीन पर बिना अनुमति किए जा रहे निर्माण कार्य पर कैंट बोर्ड द्वारा मंगलवार को सख्त कार्रवाई करते हुए बुल्डोजर से बाउंड्री वॉल को ढहा दिया गया। सुबह 11.30 बजे कैंट बोर्ड का अमला लावलश्कर के साथ यहां पहुंचा और बाउंड्री वॉल व अन्य निर्माण पर बुल्डोजर चला दिया। ।

ज्ञातव्य है कि कटंगा लिटिल वर्ल्ड स्कूल के सामने स्थित एक भूखंड में हो रहे निर्माण को लेकर जब कैंट बोर्ड ने संबंधित पक्षों को नोटिस दिया तो विवाद की स्थिति बन गई। कैंट बोर्ड के नोटिस में कहा गया था कि बोर्ड की टीम ने 25 फरवरी को स्थल निरीक्षण के दौरान पाया गया कि सर्वे क्रमांक 59, खुली रक्षा भूमि पर कैंट अधिनियम, 2006 की धारा-261(1) का उल्लंघन करते हुए प्रीकास्ट आरसीसी बाउंड्री वाल का निर्माण कराया जा रहा है।




यहां गौरतलब यह भी है कि 25 फरवरी को उक्त स्थल पर खुद लेफ्टिनेंट जनरल पीएस शेखावत जनरल अफसर कमांडिंग मौके पर पहुंचे थे। कैंट बोर्ड के रिकॉर्ड के मुताबिक कटंगा लिटिल वर्ल्ड स्कूल के सामने स्थित 11 एकड़ भूमि जीएलआर सर्वे क्रमांक 59 (भूमि वर्गीकरण में बी-4 श्रेणी) भारत सरकार के स्वामित्व में आती है। वहीं उक्त भूखंड को एक सोसायटी अपना बता रही हैं।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240